रविवारीय

लखनऊ, रविवार
13 अप्रैल, 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -231 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net
web portal : swatantrabharat.net


माइकल क्लार्क का आरोप सीएसके का रवैया बड़ी हार टालने वाला रहता है





### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $34^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $21^0$ |
| सूर्योदय | - 05:45 |
| सूर्यास्त | - 06:28 |

बादल छाये रहेंगे।

सुप्रीम कोर्ट की अभूतपूर्व टिप्पणी

# विधेयकों पर तीन महीने में निर्णय लें राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने अपनी एक टिप्पणी में सलाह दी है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर राज्यपालों द्वारा भेजे गए लंबित विधेयकों पर फैसला ले लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के पास लंबित 10 विधेयकों को पारित करने का आदेश दिया। ये विधेयक राज्यपाल ने राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने के चलते लंबित किए हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को यह फैसला दिया था और फैसले की कॉपी बीती रात सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुई है।
अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव देते हुए राष्ट्रपति के पास

## संविधान में किसी को भी असीमित वीटो की शक्ति नहीं



विधेयकों को लंबित रखने की समयसीमा भी तय करने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 8 अप्रैल को दिए अपने फैसले में कहा कि हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाए जाने को उचित समझते हैं और ये सलाह देते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ आरक्षित विधेयकों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना जरूरी है। पीठ ने कहा कि इस समयसीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर तेजी से विचार करना चाहिए। पीठ ने अपने फैसले में राज्यपाल द्वारा विधेयक को दूसरे राउंड में भी राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने को अवैध बताया। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को शक्ति देता है कि वे उनके पास मंजूरी के लिए आने वाले विधेयक को लेकर असहमति जता सकते हैं या फिर इसे राष्ट्रपति के विचार करने के लिए भेज सकते हैं। पीठ ने फैसले में कहा कि अनुच्छेद 200 में विधेयक को मंजूरी देने की कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन इसका मतलब ये भी नहीं है कि राज्यपाल विधेयक को लंबे समय तक रोके रखें और राज्य की कानून बनाने वाली व्यवस्था में अवरोधक बन जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने 'तमिलनाडु बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल' मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा है कि राज्यपाल और राष्ट्रपति दोनों को राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर एक निश्चित समय सीमा के भीतर निर्णय लेना अनिवार्य है। अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान में किसी को भी असीमित वीटो की शक्ति नहीं दी गई है और अगर राष्ट्रपति या राज्यपाल जानबूझकर विधेयकों पर निर्णय नहीं लेते हैं तो उनकी निष्क्रियता को न्यायिक जांच के दायरे में लाया जा सकता है।

### केंद्र और राज्य के बीच सहयोग हो

अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों को परामर्श के साथ कार्य करने की सलाह दी है। राज्यों को ऐसे विधेयकों पर, जिनके लिए राष्ट्रपति की सहमति आवश्यक है, केंद्र सरकार से पहले ही चर्चा करनी चाहिए ताकि बाद में टकराव की स्थिति न बने।

# एसोशिएटेड जर्नल्स पर ईडी का बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किए हैं। ईडी ने ये नोटिस कांग्रेस

### संपत्तियों पर कब्जे के लिए जारी किया नोटिस

### दिल्ली-मुंबई और लखनऊ में नोटिस चस्पा

नियंत्रित एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्तियों को लेकर दिया गया है। जिन्हें मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) मामले की जांच में कुर्क किया था।



संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने शुक्रवार को दिल्ली में आईटीओ में मौजूद हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित परिसर और लखनऊ में बिशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल बिल्डिंग में ये नोटिस चिपकाए हैं। नोटिस में परिसर खाली करने या (मुंबई की संपत्ति के मामले में) किराए का हस्तांतरण ईडी को करने की मांग की गई है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा (8) और नियम 5(1) के तहत यह कार्रवाई की है। जो सरकारी एजेंसी को कुर्क की गई और न्यायाधिकरण (पीएमएलए) की तरफ से पुष्टि की गई संपत्तियों को कब्जे में लेने की प्रक्रिया के इजाजत देती है। इन अचल संपत्तियों को ईडी ने नवंबर 2023 में कुर्क किया था। धन शोधन का मामला एजेएल और यंग इंडियन के खिलाफ है।

### सोनिया-राहुल यंग इंडियन के सबसे बड़े शेयरधारक

कांग्रेस समर्थित दैनिक समाचार पत्र नेशनल हेराल्ड एजेएल की तरफ से प्रकाशित किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के सबसे बड़े शेयरधारक हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं। ईडी ने आरोप लगाया, यंग इंडियन और एजेएल की संपत्तियों का इस्तेमाल 18 करोड़ रुपये के फर्जी दान, 38 करोड़ रुपये के फर्जी अग्रिम किराए और 29 करोड़ रुपये के फर्जी विज्ञापनों के लिए इस्तेमाल किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवसेना ने कांग्रेस पर बोला हमला

**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी ने शनिवार को कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि उसको अहमदाबाद में हुए अधिवेशन में इंडिया ब्लॉक की स्थिति के बारे में बात करनी चाहिए थे। पार्टी को विपक्षी गठबंधन के बारे में उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए था। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में लिखा गया कि कांग्रेस ने अहमदाबाद बैठक में केवल अपने बारे में बात की और इंडिया ब्लॉक कहीं भी चर्चा में नहीं था। लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया कहां खड़ा है, इस बारे में सवाल उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस को अपने अहमदाबाद अधिवेशन में इस पर विचार करना चाहिए। गठबंधन का क्या हुआ? क्या यह जमीन में दफन हो गया या हवा में गायब हो गया? इस सवाल का जवाब देने की जिम्मेदारी कांग्रेस अध्यक्ष की है।

### आगरा में माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**आगरा।** आगरा के शाही जामा मस्जिद परिसर में एक युवक ने थैले में जानवर का कटा हुआ सिर रखकर शुक्रवार को शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की। फजर की नमाज के बाद थैला देखते ही नमाजी एकत्रित हो गए। सूचना पर सर्किल की फोर्स के साथ पहुंचे डीसीपी सिटी ने लोगों को समझाया। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को चार घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि दोपहर में नमाज के बाद युवकों ने हंगामा करते हुए नारे लगाए। पुलिस को लाठियां भांजकर लोगों को तितर-बितर करना पड़ा।

### स्कूलों में फीसवृद्धि पर भड़के केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि हाल ही में कई निजी स्कूलों में कथित फीस वृद्धि के बाद राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा प्रणाली पूरी तरह से भाजपा सरकार के तहत माफियाओं के चंगुल में फंस गई है। हाल ही में फीस वृद्धि को लेकर स्कूलों में हो रहे विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली के लोग फिर से पूरी तरह शिक्षा माफिया की जकड़ में है। शिक्षा माफिया की इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि हमारे बच्चों के साथ बदसलूकी करें?

### नागपुर की फैक्टरी में आग से पांच मरे

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में मौजूद एल्युमीनियम फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। इस लोग इस आग की चपेट में आ गए। खबरों की मानें तो इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इस दौरान 2 अन्य लोगों ने भी दम तोड़ दिया। 4 घायलों की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।

### मणिपुर की स्थिति में सुधार का दावा

**इंफाल।** मणिपुर के एक भाजपा विधायक ने शनिवार को दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और उम्मीद जताई कि जल्द ही नई सरकार बनेगी। भाजपा विधायक टी. रोबिन्द्रो ने कहा कि मैतेई और कुकी नागरिक समूहों के बीच शांति वार्ता भी शुरू हो गई है।

# फिर ठप हुआ यूपीआई का सर्वर

**नई दिल्ली।** देशभर में शनिवार को यूपीआई यूजर्स को एक बार फिर से डिजिटल पेमेंट में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तकनीकी खराबी की वजह से यूपीआई सर्विस

### फोनपे, गूगलपे के हजारों यूजर्स परेशान

अस्थायी रूप से ठप हो गई, जिससे लाखों यूजर्स की ट्रांजैक्शन फेल हो गईं। यह लगातार तीसरी बार है जब बीते दो हफ्तों में यूपीआई में ऐसी बड़ी तकनीकी समस्या आई है। इससे पहले 26 मार्च और 2 अप्रैल को भी इसी तरह की परेशानी रिपोर्ट की गई थी। डाउनडिटेक्टर एक ऐसा प्लेटफॉर्म जो यूज़र्स की शिकायतों के आधार पर सर्विस में आई रुकावटों पर नजर रखता है, उसके मुताबिक शनिवार सुबह 11:30 बजे के बाद से यूपीआई ट्रांजैक्शन फेल होने की शिकायतें लगातार आने लगीं। यूपीआई को संचालित करने वाली संस्था एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) ने इस समस्या को स्वीकार करते हुए कहा है कि, एनपीसीआई इस वक्त तकनीकी दिक्कतों का सामना कर रहा है, जिसके कारण कुछ यूपीआई ट्रांजैक्शन फेल हो रहे हैं। हमारी टीम इस समस्या को जल्द सुलझाने में लगी हुई है। हुई असुविधा के लिए हम खेद प्रकट करते हैं।

# गिरफ्तारी का कारण न बताना जमानत का आधार

**प्रयागराज।** गिरफ्तारी का कारण बताना संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत अनिवार्य आवश्यकता है और इसका उल्लंघन जमानत देने का आधार होगा, भले ही जमानत देने पर

### इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

वैधानिक प्रतिबंध मौजूद हों, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है। एक महत्वपूर्ण फैसले में उच्च न्यायालय ने रामपुर के एक मजिस्ट्रेट के 25 दिसंबर के रिमांड आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया कि याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी के आधार उन्हें नहीं बताए गए थे। इसमें कहा गया



कि गिरफ्तारी के आधार की जानकारी देना संविधान के अनुच्छेद 22(1) की अनिवार्य आवश्यकता है। साथ ही कहा गया कि इसका अनुपालन तथा अन्य अनिवार्य सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करना मजिस्ट्रेट का कर्तव्य है। न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने कहा कि जब अनुच्छेद 22(1) का उल्लंघन सिद्ध हो जाता है, तो न्यायालय का यह कर्तव्य है कि वह आरोपी को तुरंत रिहा करने का आदेश दे। यह जमानत देने का आधार होगा, भले ही जमानत देने पर वैधानिक प्रतिबंध मौजूद हों।
अदालत ने मंजीत सिंह द्वारा दायर याचिका पर अपने आदेश में कहा कि गिरफ्तारी के आधार के बारे में जानकारी गिरफ्तार व्यक्ति को इस तरह से प्रदान की जानी चाहिए कि आधार बनाने वाले बुनियादी तथ्यों का पर्याप्त ज्ञान गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी समझ में आने वाली भाषा में प्रभावी ढंग से दिया जा सके।

# राणा को सेना की वर्दी से था बहुत प्यार

**नई दिल्ली।** मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की 18 दिनों के लिए एनआईए की हिरासत में पहले दिन की पूछताछ में उसने जांच में सहयोग किया। इस पूछताछ

### कई आतंकी संगठनों से भी था नाता

में उससे कई बातें निकलकर सामने आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तहव्वुर राणा को सेना की नौकरी से बेहद प्यार था। इसी दौरान वह आईएसआई के संपर्क में आया और फिर लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठन से जुड़ा। जब आईएसआई और लश्कर ए तैयबा के प्रतिनिधियों की बैठक होती थी तो तहव्वुर राणा अक्सर उनमें सेना की वर्दी पहनकर पहुंचता था। तहव्वुर राणा ने बताया कि वह अक्सर आतंकी संगठनों के कैंपों का दौरा करता था। मुंबई हमले के एक और मुख्य साजिशकर्ता साजिद मीर के संपर्क में भी तहव्वुर राणा था। रिपोर्ट्स के अनुसार, राणा के लश्कर ए तैयबा के साथ ही हरकत उल जिहाद अल इस्लामी आतंकी संगठन के साथ भी संबंध थे। पूछताछ में पता चला कि तहव्वुर राणा पाकिस्तान पंजाब के चिचावतनी नामक गांव का मूल निवासी है। उसके पिता स्कूल प्रिसींपल है। तहव्वुर के दो भाई है, जिनमें से एक पाकिस्तानी सेना में



मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ के तौर पर काम कर रहा है और दूसरा पत्रकार है। राणा ने कैडेट कॉलेज से पढ़ाई की है और मुंबई हमले का सह-साजिशकर्ता डेविड हेडली भी उसके साथ उसी स्कूल में पढ़ता था।
तहव्वुर राणा ने मेडिकल की डिग्री हासिल की है और पाकिस्तानी सेना की मेडिकल कोर में नौकरी कर चुका है। सेना छोड़ने के बाद साल 1997 में वह कनाडा में बस गया। तहव्वुर राणा की पत्नी भी एक डॉक्टर है, जिसका नाम समराज राना अख्तर है। कनाडा में तहव्वुर राणा ने इमीग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म की शुरुआत की और बाद में हलाल मीट के बिजनेस में भी हाथ आजमाया। इमीग्रेशन फर्म के जरिए ही तहव्वुर राणा ने डेविड हेडली को भारत का वीजा दिलाने में मदद की थी। तहव्वुर राणा की मुंबई हमले के एक और प्रमुख साजिशकर्ता आईएसआई के अधिकारी मेजर इकबाल से भी मुलाकात हुई थी।

# लखनऊ में आंबेडकर प्रतिमा को लेकर बवाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ के महिंगवा के खंतारी गांव में शनिवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा

### ग्रामीणों ने किया पुलिस पर पथराव, कई पुलिसकर्मी घायल

सरकारी जमीन पर रखने को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस पर भीड़ ने पत्थरबाजी कर दी जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। महिंगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मवाई कला खनतारी गांव के बाहर सरकारी बाजार के पास सरकारी जमीन पर प्रधानपति वीरेंद्र



कुमार ने दलित वर्ग के लोगों के साथ मिलकर बीती रात प्रशासन की बगैर अनुमति के बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करवा दी। शनिवार की सुबह स्वर्ण समाज की शिकायत पर महिंगवा थाना पुलिस समेत बीकेटी, इटौंजा, महिला थाना 2 समेत एक कम्पनी पीएससी के साथ मौके पर पहुंची। उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं मानें। जिसके बाद पुलिस कर्मियों से धक्का मुक्की शुरू हो गई। महिलाओं, युवतियों और पुरुषों समेत करीब पांच सौ से अधिक लोगों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया।

# बंगाल में वक्फ कानून को लेकर फिर हिंसा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज

### भीड़ ने की पिता-पुत्र को मार डाला, हालात बेकाबू



इलाके में वक्फ कानून को लेकर फिर हुए विरोध प्रदर्शन ने अचानक हिंसक शक्ल ले ली, जिसमें दो लोगों की जान चली गई। गौरतलब है कि शुक्रवार को भी मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई थी, इस हिंसा में अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालात को देखते हुए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े, जबकि कुछ इलाक़ों में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) की भी मदद ली गई है। शमशेरगंज के जाफराबाद इलाके में हिंसक हो चुकी भीड़ ने पिता-पुत्र की हत्या कर दी। यह घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि भीड़ ने अचानक गांव पर ही हमला किया बोल दिया था।

# भारतीय परिवारों में बदलावों का समाज पर पड़ रहा असर

**बेंगलुरु।** सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना ने शनिवार को तेज से बदल रहे भारतीय परिवारों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इन बदलावों का असर न केवल परिवारों की संरचना और कार्यप्रणाली पर पड़ रहा है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी ये बदलाव गहरा असर डाल रहे हैं। उन्होंने कहा

### न्यायमूर्ति नागरत्ना ने जताई चिंता

कि यह बदलाव कई कारणों से हो रहे हैं, जिनमें आम शिक्षा तक आसान पहुंच, शहरों की ओर बढ़ता रुझान, व्यक्तिगत आकांक्षाओं से लेकर कार्यबल की अधिक गतिशीलता और शिक्षा प्राप्त करने वाली महिलाओं की बढ़ती आर्थिक स्वतंत्रात शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कानून ने भी इस बदलाव में मदद की है।
न्यायमूर्ति नागरत्ना ने बेंगलुरु में परिवार : भारतीय समाज का आधार विषय पर दक्षिणी क्षेत्र क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर सभ्यता में परिवार को समाज की सबसे जरूरी संस्था माना गया है, जो हमारे अतीत और भविष्य को जोड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि



शिक्षा और रोजगार के जरिये महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक आत्मनिर्भरता को समाज द्वारा सकारात्मक रूप से देखा जाना चाहिए और उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी महिलाएं न केवल परिवार की भलाई में बल्कि राष्ट्र की भलाई में भी योगदान देती हैं। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि भारत में वर्तमान में न्यायालयों में लंबित पारिवारिक विवादों की संख्या बहुत ज्यादा है। ये तभी सुलझ सकते हैं, जब दोनों पक्ष जागरूकता और सम्मान पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि इन बातों में पहला कदम यह है सुप्रीम कोर्ट की पारिवारिक न्यायालय समिति की अध्यक्ष न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि पति पत्नी को एक दूसरे के दृष्टिकोण और तर्क से समझने का सक्रिय प्रयास करना चाहिए।

### फिर विवादों में तिरुपति देवस्थानम

**तिरुपति।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम एक बार फिर गंभीर आरोपों के चलते विवादों में घिर रहा है। इस बार टीटीडी की ओर से प्रबंधित गोशाला में गायों की जान जाने का दावा किया गया है। हालांकि, टीटीडी की ओर से ऐसी खबरों को महज अफवाह करार दिया गया है। इस बीच टीटीडी के भूतपूर्व अध्यक्ष भूमना करुणाकर रेड्डी ने आरोप लगाया कि टीटीडी द्वारा प्रबंधित गोशाला में एक भयानक घटना घटी है। पिछले तीन महीनों में 100 देशी गायों की मौत हो चुकी है। बिना कोई उचित कारण बताए टीटीडी अधिकारी झूठा दावा कर रहे हैं कि कोई मौत नहीं हुई है।

### सुखबीर बादल फिर बने अकाली दल के अध्यक्ष

**अमृतसर।** सुखबीर सिंह बादल को शनिवार को आयोजित पार्टी की चुनावी बैठक के दौरान शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। यह बादल के लिए एक और कार्यकाल है, जो पार्टी के वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भुंदर की जगह लेंगे। शिरोमणि अकाली दल ने एक्स पर पोस्ट किया कि पंजाब के विकास पुरुष सुखबीर सिंह बादल को शिरोमणि अकाली दल का अध्यक्ष बनने पर बधाई। सुखबीर सिंह बादल पंथ और पंजाब के अधिकारों की दृढ़ता से रक्षा करें और पंजाब को फिर से समृद्ध बनाएं।

### कश्मीर में घुसपैठ नाकाम, जवान शहीद

**गलोड़ (हमीरपुर)।** जम्मू के अखनूर सेक्टर में एलओसी पर शुक्रवार रात सीमा पार से पाकिस्तान रेंजरों ने सीजफायर का उल्लंघन किया। गोलीबारी में सेना के एक जवान सूबेदार कुलदीप चंद का बलिदान हो गया। बलिदानी सैनिक हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के कोहलवीं गांव का है। कुलदीप चंद और उनकी टीम ने आतंकियों को बॉर्डर पार नहीं करने दिया। हालांकि, उनकी जान भी नहीं बच पाई। कुलदीप चंद दो माह पूर्व छुट्टी काटकर गए थे। वह अपने पीछे बेटा बेटी पत्नी और बुजुर्ग माता पिता छोड़ गए हैं। सूचना मिलते ही कुलदीप चंद के पैतृक गांव में मातम पसर चुका है।

# यूपी में सौर ऊर्जा से सशक्त होंगी ग्रामीण महिलाएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिये सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 10,000 'पर्यावरण

### राज्य सरकार 10 हजार पर्यावरण सखियों को करेगी प्रशिक्षित


सखियों' को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की योजना बनाई है। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा देगी। सरकार ने कहा कि इस मिशन के तहत प्रेरणा ओजस प्राइवेट लिमिटेड सौर ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल है, जिसमें सौर उत्पाद विनिर्माण, विकेन्द्रीकृत सौर प्रणाली, स्वच्छ खाना पकाने के उत्पाद और सौर खुदरा दुकानें शामिल हैं।



सरकार ने कहा है कि मिशन का मुख्य ध्यान सौर ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में यह कदम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में लखनऊ में एक सौर उत्पाद निर्माण इकाई शुरू की गई, जबकि 20 जिलों के 207 विकास खंडों में 414 सौर खुदरा दुकानें स्थापित की गईं, जिनसे 414 महिलाओं को लाभ हुआ। इसके अलावा 80 सौर खाद्य प्रसंस्करण मशीन, ड्रायर, और डीफ्रीजर स्थापित किए गए। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि अगले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा और महिला सशक्तीकरण का केंद्र बनाने का एक विस्तृत खाका तैयार किया गया है। इस रणनीति के तहत हर मंडल में सौर उत्पाद विनिर्माण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में कुल 18 मंडलों को कवर करते हुए इन इकाइयों के माध्यम से 540 महिलाओं को सीधे रोजगार प्रदान किया जाएगा। ये इकाइयां सौर पैनल, बैटरी, और अन्य अत्याधुनिक उत्पादों के निर्माण पर केंद्रित होंगी, जो न केवल स्थानीय जरूरतों को पूरा करेंगी, बल्कि बाजार में भी अपनी पहचान बनाएंगी। इसके अलावा सरकार 826 विकास खंडों में 3,304 सौर दुकानों की स्थापना करने जा रही है। प्रत्येक विकास खंड में औसतन चार दुकानें खोली जाएंगी, जो सौर लालटेन, चार्जर और छोटे घरेलू उपकरणों की बिक्री और मरम्मत के लिए केंद्र के रूप में काम करेंगी। इससे 3,304 महिलाएं इन दुकानों का संचालन कर आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का प्रसार तेज होगा।

### 50000 हजार महिलाएं बनेंगी 'रेशम सखी'

ग्रामीण महिलाओं के लिए अब घर बैठे रोजगार पाने का एक नया अवसर मिल रहा है। राज्य सरकार की एक नई पहल के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अब 'रेशम सखी' बनेंगी। ये रेशम सखी रेशम कीट का पालन करके अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगी। रेशम सखी योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम होगा। इस योजना को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और रेशम विभाग मिलकर लागू कर रहे हैं। सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच सालों में 50 हजार महिलाओं को रेशम उत्पादन के कार्य से जोड़ा जाए।



स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net


# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

## जय बजरंगबली से गूंजा शहर

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी में धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गयी। घरों में श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ कर बजरंग बली से

### मंदिरों में भक्तों का लगा तांता

कामना की। शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु मंदिर,नया व पुराना हनुमान मंदिर के अलावा पक्का पुल स्थित हनुमान मंदिर में पुजारियों ने श्रृंगार कर चोला बदला। हनुमान मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। प्रसाद और फूल माला लेकर भक्त हनुमान मंदिर पहुंचें और विशेष पूजा की। पूरे शहर में सुंदरकांड पाठ, रामचरितमानस के श्लोक और भजन-कीर्तन की धुन गूंजती रही। शहर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन हुआ कहीं पूड़ी-सब्जी, बूंदी , फल समेत विभिन्न सामग्री प्रसाद में बांटा गया। हजरतगंज स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचें। मंदिर के सेवक पंडित गणेश शंकर ने कहा कि आज का दिन बेहद खास है। भक्त इसे हनुमान जन्मोत्सव के रूप में मना रहे हैं। आज के दिन हनुमान जी की पूजा की जाती है और जो भी मनोकामना मांगी जाती है पूरी होती है। भक्तों के लिए हनुमान संकट मोचक हैं। पंडित अभिषेक ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार हनुमान जी को आठ सिद्धियां व नौ निधियां प्राप्त हैं। वह वर्तमान में भी सशरीर धरती पर मौजूद हैं। यदि सच्चे प्रेम भाव से उनका स्मरण किया जाए, तो व्यक्ति के सभी कष्टों का निवारण होता है। हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर न केवल घरों में बल्कि देशभर में बड़ी ही धूम-धाम से वीर बजरंगी की पूजा का भव्य आयोजन किया जाता है। अमीनाबाद, चौक, राजाजीपुरम, गोमती नगर, हजरतगंज, अलीगंज जैसे इलाकों में भी कई प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा हुई। मंदिरों में हनुमान चालीसा, सिंदूर लेपन और आरती का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया।





### सुन्दरकाण्ड में हुए भंडारे



डॉ अखिलेश दास गुप्ता की 8वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हनुमान सेतु मंदिर पर महेश राठौर द्वारा सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया गया। इसके उपरान्त दोपहर लेटे हनुमान मंदिर पक्का पुल पर सुशील दुबे द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। दोपहर में जय प्रिया गुप्ता एवं अजय दीप द्वारा संत मदर टेरेसा आश्रम सप्रू मार्ग हजरतगंज में फल वितरण किया गया। जिसमें बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास गुप्ता, यूपी ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास, वाइस चेयरमैन देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास सहित बीबीडी परिवार के सभी सदस्यों द्वारा डॉ अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिल्ली में भी इंजीनियरिंग कालेज संस्थान के कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा डॉ अखिलेश दास गुप्ता को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

### माँ भगवती का हुआ कीर्तन



लखनऊ नवयुवक जागरण समिति पुराना क़िला लखनऊ के तत्वाधान मे माँ भगवती भव्य भजन,कीर्तन व 71 वॉ विशाल माँ भगवती का भंडारा हुआ माँ की इच्छा तक.,दूर-दूर से आये माँ के हज़ारो भक्तों ने माँ के दर्शन कर माँ भगवती का आशीर्वाद लिया व भंडारे के भोग को ग्रहण किया। मीडिया प्रभारी शिवाजी सुदामा नागवंशी ने बताया की कार्यक्रम को भव्य व सफल बनाने मे कमेटी के श्री राम नरेश डोगरा,टिंकू,विशाल,प्रशांत,पंडित हीरा लाल शुक्ला आदि कमेटी के सभी पदाधिकारियो व समस्त छेत्रवासियों का उत्कृष्ट योगदान रहा!

### हनुमान चालीसा का पाठ किया



श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री नन्देश्वर महादेव मंदिर नन्दा फार्म फैजुल्लागंज में 108 श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन पंडित कृष्णा शंकर शर्मा एवं प्रदीप कुमार वर्मा द्वारा कराया गया, जिसमें आचार्य राजेश शुक्ल (नगर अध्यक्ष धर्म रक्षा संघ) एवं पंकज गुप्त ने हनुमान का पूजन अर्चन कर सभी भक्तों के साथ मिलकर 108 श्री हनुमान चालीसा के पाठ सम्पन्न किये। आयोजन में आसाराम गुप्ता, रिंकू गुप्ता, पंडित दिनेश अवस्थी, सोम मिश्र, कृष्णा कुमार श्रीवास्तव, अनुज कुमार श्रीवास्तव, हरिओम, आभाष, सिद्धी, रिद्धि, दिव्य, काजल, मीनू मिश्रा, विशाल, अंकित, प्रद्युम्न मिश्रा, कार्तिक, ओम, आयुष, अंकुर दीक्षित, पल्लवी, सलोनी, मन्नू, रिंकू मिश्रा , विमलेश मिश्रा,अन्जू अवस्थी आदि सभी भक्त उपस्थित रहे।

### हनुमान जन्मदिवस पर हुआ सुन्दर कांड

मर्यादा पुरषोतम श्री राम जी के अंनन्य भक्त महावीर हनुमान के जन्मदिवस के पावन पर्व पर लखनऊ में एक नई संस्था का स्थापना पर्व उद्यान निदेशालय के प्रेक्षागृह में सुन्दर कांड कि संगीतमई प्रस्तुति के साथ संस्था लोगों की उपस्थिति में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेल विभाग के पूर्व चेयरमैन एवं सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चन्द्र रतन, एवं पूर्व महापौर संयुक्ता भटिया ने। इस अवसर पर डा अनूप अर्पण कि पुस्तक राम चरित मानस ए गाइड टू मेनेजमेंट एंड लीडरशिप का विमोचन भी किया गया। संस्था अध्यक्ष राजीव आहूजा ने सुरेश चन्द्र तिवारी, अमित त्रिपाठी, आरव शुक्ला, प्रताप सिंह, अमरजीत मिश्रा आदि का आभार जताया।

# बाबा साहब का संविधान नहीं बदलने देंगे : अखिलेश



**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि कोई कितना भी ताकतवर हो जाय, तानाशाह हो जाय लेकिन हम लोग बाबा साहब का संविधान नहीं बदलने देंगे। संविधान के प्रति ईमानदारी से एकजुटता के साथ खड़े रहेंगे और अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को संविधान की परवाह नहीं है। संविधान पर आ रहे खतरे को देखते हुए पीडीए परिवार ने संविधान बचाने का संकल्प लिया और नारा दिया। पीडीए की एकजुटता, बाबा साहब के संविधान, डॉक्टर राममनोहर लोहिया के समाजवादी चिंतन और नेताजी के संघर्षों के बल पर समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा के चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीतीं। भारतीय जनता पार्टी को बहुमत से दूर कर दिया। आज केन्द्र सरकार में भाजपा का बहुमत नहीं है।

# अंबेडकर जयंती पर पीजीआई में बंद रहेगी ओपीडी

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को पीजीआई में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसलिए ओपीडी बंद रहेगी। आकस्मिक सेवाएं यथावत चलेंगी।

# बारिश के पहले नाले-नालियों की सफाई करायेगा नगर निगम

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** बारिश के पहले नगर निगम अपने

### सभी अपर नगर आयुक्त को दी गई जिम्मेदारी

कील-कांटे दुरुस्त करने में जुटा है। पिछले साल जलभराव व जलजमाव से नगर निगम की जमकर फजीहत हुई थी। नगर आयुक्त इस बार ऐसी स्थिति नहीं आने देना चाहते इसलिए पुख्ता तैयारी करने के निर्देश दिये हैं।

बारिश के दौरान जल भराव की समस्या न हो, इसके लिए शहर के सभी प्रमुख नाले और नालियों की सफाई 15 जून तक करा ली जाएगी। जलभराव वाले क्षेत्रों को चिहिन्त कर वहां जलभराव के कारणों का निवारण किया जाएगा। नालों और नालियों की सफाई के बाद भी यदि जलभराव की समस्या आती है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने इस मामले में नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य अभियंता सिविल अभियंत्रण और विद्युत अभियंत्रण को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए हैं।

तीनों विभागों को अभी से नाले और नालियों की सफाई के लिए कार्ययोजना बना कर कार्य करने को कहा है, जिससे कि बारिश के मौसम में कोई दिक्कत न आए। नालों और नालियों की सफाई की प्रगति को लेकर नगर आयुक्त ने चारों अपर नगर आयुक्तों को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी करें। नाले और नालियों की सफाई करवाने का वीडियो और फोटाग्राफी कराने का भी निर्देश दिया है।

## खबर एक नज़र

### मैनपुरी के मंदिरों का 14 करोड़ से होगा कायाकल्प

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मैनपुरी के पर्यटन विकास के लिए इस वित्तीय वर्ष में 14 करोड़ 19 लाख 11 हजार रूपये की 12 परियोजनायें स्वीकृत की गयी हैं। उ0प्र0 प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लि0 को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है। सभी परियोजनायें निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूरी कराने के निर्देश भी दिये गए है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मैनपुरी के विभिन्न पर्यटन स्थलों, मंदिरों का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य कराया जाना है। इसके तहत मैनपुरी स्थित घंटाघर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास ग्राम अलुपुरा स्थल मिट्ठू बाबा सत्यबली आश्रम का सौन्दर्यीकरण ग्राम, औरंग स्थित भगवान भोलेनाथ विश्वनाथधाम मंदिर एवं माता मंदिर का पर्यटन विकास किया जायेगा। विकासखण्ड करहल की ग्राम पंचायत करहल स्थित सहन ग्राम में साइनेज की स्थापना, पर्यटन विकास, गेट एवं पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण, ग्राम अड्डूपुर स्थित तुलसीदास मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं विकास, फकीरपुर में ठाकुरदास महराज मंदिर का सौन्दर्यीकरण, ग्राम नौरंगपुर स्थित सत्यकैलाश आश्रम का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास, तहसील किसनी में सारस पक्षियों के विचरण स्थल हेतु साइनेज का कार्य तथा मिढ़ावली में माता मंदिर का सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा।

### पार्किंसन रोग से बचाव व उपचार से रूबरू हुए लोग

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** वर्ल्ड पार्किंसन दिवस पर डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के न्यूरोलॉजी विभाग में जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्किंसन मरीजों एवं उनके तीमारदारों को रोग, कारणों, उपचार एवं योग संबंधित जानकारी दी गई। न्यूरोलाजी विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर दिनकर कुलश्रेष्ठ ने संगोष्ठी का शुभारम्भ किया एवं पार्किंसन के बारे में मूलभूत जाननकारी दी। एडिशनल प्रोफेसर डॉक्टर अब्दुल कवी ने पार्किंसन से सम्बन्धित भ्रान्तियों को उजागर किया। फिजियोलॉजी विभाग की डॉक्टर अमीना जैदी एवं प्रोफेसर मनीष वर्मा ने रोग की फिजियोलॉजी के बारे में जानकारी दी। योग आचार्य ओम नारायण अवस्थी ने पार्किंसन में लाभकारी योग आसनों के बारे में बताया। दन्त रोग विभाग की प्रोफेसर डॉक्टर शैली महाजन ने पार्किंसन रोग में दंत एवं ओरल हाइजीन के बारे में सबको अवगत कराया। उनके साथ डॉक्टर श्वेता दंत रोग विभाग से उपस्थित रहे। न्यूरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर पीके मौर्या ने संगोष्ठी का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

### महिलाओं ने संभाली जल गुणवत्ता जांच की कमान

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** आज वही महिलाएं जो कभी घर की चहारदीवारी तक सीमित थीं, अब घर-घर जाकर जल की गुणवत्ता की जांच कर रही हैं। लोगों की सेहत की पहरेदार बन गई हैं। अनोखी पहल ने महिला सशक्तिकरण की एक नई मिसाल कायम की है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने आम जनता की सेहत को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी पहल की है। प्रदेश के 17 नगर निगमों में घर-घर जाकर नल के पानी की जांच की जा रही है। खास बात ये है कि इस अभियान की कमान महिलाओं ने संभाली है। जिन्हें अमृत मित्र नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अमृत 2.0 योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) के तहत स्वयं सहायता समूह की 788 महिलाओं को विशेष रूप से प्रशिक्षित कर इस काम में लगाया गया है। अमृत मित्र महिलाएं न सिर्फ घर-घर जाकर पानी की जांच कर रही हैं, बल्कि लोगों को शुद्ध पेयजल के महत्व के बारे में जागरूक भी कर रही हैं। इस अभियान ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज की सोच भी बदली है।

### केजीएमयू कार्य परिषद सदस्य निर्वाचित

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** लम्बी जद्दोजहद के बाद केजीएमयू कार्य परिषद के सदस्यों का निर्वाचन हुआ। इसमें डॉ. ओपी सिंह, डॉ. सुरेश अहिरवार, डॉ. उदय भान सिंह और डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा का चयन किया गया। इसके साथ ही डेंटल काउंसिल के एक सदस्य के रूप में डॉ. हरिराम का निर्वाचन चुनाव के माध्यम से हुआ। केजीएमयू प्रवक्ता प्रोफेसर केके सिंह ने बताया कि केजीएमयू को वर्ष 2002 में विश्वविद्यालय का दर्जा मिला था। केजीएमयू अधिनियम के अनुसार विश्वविद्यालय की कार्य परिषद में कुल 22 सदस्य होते हैं। इनमें से विश्वविद्यालय कोर्ट से निर्वाचित होकर होकर आने वाले चार पंजीकृत स्नातक भी शामिल होते हैं। पिछले काफी समय से इसकी चुनाव प्रक्रिया संपन्न नहीं हो पाई थी। ऐसे में कार्य परिषद में एक भी निर्वाचित सदस्य नहीं था। इसकी वजह से कार्य परिषद के फैसलों पर लगातार सवाल उठाए जा रहे थे। अब निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हो गई है।

# अंबेडकर के प्रति युवाओं में अलख जगाएगी सरकार

## बाबा साहेब की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रति युवाओं के मन में और अलख जगाएगी। इसीलिए बाबा साहेब की 134वीं जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में 13 अप्रैल को अनेक कार्यक्रम होंगे। वहीं 14 अप्रैल को जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व से युवाओं को परिचित कराया जायेगा। सोमवार 13 अप्रैल की सुबह मरीन ड्राइव से अंबेडकर पार्क तक भीम पदयात्रा निकलेगी। एनएसएस की विशेष कार्याधिकारी व राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. मंजू सिंह ने बताया कि पदयात्रा में लखनऊ विश्वविद्यालय, बाबू बनारसी दास विवि, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विवि, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि, उप शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल के कुल 1400 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। इस पदयात्रा का शुभारंभ उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे। डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिवस पर देश-प्रदेश के कलाकारों को मंच मुहैया कराके कार्यक्रम आयोजित होंगे। लखनऊ के विपिन कुमार अभी सपना अधूरा है नृत्य नाटिका से बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालेंगे। आंबेडकर प्यारा की प्रस्तुति लखनऊ की निहारिका कश्यप व टीम करेगी। बलिया के रामदुलार, वाराणसी के भइया लाल पाल व गोरखपुर के मनोज कुमार पासवान बिरहा की प्रस्तुति देंगे। लखनऊ के रामनिवास पासवान, भदोही की लक्ष्मी रागिनी, लखनऊ की शुभम रावत व जया कुमारी का कार्यक्रम होगा।

### मूर्तियों की सफाई आज, आयोजन कल

डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। 13 अप्रैल को प्रदेश के समस्त पार्कों एवं स्मारकों की विशेष साफ-सफाई कराई जाएगी। 14 अप्रैल को जिलों के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे। उनके जीवन व कृतित्व पर आधारित विशेष कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इस बाबत मुख्य सचिव द्वारा समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के निर्देश भी दिए गए हैं ।

# स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को मिलेगा नया भवन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सरकार जल्द ही स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के नए हेडक्वॉर्टर के निर्माण कार्य शुरू करने जा रही है। ऐसे में, जनता से सीधे तौर पर जुड़े विभाग में पारदर्शिता को बढ़ावा देने, बिचौलियों पर लगाम लगाने तथा जन समस्याओं की उत्तम प्रबंधन प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा। नियोजन विभाग द्वारा शहीद पथ के समीप 20 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में यह भवन बनायेगा। यह भवन 4 मंजिला होगा जिसके निर्माण में 47 करोड़ रुपए लागत आएगी। साथ ही, परिसर में 350 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। परिसर में पास ऑफिस, पुलिस बैरक समेत विभिन्न अनावासीय खंडों का निर्माण प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाएगा। इस परिसर के निर्माण के लिए देश की प्रतिष्ठित आईआईटी समेत उच्च अनुसंधान केंद्रों की राय भी ली जाएगी। परिसर में हरित क्षेत्र का भी विकास किया जाएगा। 45 सीसीटीवी कैमरे वाला सर्विलांस सिस्टम, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, प्रसाधन खंड, पार्किंग, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन, एसटीपी, 75 किलोवॉट पावर के सौर ऊर्जा संयंत्र तथा सोलर ग्लासेस के इंस्टॉलेशन, कॉन्फ्रेंस हॉल के निर्माण, विभिन्न क्षमता के लिफ्ट भी लगायी जायेगी। यह सभी निर्माण व विकास कार्यों को एक साल में पूरा कर लिया जायेगा। सुल्तानपुर, श्रावस्ती, सहारनपुर, सीतापुर, चंदौली, मथुरा, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, औरैया व मुरादाबाद उप निबंधक कार्यालयों के निर्माण व विकास के लिए कुल 36.56 करोड़ की लागत स्वीकृत करते हुए पहली किस्त के तौर पर 18.28 करोड़ की धनराशि जारी की जा चुकी है। दूसरी ओर, कानपुर, बुलंदशहर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में निबंधन भवन के रिकॉर्ड रूम के नवनिर्माण व विकास की प्रक्रिया को भी तेज कर दिया गया है।

# डॉ. अंबेडकर की जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष में पूर्व की तरह दो दिन तक चलने वाले कार्यक्रम की अंतिम तैयारी बैठक में शनिवार को सभी संयोजकों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या 13 अप्रैल को शाम 6 बजे बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मारक गोमती नगर गेट नंबर -1 के सामने एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हमेशा की तरह इस बार भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें भीम गीत गाने वाले प्रसिद्ध गीत गायक विशाल गाजीपुरी व सपना बौद्ध द्वारा अपना प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। दो दिन तक चलने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत द्वारा किया जाएगा। सभी विभागों के आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के संयोजकों द्वारा बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर आरक्षण को बचाने की भी शपथ ली जाएगी। मालूम हो कि बाबा साहब ने 1934 में कहा था कि बिजली हमेशा सार्वजनिक क्षेत्र में रहना चाहिए। ऐसे में बिजली के निजीकरण के खिलाफ भी संकल्प लिया जाएगा कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा हमेशा सरकारी क्षेत्र में रहे। बाबा साहब की जयंती के अवसर पर हमेशा की तरह 14 अप्रैल को सुबह 8 बजे से10कुंतल भोजन फल एवं मिष्ठान दान का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक अवधेश कुमार वर्मा डॉ. राम शब्द जैसवारा, केबी राम, आरपी केन ,अनिल कुमार, नेकीराम, श्यामलाल, बिंदा प्रसाद, बनी सिंह, लेखराम, प्रेमचंद, जितेंद्र कुमार, श्रीनिवास राव, अजय कुमार व रमेश कुमार ने कहा है कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव की जयंती पूरे प्रदेश के आरक्षण समर्थकों के लिए बहुत ही शुभ दिन है।

### 'विज्ञान एवं अन्तरिक्ष अन्वेषण' पर परिचर्चा

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आज 'इण्टरनेशनल डे ऑफ ह्यूमन स्पेस फ्लाइट (12 अप्रैल) ' के उपलक्ष्य में 'स्टेम एण्ड स्पेस - शेपिंग द फ्यूचर' थीम पर बेहद सारगर्भित परिचर्चा का आयोजन ऑनलाइन किया गया। परिचर्चा की खास बात रही कि इसमें अंतरिक्ष यात्रा का गौरव हासिल करने वाले सी.एम.एस. छात्र शुभांशु शुक्ला ने भी वीडियो संदेश के माध्यम से अपने विचार साझा किये एवं देश के उभरते बाल वैज्ञानिकों अन्तरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में योगदान हेतु प्रेरित किया। शुभांशु आगामी मई माह में नासा के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अन्तर्राष्टीय अन्तरिक्ष स्टेशन (आई.एस.एस.) की यात्रा पर रवाना होंगे। इस परिचर्चा में स्टेम अर्थात (साइंस, टेक्नॉलाजी, इंजीनियरिंग, आर्ट एवं मैथेमेटिक्स) में सृजनात्मकता को बढ़ावा देने पर भी व्यापक चर्चा सम्पन्न हुई।

# अखण्ड रामायण का आयोजन



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** श्री हनुमत प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में श्री संकट मोचन हनुमान जी मन्दिर हनुमान सेतु में अखण्ड रामायण का पाठ प्रारम्भ हुआ। सायंकाल रामायण का समापन एवं श्री राम मारुति यज्ञ का आयोजन हुआ।मंदिर सचिव दिवाकर त्रिपाठी ,कोषाध्यक्ष मुकेश मित्तल,ट्रष्ट मंडल सदस्य एवं मुख्य पुजारी भगवान सिंह बिष्ट ने हनुमान महाराज के चल विग्रह का दूध, दही, घी, शहद, चीनी, पंचामृत, अष्टगंध, गुलाबजल, गंगाजल, इत्यादि से स्नान कराकर दुग्धाभिषेक किया गया। पूजन एवं हवन वेद विद्यालय के आचार्य गोविन्द कुमार शर्मा, उमेश पाठक श्याम शंकर द्विवेदी एवं शिवमूरत तिवारी के आचार्यत्व में सम्पन्न हुआ।

# अधिवक्ताओं का कुटुंब मिलन समारोह संपन्न




**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अवध प्रांत प्रचारक कौशल ने कहा कि संस्कारों का क्षरण रोकने को संयुक्त परिवार आवश्यक हैं। आरएसएस से जुड़े बाबा साहब डा भीमराव रामजी आंबेडकर साप्ताहिक मिलन, उच्च न्यायालय, लखनऊ का कुटुंब मिलन समारोह शनिवार सायंकाल सी एम एस विशाल खंड गोमती नगर सभागार में संपन्न हुआ। भजन संध्या के साथ बच्चों ने गणेश सरस्वती वंदना, शिव तांडव स्त्रोत व हनुमान चालीसा समेत देवी देवताओं की वंदना की मोहक प्रस्तुतियां दीं।

जिनमें शामिल बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत हुए। फूलों को होली खेली गई। समारोह में विभाग प्रचारक अनिल, विभाग कारवाह अमितेश, नरेंद्र भदौरिया, प्रशांत भाटिया, आनंद शेखर,ललित श्रीवास्तव, सीएससी शैलेंद्र कुमार सिंह, अधिवक्ता एस एल वैश्य, अम्बरीष वर्मा व सैकड़ों अधिवक्ता सपरिवार शामिल हुए।



# लालजी टंडन ने राजनीति में बनायी मजबूत पहचान : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन की 90 वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लालजी टंडन भारत माता के ऐसे सपूत थे

### सीएम ने जयंती पर दी श्रद्धांजलि

जिन्होंने लखनऊ, प्रदेश और देश की राजनीति में लगभग 7 दशक तक अपनी एक मजबूत पहचान बनाकर रखी। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सम और विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए एक पार्टी, एक विचारधारा और राष्ट्रवाद के मूल्यों का अनुसरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि टंडन की लखनऊ, प्रदेश और देश की राजनीति में प्रभावी उपस्थिति, उनके मूल्यों और आदर्शों को दर्शाती है। जब एक व्यक्ति अपनी मर्यादाओं का पालन करता है तो उसे शिखर तक पहुंचने में देर नहीं लगती है। उन्होंने लखनऊ में एक सामान्य कार्यकर्ता, स्वयं सेवक के रूप में लखनऊ नगर पालिका परिषद और लखनऊ नगर निगम पार्षद के बाद



विधान परिषद सदस्य और फिर विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभायी। इसके बाद वह लखनऊ के सांसद बने। उनकी सेवाएं, उनका व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी एक प्रेरणा बना हुआ है। इस आवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण, मेयर सुषमा खर्कवाल, सासंद बृज लाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, विधायक ओपी श्रीवास्तव, डॉ.नीरज बोरा, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, नीरज सिंह, रजनीश गुप्ता सहित कई नेता मौजूद रहे।

# अंबेडकर प्रतिमा रखने को लेकर बवाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** महिगवां थाना क्षेत्र में शनिवार को

### - विरोध के दौरान पत्थरबाजी में 8 पुलिस कर्मी घायल

### - छावनी में तब्दील इलाका, वीडियों से उपद्रवी किये जा रहे चिन्हित

बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को सरकारी जमीन पर रखे जाने को लेकर जमकर बवाल हुआ। प्रतिमा को हटाए जाने पर एक जाति के लोगों ने प्रदर्शन कर दिया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन वो नोंक-झोंक कर उलझ पड़े। धक्का-मुक्की के बीच सैकड़ों की तादाद में महिलाएं और पुरुषों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया, जिससे वहां भगदड़ मच गई है। इस बवाल में साथ इंस्पेक्टर समेत 8 पुलिस कर्मियों के सिर फूट गए। वहीं मीडियाकर्मियों के कैमरे भी टूट गए। साथ ही वह भी चोटिल हो गए। पूरा मामला मवई कला खंतारी गांव का है। हालांकि, स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पीएसी, आरएफ और आरआरएफ की कंपनियां मुस्तैद है। मीडियाकर्मियों से प्राप्त फोटोग्राफ और वीडियोग्राफी के माध्यम से पुलिस उपद्रव मचाने वालों को चिन्हित कर रही है।

### क्या प्रशासन करेगा सख्त कार्रवाई?

अब बड़ा सवाल यही है कि क्या जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय इस लापरवाही को लेकर निजी स्कूलों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई करेगा या फिर यह अधिनियम भी अन्य कागजी खानापूरी की तरह एक और फाइलों में कैद पहल बनकर रह जाएगा?

दरअसल, मामला एक गांव के दो पक्षों से जुड़ा हुआ है। सूत्रों की मानें तो शुक्रवार रात मवई कला खंतारी गांव निवासी प्रधान पति वीरेंद्र रावत ने गांव में लगने वाली सहकारी समिति बाजार में नवीन परती की भूमि पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगा दी थी। उन्होंने ना तो उसकी अनुमति प्रशासन से ली और ना ही पुलिस को इस बारे में जानकारी दी। शनिवार सुबह दूसरे पक्ष के लोगों ने सरकारी भूमि पर अंबेडकर प्रतिमा को देख पुलिस प्रशासन को सूचना दिए। गांव में तनाव फैलने की स्थिति को देखते हुए एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी समेत पांच थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। जिसमें बीकेटी, इटौंजा, सैरपुर, महिगवां और महिला थाना द्वितीय का पुलिस बल शामिल था। पुलिस बल को देख दूसरा पक्ष भी सामने आ गया और बिना अनुमति के सरकारी जमीन पर लगाई गई अंबेडकर प्रतिमा को हटाने का प्रयास किया। इस पर प्रधान पति व उसके समर्थकों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस से नोकझोंक हुई। बात बढ़ने पर प्रदर्शनकारी धक्का मुक्की करने लगे। धीरे-धीरे यह विवाद बावल में तब्दील हो गया। जिसमें सैकड़ों महिलाएं पुरुषों के साथ पुलिस टीम पर पथराव करने लगी। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस कर्मियों ने लाठी फटकनी शुरू की, तो वहीं पीएसी जवान आंसू गैस के गोले दागने लगे। बावजूद इसके हालात और भी बिगड़ने लगे हैं।

### रातों रात लगाई गयी मूर्ति

सरकारी जमीन पर गुपचुप तरीके से मूर्ति लगाए जाने को लेकर गांव के एक पक्ष में काफी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान पति ने बिना किसी अनुमति के एक समुदाय के साथ मिलकर सरकारी जमीन पर बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित कर दी। उन्होंने बताया कि तीन दिनों से इस प्रतिमा को स्थापित करने के लिए योजना बनाई जा रही थी। जिसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को भी थी, लेकिन वह रोक नहीं पाई।

### सालों के परमिशन के लिए चक्कर काट रहे ग्रामीण

ग्राम पंचायत के प्रधान पति वीरेन्द्र रावत ने बताया कि वर्ष 2022 से ग्रामीण लोग प्रशासन के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें बाबा साहेब की प्रतिमा लगाने की अनुमति नहीं दी गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने चंदा लगाकर 85 हजार रुपए की लागत से प्रतिमा खरीदकर स्थापित की है।

### उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी

बवाल के बाद एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस कर्मियों और मीडिया की मदद के माध्यम से खींची गई फोटोग्राफ में उपद्रवियों की पहचान कराई जा रही है। पहचान हो जाने के बाद पुलिस इनकी गिरफ्तारी करेगी। गांव में तनाव न फैले इसको लेकर एक कंपनी पीएसी, एक कंपनी आरएफ समेत कई थाने की पुलिस फोर्स तैनात है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम पर पथराव करने वाले लोगों को बिल्कुल भी माफ नहीं किया जाएगा।

### आंसू गैस छोड़ पुलिस ने पाया काबू

सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीणों की पुलिस और प्रशासन के अधिकारी घंटों तक मान मनौव्वल करते रहे। नतीजा नहीं निकला। इस बीच भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। अचानक से हुए हमले में पुलिस कर्मियों को सम्भलने का मौका तक नहीं मिला। नतीजा पत्थर लगने से करीब छह पुलिस कर्मी घायल हो गए। उपद्रवियों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने कई राउंड आंसू गैस के गोले छोड़े। फिर लाठीचार्ज कर दिया। भगदड़ मचने से कई ग्रामीणों को भी चोट लगी।

पथराव में मीडियाकर्मियों के कैमरे टूट गए। इनमें से कई पत्रकारों के सिर भी फूट गए। इसके साथ ही महिंगवा थाने में तैनात दरोगा रावेंद्र सिंह, एलआईयू दरोगा शिवेश वर्मा, बिक्री थाने में तैनात दरोगा शेष मणि मिश्रा, महिला थाना द्वितीय की प्रभारी निरीक्षक मेनका सिंह, महिंगवा थाने में तैनात हेड कांस्टेबल लाल मोहम्मद,जय प्रकाश समेत अन्य महिला आरक्षी भी लहूलुहान हो गई हैं। वहीं,एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी के पीठ पर भी पत्थर लगा है।

## खबर एक नज़र

### बैसाखी पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैसाखी पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बैसाखी का त्योहार हमारी गौरवशाली परम्परा एवं समृद्ध विरासत का प्रतीक है। नई फसल के कटने से जुड़ा यह त्योहार हमारे देश की कृषक परम्पराओं और समृद्ध संस्कृति का भी परिचायक है। बैशाखी दिन दसवें सिख गुरु गोबिन्द सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। यह दिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े उत्साह से अलग-अलग त्योहारों के रूप में मनाया जाता है। यह सभी त्योहार नव वर्ष के आगमन के प्रतीक हैं। हर्ष और उल्लास का पर्व बैसाखी सभी के जीवन में समृद्धि और प्रसन्नता लाए।

### हाफ डे ओपीडी से अस्पतालों में मरीज हुए परेशान

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** हनुमान जयंती पर हाफ डे ओपीडी की वजह से सरकारी अस्पतालों में मरीज बेहद परेशान हुए। सबसे ज्यादा मरीजों को दुश्वारियां सिविल, ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल, बलरामपुर और लोकबंधु के मरीजों को झेलनी पड़ी। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी का संचालन सामान्य दिनों में दो बजे तक होता है। शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव होने से ओपीडी का संचालन 12 बजे तक ही किया गया। मरीजों का पंजीकरण सुबह 11:30 बजे तक ही हुआ। हाफ डे ओपीडी की जानकारी ज्यादातर मरीजों को नहीं हो सकी। ओपीडी बंद होने के बाद मरीजों की भीड़ इमरजेंसी में पहुंच गई। इससे इमरजेंसी में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर मरीजों को इलाज मुहैया कराने में अड़चन हुई।

### सेनेटाइजर को पानी समझ कर पी गये बुजुर्ग

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में सेनेटाइजर को पानी समझकर एक बुजुर्ग ने पी लिया। जब यह बात डॉक्टरों को हुई तो अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में बुजुर्ग का इलाज शुरू किया गया। गनीमत रही कि जल्द ही उनकी हालत में सुधार हो गया। बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज के लिए पहुंचे बुजुर्ग ने वहां मेज पर बोतल में रखे सेनेटाइजर को पानी समझकर पी लिया। हालांकि उसे बाद में उगल भी दिया। लेकिन उनकी तबियत खराब हो गई। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने बुजुर्ग मरीज को तुरंत इलाज दिया। कुछ घंटे बाद मरीज की हालत में सुधार हुआ। मड़ियांव निवासी छोटेलाल (60) को ब्लड प्रेशर बढ़ने और सीने में जलन की शिकायत पर शनिवार दोपहर परिवारीजन बलरामपुर की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे थे। इमरजेंसी का स्टाफ दूसरे मरीजों को देखने में लगा था। तभी छोटेलाल ने कर्मचारियों की मेज पर पानी की बोतल में रखे सेनेटाइजर को पानी समझकर पी लिया। इससे बुजुर्ग की तबियत और अधिक खराब हो गई। यह देख तुरंत ही इमरजेंसी के डॉक्टर और अन्य स्टाफ ने बुजुर्ग का मुंह साफ करवाया। फिर उन्हें दवा दी। कुछ घंटे के बाद बुजुर्ग की हालत में सुधार हो सका। ईएमओ ने बताया कि बोतल मेडिकल स्टाफ की मेज पर रखी थी। बोतल पर सेनेटाइजर लिखी स्लिप भी चस्पा थी। जल्दबाजी में बुजुर्ग ने पानी समझकर पी लिया था। उनकी हालत सामान्य है।

# कठौता झील में उतरीं मशीनें, सफाई का कार्य शुरू

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित कठौता झील में शनिवार को सिल्ट सफाई कार्य का शुभारम्भ हवन-पूजन के साथ

### महापौर ने किया शुभारम्भ, सिल्ट सफाई के साथ निकाली जायेगी तलहटी से मिट्टी

महापौर सुषमा खरकवाल ने किया। महापौर ने सुपर सकर मशीन को हरी झंडी दिखाकर कार्य शुरू कराया।

झील से निकाली गई मिट्टी को फेंकने की बजाय अकबरनगर और मनोरथा गौशाला समेत नगर निगम और एलडीए के अन्य निर्माण कार्यों में उपयोग किया जाएगा।

कठौता झील की लंबाई लगभग 1200 मीटर और चौड़ाई 600 मीटर है। कठौता झील की गहराई बढ़ाने के लिए लगभग 5 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी हटाई जाएगी। इससे झील की वॉटर स्टोरेज कैपेसिटी तीन गुना तक बढ़ जाएगी। इससे गोमती नगर और इंदिरा नगर के हजारों निवासियों को गर्मियों में जल आपूर्ति में राहत मिलेगी। झील के गहरे हिस्सों की सफाई के लिए विशेष ड्रेजिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। 15 पोकलैंड मशीनों और डंपर्स की मदद से मिट्टी निकाली जा रही है।

> गर्मियों में जल संकट को देखते हुए अभी से तैयारी जरूरी है। झीलों की सफाई से न सिर्फ जल संरक्षण होगा, बल्कि पर्यावरण संतुलन और शहरी जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। यह कार्य हमारी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है।
> **सुषमा खरकवाल, महापौर**

महापौर ने बताया कि 17-18 मई को शारदा नहर की सफाई के लिए बंदी के पहले, झीलों में भरपूर पानी स्टोर कर लिया जाएगा। इसके लिए 25 अप्रैल से झील भरने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह कार्य पूरी तरह समयबद्ध है और विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



मुझको थकने नहीं देता, मेरी जरूरतों का पहाड़... (छाया :- गोपी रस्तोगी)

# विद्युत क्षेत्र में बड़े रिफॉर्म्स किए बिना विकसित भारत की बात अधूरी

## दक्षिणांचल-पूर्वांचल डिस्कॉम्स में रिफॉर्म्स किए जाने का सरकार ने लिया निर्णय : मुख्य सचिव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में बेहतर विद्युत व्यवस्था को लेकर कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि सभी तरह के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण व बाधा रहित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। इसके

### -निजीकरण के पहलुओं पर प्रमुख हस्तियों एवं भागीदार संस्थाओं ने किया गहन विचार विमर्श

लिए जो भी आवश्यक रिफॉर्म्स की आवश्यकता हो वो किया जाए। इसी क्रम में विद्युत वितरण क्षेत्र में रिफॉर्म्स और निजीकरण के विभिन्न पहलुओं को लेकर शनिवार को इस क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों एवं भागीदार संस्थाओं द्वारा गहन विचार विमर्श किया गया। राजधानी लखनऊ के गोमती नगर में संपन्न इस सेमिनार में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रदेश की प्रगति और जनता



की भलाई के लिए विद्युत क्षेत्र में रिफॉर्म्स आज समय की मांग हैं। खासतौर पर दक्षिणांचल और पूर्वांचल डिस्कॉम्स में तत्काल रिफॉर्म्स किए जाने के लिए प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यदि हम आज विकसित भारत और ग्रोथ की बात कर रहे हैं तो यह विद्युत क्षेत्र में रिफॉर्म्स किए बिना संभव नहीं। इस दौरान विभिन्न प्रदेशों के विद्युत वितरण से जुड़े विशेषज्ञों ने अपने प्रदेशों में रिफॉर्म्स और निजीकरण की सक्सेस स्टोरीज को साझा किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने कहा कि विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने के लिए हमें टफ और सेंसिटिव निर्णय लेने होंगे। प्रदेश में रूरल डॉमेस्टिक कंज्यूमर्स की बड़ी संख्या है। प्रदेश में 75 प्रतिशत भूमि पर कृषि की जाती है। इसमें विद्युत का अत्यंत महत्व है। इसी तरह प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक विकास के लिए भी बाधा रहित विद्युत आपूर्ति बहुत आवश्यक है। कृषि क्षेत्र को अच्छी सिंचाई सुविधा मिले, लोगों के रहन-सहन, कृषि आय बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना के लिए दक्षिणांचल एवं पूर्वांचल डिस्कॉम का रिफॉर्म और निजी क्षेत्र की सहभागिता के लिए कार्य किया जा रहा है। इसमें उपभोक्ता, उद्योगों और कार्मिकों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने ग्रेटर नोएडा का उदाहरण देते हुए कहा कि अब लोग एनपीसीएल का कनेक्शन लेना चाहते हैं। इसी तरह, दुनिया या देश में जहां कहीं भी रिफॉर्म्स हुए हैं, लोगों ने इसे पसंद किया है। इससे आपूर्ति में सुधार हुआ है, लाइन हानियां कम हुई हैं। उन्होंने कहा कि हमने जो प्रक्रिया शुरू की है, उसे बिना डरे, बिना रुके लक्ष्य तक पहुंचाना है। हमें किसी के विरोध के कारण दबाव में नहीं आना है। प्रदेश के उपभोक्ताओं तथा किसानों के हित में जो भी जरूरी है वह करना है।

**पावर सेक्टर में रिफॉर्म्स समय की मांग**

प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण ने कहा कि दिल्ली, उड़ीसा, चंडीगढ़ समेत देश के कई हिस्सों में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए रिफॉर्म्स और निजीकरण किया गया है जो बेहद सफल भी रहा है। पावर सेक्टर में रिफॉर्म्स आज की मांग है। रिफॉर्म्स के लिए शॉर्ट टर्म बेनिफिट्स की बजाए हमें लांग टर्म बेनिफिट्स के बारे में सोचना होगा। यूपीपीसीएल के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार किया है। सभी डिस्कॉम्स को सुदृढ़ करने के लिए सरकार प्रयासरत है। खासकर दक्षिणांचल और पूर्वांचल जैसे डिस्कॉम्स में सुधार की तत्काल आवश्यकता है। रिफॉर्म्स में सरकार, उपभोक्ता और कार्मिकों समेत सभी भागीदारों के हितों का पूरा ख्याल रखा जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि दोनों डिस्कॉम अन्य की तुलना में बहुत पीछे है। उन्होंने कहा कि रिफॉर्म की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सभी निर्धारित मानकों के अनुरूप की जा रही है। इसमें उपभोक्ता और कार्मिकों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है।

**साझा की सक्सेस स्टोरीज और दिए सुझाव**

ओडिशा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के पूर्व चेयरमैन उपेंद्र नाथ बथेरा ने ओडिशा में निजीकरण की सक्सेस स्टोरी साझा की। उन्होंने बताया कि दो दशक में विभिन्न चुनौतियों को पार करते हुए ओडिशा ने अपनी यात्रा को पूरा किया है। इसका लाभ आज हर सेक्शन को मिल रहा है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करने के साथ ही रिफॉर्म्स के लिए कई सुझाव भी दिए। इसी तरह, आईएसए के डीजी आशीष खन्ना ने भी विभिन्न राज्यों और देशों में बिजली रिफॉर्म्स के अपने अनुभव साझा किए।

# संगठन में बढ़ेगा दखल, छोटी होगी टीम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** तकरीबन साढ़े तीन दशक से सूबे की सत्ता से दूर कांग्रेस अब खोया जनाधार हासिल करने के लिए जातिय गोलबंदी के साथ ही जनहित के मुद्दों को धार देने की तैयारी कर रही है। साथ ही जिला एवं शहर कमेटियों का पार्टी के कामकाज , टिकट वितरण एवं संगठन सृजन में

### शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

दखल बढ़ेगा। वहीं इस बार कमेटी का आकार छोटा करने की योजना पर बल दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक रविवार को बुलायी गयी है।

तीन माह से अधिक कवायद के बाद कांग्रेस ने हाल में जिला एवं शहर अध्यक्षों का ऐलान कर दिया। इसके साथ ही नई टीम जनहित के मुद्दों को सड़क पर आंदोलन भी आरंभ करने की योजना बना रही है। हाल में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यूपी में नवनियुक्त जिला एवं शहर अध्यक्षों के साथ बैठक किया। इस दौरान राहुल गांधी ने इन नये अध्यक्षों को परिवार का सदस्य बताया। साथ संगठन को मजबूत करने के लिए नये लोगों को मौका देने पर जोर दिया। साथ ही यह भी कहा कि सभासद के चुनाव हो या फिर विधायक के बिना आप लोगों से पूछे टिकट नहीं फायनल किया जायेगा। पार्टी में चेहरों की कमी को देख नयी पौध तैयार करने पर जोर दिया गया है। इन्हें 200 दिनों का एजेंडा दिया गया। इस बैठक में देश के बहुजनों को हिस्सेदारी देकर, सामाजिक न्याय को मज़बूत करने की दिशा में भी प्रयास करने पर जोर दिया गया। साथ ही आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म करने, सभी वर्गों की जनसंख्या के आधार पर बजट में हिस्सेदारी देने एंव निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण के अधिकार को लागू करवाने पर बल दिया गया। अंत में यह भी कहा गया कि हाथ को मज़बूत बनाना है हाथ ही बदलेगा हालात।

लखनऊ की बात करें यहां पर दो शहर कांग्रेस अध्यक्ष है। इनकी अलग अलग कमेटी बनेगी। इन्हें तीन - तीन विधानसभा क्षेत्रों का प्रभार दिया गया है। इस बार इन दोनों कमेटियों का आकार छोटा हो सकता है। पिछली बार 60 -60 सदस्यीय टीम गठित की गयी थी। उम्मीद है यह नई कमेटी मई माह के पहले सप्ताह में घोषित हो जायेगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने बताया कि जो नई कमेटी गठित होगी उसी की देख रेख में 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ा जायेगा। वार्डो में बैठकें करके वार्ड अध्यक्ष का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि संगठन में जुझारू एवं नये लोंगों को मौका दिया जायेगा। साथ ही सभी जाति धर्म के लोगों को उनकी आबादी के अनुरूप भागीदारी दी जायेगी। जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस अब सड़क से सदन तक संघर्ष करने के साथ ही भाजपा के झूठे दावों की पोल खोलने का काम करेगी।

# संघर्ष समिति ने व्यक्त की मुख्य सचिव के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने राजधानी के एक होटल में हुई मीटिंग के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और ऊर्जा विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए बयान पर तीखी प्रक्रिया व्यक्त की है। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण की प्रक्रिया में कोई पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने कहा की मुख्य सचिव का यह बयान उचित नहीं है कि बिना डरे बिना रुके निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है और किसी के दबाव के आगे नहीं झुकना है। उन्होंने कहा कि निजीकरण की प्रक्रिया में अब तक एक बार भी विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति या किसी भी संगठन के साथ कोई वार्ता नहीं की गई है। उल्टे विद्युत कर्मचारियों को डराने की बात हो रही है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढंग से विरोध प्रदर्शन और लखनऊ में रैली करना कोई डराने वाला कदम नहीं है।

उन्होंने कहा यदि बिजली के क्षेत्र में सबसे प्रमुख स्टेट होल्डर बिजली कर्मचारी संगठनों को बुलाया गया होता तो उड़ीसा , ग्रेटर नोएडा के तथा कथित रिफॉर्म की असलियत सामने आ जाती। उड़ीसा में 1998 में निजीकरण किया गया था। 2015 में उड़ीसा के विद्युत नियामक आयोग ने पूरी तरह विफल रहने और भारी भ्रष्टाचार के कारण निजीकरण के सभी लाइसेंस रद्द कर दिए थे। आज की मीटिंग में उड़ीसा के निजीकरण की सफलता की कहानी सुनाई जा रही है। इससे ज्यादा बड़ा मजाक और कोई नहीं हो सकता। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मुख्य सचिव और ऊर्जा विभाग के आला अधिकारी निजीकरण के जरिए सुधार के प्रति इतने आश्वस्त है तो विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ सीधे वार्ता क्यों नहीं करते। संघर्ष समिति को भी अपना पक्ष रखने का अवसर मिलना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि निजीकरण किसी भी प्रकार कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के हित में नहीं है। बिजली कर्मी निजीकरण को कदापि स्वीकार नहीं करेंगे और निजीकरण के विरोध में लोकतांत्रिक ढंग से आंदोलन तब तक जारी रहेगा। जब तक निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया जाता।







स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# चिनहट ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचे प्रदेश महामंत्री

**स्वतंत्र भारत चिनहट।** चिनहट ग्रामीण मंडल में गांव चलो अभियान के अन्तर्गत बूथ संख्या 319 ग्राम नौबस्ताकलां पर प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं सदस्य विधान परिषद गोविन्द नारायण शुक्ला द्वारा चौपाल व जनसंपर्क करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताया गया एवं लाभार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उनके साथ स्थानीय पार्षद अरविंद कुमार यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चिनहट ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भाजपा अक्षय मौर्या, आवेश, दिनेश यादव , अनूप सिंह , बूथ अध्यक्ष अनुराग वर्मा , शिव शक्ति वर्मा , दिलीप यादव , अमित सिंह समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## केजीएमयू कार्य परिषद सदस्य निर्वाचित

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** लम्बी जद्दोजहद के बाद केजीएमयू कार्य परिषद के सदस्यों का निर्वाचन हुआ। इसमें डॉ. ओपी सिंह, डॉ. सुरेश अहिरवार, डॉ. उदय भान सिंह और डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा का चयन किया गया। इसके साथ ही डेंटल काउंसिल के एक सदस्य के रूप में डॉ. हरिराम का निर्वाचन चुनाव के माध्यम से हुआ। केजीएमयू प्रवक्ता प्रोफेसर केके सिंह ने बताया कि केजीएमयू को वर्ष 2002 में विश्वविद्यालय का दर्जा मिला था। केजीएमयू अधिनियम के अनुसार विश्वविद्यालय की कार्य परिषद में कुल 22 सदस्य होते हैं। इनमें से विश्वविद्यालय कोर्ट से निर्वाचित होकर होकर आने वाले चार पंजीकृत स्नातक भी शामिल होते हैं। पिछ्ले काफी समय से इसकी चुनाव प्रक्रिया संपन्न नहीं हो पाई थी। ऐसे में कार्य परिषद में एक भी निर्वाचित सदस्य नहीं था। इसकी वजह से कार्य परिषद के फैसलों पर लगातार सवाल उठाए जा रहे थे। अब निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हो गई है।

# अंबेडकर के सम्मान में भाजपा की संगोष्ठियां 15 से

## हर बूथ को मजबूत बनाना होगा : धर्मपाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान का शुभारम्भ कल रविवार से करेगी। राजधानी लखनऊ के भागीदारी भवन में रविवार 13 अप्रैल को आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य सहित कई नेता शामिल होंगे। अभियान के प्रदेश संयोजक रामप्रताप सिंह चौहान ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के अन्तर्गत रविवार को उनकी प्रतिमा स्थलों पर स्वच्छता अभियान एवं प्रतिमाओं पर दीप प्रज्जवलित किये जायेंगे। 14 अप्रैल को भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिकों के साथ भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना पर चर्चा करेंगे। साथ ही 15 से 25 अप्रैल तक जिला स्तर पर अम्बेडकर के सम्मान में संगोष्ठियां आयोजित की जायेंगी। अभियान की प्रदेश टोली में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र कनौजिया, प्रदेश मंत्री शंकर लोधी तथा पूनम बजाज को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को सुलतानपुर जिले की इसौली विधानसभा के बूथ संख्या 182 दाउदपुर में बूथ समिति, मंडल अध्यक्षों, पूर्व जिलाध्यक्षों, पूर्व जिला पदाधिकारियों व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक को संबोधित किया। कार्यकर्ताओं को बूथ मैनेजमेंट का मंत्र दिया। उन्होंने कहा हर बूथ व हर मण्डल को फुलप्रूफ व मजबूत बनाना होगा। बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया। लोकतंत्र सेनानियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। दाउदपुर स्थित काली माता के मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया। मनियारपुर में अनुसूचित बस्ती में जाकर संपर्क किया। दाउदपुर में कार्यकर्ताओं के साथ शोभा यात्रा भी निकाली और चौपाल में लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा भाजपा नेशन फर्स्ट को लेकर काम करती है। आज देश व प्रदेश में विकास की गति तेज है। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। हमको विपक्ष के हर षडयंत्र को चकनाचूर करना होगा। भाजपा वादों को पूरा करने वाला राजनीतिक दल है। सरकार की योजना का लाभ बिना भेदभाव गरीबों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बना। हमें एक-एक घर और एक-एक व्यक्ति तक संपर्क करते हुए सरकार की योजनाएं भी पहुंचाना है।

# भजन संध्या का आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ न्यू गणेशगंज श्री रोशन लाल कालिका धर्मशाला मे मातारानी की कृपा से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया। ज्ञान व विशाल भंडारा हुआ !हजारों भक्तों ने माँ का आशीर्वाद लिया व भंडारा ग्रहण किया ! मीडिया प्रभारी शिवाजी सुदामा नागवंशी ने बताया की माँ दुर्गा जी के कार्यक्रम को भव्य व सफल बनाने मे दीपक वर्मा,शोभा वर्मा,इशांत वर्मा,रौशन आदि सभी लोगों का मुख्य योगदान रहा।

## उप्र आदर्श व्यापार मंडल की इन्दिरा मानस विहार इकाई गठित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की एक नई इकाई का गठन हुआ है। शनिवार को यहां व्यापारी संगोष्ठी में इसकी घोषणा की गई। सिटी कॉम्प्लेक्स में हुई बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने की। इस मौके पर मानस विहार, इंदिरानगर, सुगामऊ रोड के व्यापारी उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल से जुड़े। साथ ही अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल मानस विहार ,इंदिरा नगर इकाई का गठन किया। नवगठित इकाई में गौतम सिंह को अध्यक्ष, सर्वेश सचान को महामंत्री, गोरव बोस को कोषाध्यक्ष, इंद्र देव तनेजा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्णिमा सक्सेना, मीता मेहरोत्रा, अजीता सिंह को उपाध्यक्ष, शुभांग श्रीवास्तव को संगठन मंत्री, शशि सिंह को विधि सलाहकार चुना गया।

एम0सी0जे0 फार्म नं0-33 भाग, 7
हेतु संदर्शित करने के सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय नायब तहसीलदार महोदय क्षेत्र श्रीनगर, तहसील लखीमपुर जिला खीरी
वाद संख्या-टी.202310415544/
बाजदायर धारा - 34 उ0प्र0 राजस्व संहिता
तारीख पेशी - 17.04.2025 ई0
बउन्वान राम कुमार बनाम उर्मिला मिश्रा
1. राम कुमार पुत्र नानक चंद्र निवासी अटकोहना, पर0 श्रीनगर, तहसील लखीमपुर, जिला-खीरी
2. उर्मिला मिश्रा पुत्री मदन पाल पत्नी बृजेश कुमार मिश्रा हाल पता निवासी मोहल्ला गंगोत्री नगर, नौरंगाबाद शहर व तहसील लखीमपुर परगना व जिला-खीरी मूल निवासी ग्राम अटकोहना परगना श्रीनगर तहसील लखीमपुर जिला खीरी
चूंकि उपरिनामांकित छोटू सिंह आदि ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्शित करने के लिए 2025 के माह04 दिवस 17 को समय 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हों और ऐसा करने में असफल हरने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा आधारित किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस को निकाली गई।
नायब तहसीलदार
श्रीनगर
सी.आर.-73/D-CN

पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना संख्या-याँ/246/1/15/25-26/ओ॰टी॰-02
मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.-1, कार्य का संक्षिप्त विवरण :** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 4008 अदद बोगी फ्रेम और उनके घटकों 4008 अदद बीजी आईसीएफ/एसपीएआरटी/ डीईए मयू टीसी/डीईएमयू डीपीसी बोगियों, 180 अदद एमजी बोगियों और 1392 अदद फिएट बोगियों के ग्रिट ब्लास्टिंग और प्राइमर का कार्य (स्कोप ऑफ़ वर्क के अनुसार) 02 वर्ष की अवधि के लिए।, अनुमानित मूल्य (रु० में): रु. 32616220.08 (तीन करोड़ छब्बीस लाख सोलह हजार दो सौ बीस रुपये एवं आठ पैसा मात्र), जमानत राशि (रु० में) : रू. 313100.00 (तीन लाख तेरह हजार एक सौ रूपये मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) : शून्य, कार्य अवधि: 02 वर्ष, निविदा खुलने की तिथि व समय : 05.05.2025 को 15:30 बजे। **नोट: 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 12.04.2025 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 05.05.2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रमार अन्य किसी भी लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** ई-निविदा हेतु धरोहर राशि ई-भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।
उप मुयांइ/उत्पादन/यांत्रिक कारखाना,
मुजाधि/यौंत्रिक - 09 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय ग्राम पंचायत बांहपुर वि.ख. गोला, गोरखपुर
अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना
ग्राम पंचायत **बांहपुर** वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM) वि.ख. गोला महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / पंचम राज्य वित्त आयोग / केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्रा.प. में अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट ईंट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग इंट, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सीमेंट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, बेन, पेंट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर शाइन बोर्ड, लोहा शाइन बोर्ड, पीवीसी पाइप, इंडिया मार्का हैंड पंप 2, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हाई मैक्स लाइट, सफाई किट, शौचालय सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 18-04-2025 तक अपराह्न 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत **बांहपुर** के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी, धरोहर की धनराशि रु.5000.00 (दस हजार रूपये) होगी।
**नियम एवं शर्तें:-** 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है 3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी/एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई बढ़ाई जा सकती है। 8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगा। 9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा 13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बांहपुर** के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बांहपुर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा। 16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत **बांहपुर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17. ईंट व ईंट गिट्टी के लिए केवल भट्ठा स्वामी ही निविदा दे सकते हैं 18 बरातघर, अंत्योष्टि स्थल, स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन, इन्टरलाकिंग, सीमेन्ट सीसी खड़ंजा हाई मास्क लाइट आरो प्लांट, ओपन जिम, खेल मैदान, हाइड्रोलिक बैन इत्यादि में।
ग्राम प्रधान- रामसमुझ, ग्राम पंचायत- बांहपुर, वि.ख.- गोला, गोरखपुर
ग्राम पंचायत अधिकारी- संजय कुमार, ग्राम पंचायत- बांहपुर, वि.ख.- गोला, गोरखपुर

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना सं. NER-BSB0SnT-OT-05-2025
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/ पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.: 1: निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-05-2025; कार्य का नाम:** वाराणसी मंडल में पुराने सिग्नलिंग उपकरणों का बदलाव (ई.पी.एम. और ग्राउंड कनेक्शन और अन्य विविध आइटम) एवं छपरा ग्रामीण-खैरा-छपरा कचेहरी खंड में बी.पी.ए.सी. के लिए ऑटो चेंजओवर सुविधा (कुल 2 ब्लॉक खंड) और गौतमस्थान - चितबड़ागांव खंड (07 स्टेशन) में एक्सटर्नल रिंग सप्लाई व्यवस्था का कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹1,08,90,225.60; **बयाना की राशि:** ₹2,04,500/-; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹0.00/-; **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 माह; **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय:** 05.05.2025 को 15:00 बजे। **1.** ई-निविदा दिनांक 05.05.2025 को 15:00 बजे तक ऑनलाईन जमा किया जा सकेगा। **2.** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट i.e. **www.ireps.gov.in** देखें।
मंडल रेल प्रबंधक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिग्नल-01 वाराणसी
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः
**कार्य का नाम :** समइ/छपरा कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत छपरा कालोनी, छपरा कचहरी कालोनी, गोल्डिनगंज-छपरा ग्रामीण के मध्य एक एलएचएसडब्लू एवं थावे (रहित)- कप्तानगंज (रहित) के मध्य 21 अदद एलएचएसडब्लू से संचित पानी की निकासी का कार्य, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-01, **अनुमानित लागत (₹) :** 45,10,232/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 90,200/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 07.05.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह। **कार्य का नाम :** छपरा-फेफना अनुभाग में किमी. 17/0-18/2 पर पुल सं. 16 पर एचबीम स्लीपरों द्वारा मौजूदा स्टील चैनल स्लीपर का टीबीएसआर, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-04, **अनुमानित लागत (₹) :** 7,27,27,877/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 5,13,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 07.05.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह। **कार्य का नाम :** थावे-कप्तानगंज अनुभाग में एचबीम स्लीपरों द्वारा मौजूदा क्षतिग्रस्त चैनल स्लीपर का टीबीएसआर (कुल 742 नम्बर), **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-05, **अनुमानित लागत (₹) :** 2,25,12,376/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 2,62,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 07.05.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 10 माह। **कार्य का नाम :** फेफना (रहित)-औडिहार (सहित) अनुभाग में सेस मरम्मत का कार्य (प्राईवेट लैण्ड से), **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-06, **अनुमानित लागत (₹) :** 1,28,99,300/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 2,14,500/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 07.05.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 09 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-01 एवं एनईआर-बीएसबी-2025-04 से एनईआर-बीएसबी-2025-06 दिनांक 07.05.2025 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-12 वाराणसी
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा
पत्रांकः-1890/2काम(बी)-गो0वृ0/24-25 दिनांक 05.04.2025
ई-निविदा सूचना
महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्षाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क0 सं0 | जनपद/ खण्ड/विधान साभ का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराषि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | जनपद बलरामपुर में पीलीभीत बस्ती मार्ग (राज्य मार्ग 26) के चैनेज 354.330 से 375.000 तक (लम्बाई 20.670 किमी0) चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य | 5200.00 | 52.00 | 11800 | 15 माह | ए |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.04.2025 से 06.05.2025 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 06.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 06.05.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।
निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 06.05.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।
(राजेश कुमार) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलरामपुर
उ0प्र0 232050 दि0- 09.04.2025 Web.: www.upidadv.gov.in
(योगेन्द्र सिंह) अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा
पत्रांकः-1892/2काम(बी)-गो0वृ0/24-25 दिनांक 05.04.2025
ई-निविदा सूचना
महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्षाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क0 सं0 | जनपद/ खण्ड/विधान साभ का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराषि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | जनपद बलरामपुर में कोड़री मथुरा चौधरीडीह मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0 0.00 से किमी0 16.00 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य | 3400.00 | 50.00 | 11800 | 15 माह | ए |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.04.2025 से 06.05.2025 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 06.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 06.05.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।
निविदा से संबंधित नियम/षर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 06.05.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।
(कुमार शैलेन्द्र) अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0,बलरामपुर
उ0प्र0 232052 दि0- 09.04.2025 Web.: www.upidadv.gov.in
(योगेन्द्र सिंह) अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-देवीपाटन गोण्डा
(कार्यालय का पता-निकट एस0पी0 आवास, पुलिस लाईन, जनपद-गोण्डा)
पत्रांक 03/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रावली/पूर्वा0वि0नि0यो0/2025-26, दिनांक 03.04.2025
ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना
महामहीम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-देवीपाटन गोण्डा द्वारा 'ए', 'बी' एवं 'सी' श्रेणी (जैसी स्थिति हो) कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिये निविदा दे सकता है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू0 में (जी0एस0टी छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूर्वांचल विकास निधि योजना (वित्तीय वर्ष 2024-25) | | | | | | |
| विधानसभा-गोण्डा सदर। | | | | | | |
| 1 | गोण्डा | डी0एम0बी0 किमी0 03 से बिरवा बभनी गौशाला सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 37.13 | 0.74 | 5000 | 06 माह |
| 2 | गोण्डा | बालपुर जाट से हनुमंन नगर तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 58.08 | 1.16 | 5000 | 06 माह |
| विधानसभा-मनकापुर। | | | | | | |
| 3 | गोण्डा | उतरौला मनकापुर मेन रोड पर छोटकी देवरिया शुकुलपुरवा होते हुए करोहा नाथ मन्दिर संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 109.42 | 2.19 | 5000 | 12 माह |
| विधानसभा-कटरा बाजार। | | | | | | |
| 4 | गोण्डा | प्रधानमंत्री सड़क कमरांवा से तिवारीपुरवा, तमहीपुरवा, नागबाबा पुरवा, राम छबीले यादवपुरवा से बभनी सराय तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 149.71 | 2.99 | 5000 | 12 माह |
| विधानसभा-करनैलगंज। | | | | | | |
| 5 | गोण्डा | आटा कडरू मार्ग से लालपुरवा तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 37.16 | 0.74 | 5000 | 06 माह |
| 6 | गोण्डा | नारायणपुर मर्दन में लल्ला मन्दिर से कोरिन पुरवा तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 42.17 | 0.84 | 5000 | 06 माह |
| वि0ख0-पयागपुर। | | | | | | |
| 7 | बहराइच | ग्रा0पं0 शिवपुर बैरागी के मजरा मोती पुरवा से होते हुए प्रताप तरहर संपर्क मार्ग तक पक्की सड़क का नव निर्माण कार्य। | 126.24 | 2.53 | 5000 | 12 माह |
| वि0ख0-तेजवापुर। | | | | | | |
| 8 | बहराइच | बहराइच सीतापुर मार्ग (एस0एच0-30बी) के किमी013 से निकलकर ग्राम तेजवापुर तक पक्की सड़क का नव निर्माण कार्य। | 161.18 | 3.23 | 5000 | 12 माह |
| 9 | बहराइच | वि0ख0-तेजवापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत खसहा मोहम्मदपुर रामगांव तमाचपुर रोड के चौथे किमी0 से खालेपुरवा (ग्राम पं0मैगला) संपर्क मार्ग पर स्थित पुल तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 40.61 | 0.81 | 5000 | 06 माह |
| 10 | बहराइच | विख0-तेजवापुर ग्राम सभा मिर्जापुर बहराइच नानपारा कठाईघाट से तालाब होते हुए रानीपुर गांव तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 67.12 | 1.34 | 5000 | 06 माह |
| वि0ख0-शिवपुर। | | | | | | |
| 11 | बहराइच | ग्रामसभा डल्लापुरवा मुजेहना सम्पर्क मार्ग से गिर्दा तक मार्ग निर्माण कार्य। | 214.01 | 4.28 | 5000 | 12 माह |
| वि0ख0-बलहा। | | | | | | |
| 12 | बहराइच | वि0ख0 बलहा अन्तर्गत ग्राम ककरहा बोधवा में बेलहा-बेलहारी तटबंध के 02.00 किमी0 पर स्थित वीर सेन चौधरी स्मृति द्वार से अनन्त राम के घर होते हुए शिव मन्दिर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 40.38 | 0.81 | 5000 | 06 माह |
| वि0ख0-कैसरगंज। | | | | | | |
| 13 | बहराइच | वि0ख0-कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत नकौड़ा में कुण्डासर-हुजूरपुर मार्ग से तिलक पुरवा तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 39.95 | 0.80 | 5000 | 06 माह |
| वि0ख0-हुजूरपुर। | | | | | | |
| 14 | बहराइच | वि0ख0-हुजुरपुर ग्राम पंचायत अब्बोपुर नकहरा में गफ्फार नाऊ के घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य। | 80.74 | 1.61 | 5000 | 06 माह |
| वि0ख0-चित्तौरा सदर। | | | | | | |
| 15 | बहराइच | मोहल्ला चॉदमारी में चॉदमारी चौराहा से शिवालय होते हुए चैतूपुरवा में मिठौरी के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 108.64 | 2.17 | 5000 | 12 माह |
| वि0ख0-मिहींपुरवा। | | | | | | |
| 16 | बहराइच | वि0ख0 मिहींपुरवा ग्राम पंचायत ककरहा में प्रा0वि0 से कुदन पाल के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 34.14 | 0.68 | 5000 | 06 माह |
| 17 | बहराइच | वि0ख0 मिहींपुरवा ग्राम पंचायत कुड़वा मे अधिवक्ता मदन गोपाल वर्मा जी के घर से दिनेश लोधी के खेत तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 34.67 | 0.69 | 5000 | 06 माह |
| 18 | बहराइच | वि0ख0-मिहींपुरवा ग्रांम पंचायत ककरहा में खुशीराम में घर से आत्माराम के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 34.47 | 0.69 | 5000 | 06 माह |
| विधानसभा-भिनगा। | | | | | | |
| 19 | श्रावस्ती | ग्राम पंचायत के मजरा रामपुर चौराहे से नेपाल बार्डर जाने वाली रोड पर पुलिया(काजवे) निर्माण कार्य। | 42.03 | 0.84 | 5000 | 06 माह |

1. बेब साइट पर बिड डायक्रूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 15.04.2025 से 01.05.2025 तक।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक 01.05.2025 पूर्वान्ह 12:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 02.05.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे।
4. नियोक्ता को आई.टी.बी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है,जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से निगरानी रखें और नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर जायें।
5. विस्तृत विवरण देखने हेतु http://etender.up.nic.in को खोलें तथा बिड डाउनलोड करें।
उ0प्र0 232240 दिनांक- 11.04.2025 Web.: www.upidadv.gov.in
अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-देवीपाटन गोण्डा

नोटिस
मैं, जेसी न.-755206K सूबेदार अनिल कुमार त्रिपाठी पुत्र लक्ष्मी कान्त त्रिपाठी निवासी -1 ओ/7, तिलकनगर, तहसील, सदर, प्रयागराज, उ0 प्र0 पिन-211006, मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम GITA DEVI दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम GITA TRIPATHI है जो कि उनके आधार व पैन कार्ड में दर्ज है। अतः मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का सही नाम गीता त्रिपाठी होना न्यायहित में अत्यन्त आवश्यक है ।
सी.आर.-76/D

सूचना
मैं, no.14845337M रैंक- HAV नाम मनोज मल्लिक यूनिट- 504 ASC BN C/O- 56 APO निवासी -Vill-Nutan gram, Post- Tilabani, P.S- Simlapal,Tehsil -Khatra Dist -Bankura राज्य- पश्चिम बंगाल, पिन- 722160
मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम झीलिक पात्रा दर्ज हो गया जो कि गलत है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम झीलिक मल्लिक है जो कि सही है अतः मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम झीलिक मल्लिक होना न्यायहित में अत्यन्त आवश्यक है। झीलिक पात्रा और झीलिक मल्लिक दोनों एक ही है।
सी.आर.-76/D

आवश्यक सूचना
मदरसा अरबिया अशरफिया ज़्याउल ओलूम खैराबाद, मऊ में स0अ0 तहतानिया के दो (2) रिक्त पद व प्रधानाचार्य के एक (1) रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए दिनांक 05 मार्च 2025 के विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। बाद में प्रकाशित विज्ञापन पर नये आवेदन वांछित होंगे।
प्रबंधक- मदरसा अरबिया अशरफिया ज़्याउल ओलूम खैराबाद मऊ।
सी.आर.-74/D

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत
सूचना
सूचित हो कि मैं धर्मेन्द्र कुमार चौधरी S/o श्री बेचन प्रसाद, निवासी-मकान संख्या 177, यूनिटी सिटी, बहादुरपुर निकट प्राइमरी स्कूल, विकासनगर लखनऊ उत्तर प्रदेश -226022. मैंने अपनी पुत्री चित्रगना का नाम बदलकर अमायरा चौधरी पुत्री श्री धर्मेन्द्र कुमार चौधरी कर दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को अमायरा चौधरी के नाम से ही जाना व पहचाना जायेगा।
सी.आर.-75/L-44

# महिला पीआरडी जवान से थाने में की अभद्रता



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** पुलिस कर्मियों की तरह पीआरडी जवान भी खाकी पहन अपना फर्ज निभाते हैं। ऐसे में वह लोगों से सम्मान की उम्मीद करते हैं, लेकिन तब उन्हें काफी आघात पहुंचता है, जब पुलिस महकमा ही उनसे अभद्र व्यवहार करे। ऐसा ही एक मामला शनिवार को नाका थाने का प्रकाश में आया है। ड्यूटी पर पहुंची महिला पीआरडी जवान से थाने में मौजूद महिला दीवान ने न सिर्फ अभद्रता की, बल्कि उसे पीटने के लिये भी दौड़ पड़ी। परिसर में मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने बीच-बचाव कराते हुए महिला पीआरडी जवान को पिटने से बचा लिया। खाकीधारी के रवैये से आहत होकर पीड़िता ने डीसीपी सेंट्रल के ऑफिस पहुंच प्रार्थना-पत्र दिया, जहां उसे कार्रवाई और पूरा सम्मान दिलाने का आश्वासन दिया गया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। आलमबाग के गढ़ी कनौरा निवासी जूली शर्मा पीआरडी जवान हैं और करीब पिछले छह वर्षों से राजधानी में तैनात होकर अपनी ड्यूटी करती हैं। जूली के मुताबिक, मौजूदा समय उनकी ड्यूटी नाका कोतवाली में लगी है। परिवार में दो छोटे बच्चे होने के चलते शनिवार को वह ड्यूटी पहुंचने में महज 10 मिनट ले हो गयीं। थाने में ड्यूटी लगा रही महिला सिपाही ने देर हो जाने के कारण आमद न करने की बात कही। आरोप है कि वह उनके आमद कराने का निवेदन ही कर रही थीं कि वहां मौजूद महिला दीवान नीतू सिंह ने अभद्रता करते हुए भाग जाने को कहा। उन्होंने नीतू के व्यवहार पर आपत्ति जताई तो नीतू आग बबूला होकर गाली-गलौज करने लगी। अभद्रता करते हुए नीतू उन्हें पीटने के लिए दौड़ी, लेकिन मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने उन्हें बचा लिया। जूली का कहना है कि उनके साथ हुआ अभद्र व्यवहार थाने में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। इसके बाद उन्होंने डीसीपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

■ **महिला कांस्टेबल पर आरोप लगा पीड़िता ने डीसीपी को दिया प्रार्थना पत्र**

# 40 हजार लीटर मिथाइल अल्कोहल भरा टैंकर चढ़ा एसटीएफ के हत्थे

## चालक और ग्राहक को गिरफ्तार कर पूछताछ जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने शनिवार को मुखबिर सूचना पर सरोजनीनगर से 40 हजार लीटर मिथाइल अल्कोहल से भरे टैंकर को पकड़ा है। यह अल्कोहल कर्नाटक से राजधानी के राजाजीपुरम पहुंचाया जा रहा था। इस मामले में एसटीएफ ने टैंकर चालक और खरीददार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि उनका एक साथी फरार है। एसटीएफ के निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के मुताबिक उन्हें 10 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली की सरोजनीनगर में लखनऊ-कानपुर हाईवे पर संजीवनी हॉस्पिटल मोड़ के पास अवैध रूप से मिथाइल अल्कोहल भरा एक टैंकर खड़ा है। यह जानकारी मिलने के बाद निरीक्षक संतोष कुमार ने आबकारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह को मामले से अवगत कराया और उनसे मदद मांगी। इसके बाद दोनों टीमों ने सरोजनीनगर इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति को पुलिस फोर्स के साथ लिया और मौके पर पहुंच गए, जहां उन्हें टैंकर (एमएच 43 बीपी 8831) खड़ा मिला। इसके बाद एसटीएफ ने टैंकर चालक को पकड़ कर पूछताछ की जहां। टैंकर चालक ने अपना नाम पंजाब प्रांत में गुरदासपुर के जिगरियाल थाना अंतर्गत जुगनात निवासी अगरेज सिंह बताया। एसटीएफ ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि टैंकर में 40 हजार लीटर अवैध केमिकल है, जो कर्नाटक के मलूर कोलार से लेकर आया है और राजधानी लखनऊ स्थित राजाजी पुरम में रहने वाले गौरव गुप्ता के पास पहुंचाने जा रहा है। इस पर एसटीएफ ने टैंकर चालक को हिरासत में ले लिया और अल्कोहल की जांच के लिए उसके नमूने भरकर क्षेत्रीय आबकारी प्रयोगशाला लखनऊ भेज दिया गया। जांच में मिथाईल अल्कोहल पाया गया। इसके बाद आबकारी टीम ने राजाजीपुरम में रहने वाले गौरव गुप्ता से संपर्क किया तो पता चला कि वह वहां पर इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालित करता है। जो करीब 7 माह से किराए पर है। बाद में गौरव गुप्ता से संपर्क कर उसे बहाने से सरोजनीनगर थाने बुलाया गया और एसटीएफ ने उसे भी हिरासत में ले लिया। गौरव गुप्ता ने पूछताछ में बताया कि वह अधिक कमाई के चक्कर में बिना लाइसेंस के उक्त अल्कोहल कर्नाटक से मंगाकर थिनर, वारनिश और पेंट आदि में इस्तेमाल करने के लिए फुटकर रूप में बेचता है। उसके साथ प्रतापगढ़ के आलापुर स्थित बिजलीपुर निवासी आनंद सिंह भी मिलकर काम करता है। फिलहाल यह जानकारी होने के बाद एसटीएफ निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने सरोजनीनगर थाने में तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर टैंकर और पकड़े गए अगरेजज व गौरव को सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उक्त टैंकर कब्जे में लेने के साथ दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि फरार आनंद सिंह की तलाश की जा रही है।



## खबर एक नजर

### घर के बाहर महिला से चेन लूटने वाले धरे गए

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आशियाना पुलिस ने घर के बाहर टहल रही महिला से चेन लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के पास से लूट में इस्तेमाल हुई स्कूटी और छीनी गई चेन बरामद हुई है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि तीन अप्रैल को घर के बाहर टहलते वक्त मेवाती वर्मा से स्कूटी सवार बदमाश चेन लूट कर भागे थे। सीसी फुटेज की मदद से शनिवार को एलडीए कॉलोनी निवासी दीप अवस्थी और उन्नाव सोहरामऊ निवासी आयुष पाल को पकड़ा गया।

### जेल में कैदी की इलाज के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** जिला कारागार लखनऊ में बंद कैदी में बंद सजायाफ्ता कैदी की इलाज के दौरान शनिवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, जिला कारागार लखनऊ में आशियाना पुलिस ने नवम्बर 2024 में वही के रहने वाले विशाल वर्मा (32) को हत्या के आरोप में गिराफ्तार कर उसे जेल भेजा था। मृतक को सात साल की सजा हुई थी। बेटे मनीष के मुताबिक, कुछ दिनों से मेडिकल कालेज में उसका डायलिसिस किया जा रहा था। जिसकी शनिवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के ऊपर पत्नी की दहेज के लिए हत्या किए जाने के आरोप था।

### फिलिस्तीन का झंडा लेकर निकाला जुलूस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गुडंबा थाना क्षेत्र में स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों ने शुक्रवार को फिलिस्तीन का झंडा लेकर जुलूस निकाला। फिलिस्तीन के समर्थन में नारेबाजी की। गुडंबा थाना प्रभारी प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इंटीग्रल विवि के छात्र दिल्ली के शाहीन बाग निवासी फुरकान, अलीगढ़ के सिविल लाइन निवासी रेयान जिया, मुजफ्फरपुर चैनपुर निवासी जुनैद को गिरफ्तार किया गया है। मौके से दानिश व आजम बिलाल समेत कई छात्र भाग निकले। उनकी तलाश की जा रही है। प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यूनिवर्सिटी के पास बनी मस्जिद में दोपहर की नमाज के बाद विवि के गेट नंबर तीन पर खड़े कुछ छात्रों ने फिलिस्तीन के झंडे के साथ नारेबाजी की थी।

### मीट कारोबारी ने की महिला से छेड़खानी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** पारा सरोसा मोड़ के पास दुकान चलाने वाली महिला के साथ मीट कारोबारी ने छेड़छाड़ की। महिला के कपड़े फाड़ कर गलत काम करने का प्रयास किया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने राड से हमला कर महिला का सिर फोड़ दिया। यह आरोप लगाते हुए पीड़िता ने पारा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। सरोसा निवासी महिला बांस-बल्ली की दुकान चलाती है। दस अप्रैल की रात करीब दो बजे खटपट की आवाज होने पर नींद टूटी। महिला झोपड़ी से बाहर निकली तो मीट कारोबारी अनीस खड़ा दिखाई पड़ा। आरोपित ने महिला को देखते ही अपशब्द कहे। मना करने पर अनीस ने महिला के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। बात नहीं मानने पर कपड़े फाड़ दिए। अनीस की इस हरकत से पीड़िता घबरा गई। मदद के लिए शोर मचाने का पर आरोपी ने राड से हमला कर महिला का सिर फोड़ कर मौके से भाग गया। जिसके बाद महिला ने पति को घटना की जानकारी दी। उपचार कराने के बाद पारा कोतवाली में अनीस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### खत्म हुआ यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की ज्वॉइनिंग डेट का इंतजार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की ज्वॉइनिंग डेट के इंतजार की घड़ियां अब खत्म हुईं। 21 अप्रैल से मेडिकल एग्जामिनेशन और कैरेक्टर वेरिफिकेशन होगा। इसके बाद बाद जून से ट्रेनिंग दी जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश में सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा हुई थी। जिसमें चुने गए अभ्यर्थियों की जेसीटी (ज्वॉइनिंग कांस्टेबल ट्रेनिंग) जून से शुरू होगी। इसका पूरा कार्यक्रम डीजीपी मुख्यालय में आईजी स्थापना ने जारी कर दिया है। यह पत्र सभी पुलिस कमिश्नर और जिलों के कप्तानों को भेजे गए हैं। भेजे गये पत्र के मुताबिक चुने गए अभ्यर्थियों का मेडिकल एग्जामिनेशन और कैरेक्टर वेरिफिकेशन का काम पूरा होने के बाद 17 जून से जिलों में उनकी जनरल ट्रेनिंग होगी। जिसमें उन्हें पुलिस के कामकाज के बारे में बताया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था करने को कहा गया है।

### मोहनलालगंज में गिरा पेड़, रास्ता बाधित

**स्वतंत्र भारत मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज के ओल्ड पॉवर हाउस परिसर में लगा पेड़ शनिवार दोपहर बाद कालेश्वर पुरम कालोनी को जाने वाले रास्ते में गिर गया। जिससे रास्ता बंद हो गया। लोगों को दूसरे रास्ते से आना जाना पड़ा। सोशल मीडिया में मैसेज वॉयरल होने के बाद पेड़ काटकर हटाया गया। शाम लगभग साढे चार बजे अचानक पेड़ रास्ते पर गिर पड़ा। गनीमत रही उस समय वहां से कोई गुजर नही रहा था। रायबरेली हाइवे से कालोनी जाने वाला रास्ता बंद हो गया। लोगो ने सोशल मीडिया में मैसेज वॉयरल कर जानकारी दी जिसके बाद पेड़ काट कर हटाया गया।

# योगा टीचर को डिजिटल अरेस्ट कर 8 लाख की ठगी

## मुंबई पुलिस कर्मी बन साइबर जालसाज ने लिया झांसे में

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल मनी लांड्रिंग में शामिल होने का झांसा देकर नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज की योगा टीचर से 8 लाख की ठगी की है। मुंबई पुलिस का सब इंस्पेक्टर बनकर जालसाज ने 24 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर सुप्रीम कोर्ट का पत्र भेजकर फंसाया। अरेस्ट वारंट की बात कहते हुए जेल भेजने की धमकी दी। इसपर पीड़िता ने एफडी तोड़कर रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इंदिरानगर सेक्टर-12 स्थित सूर्या इंक्लेव निवासी 58 वर्षीय शोभा रानी नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज में योगा टीचर हैं। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल की सुबह 9:45 बजे एक व्हाट्सएप कॉल आई। फोन के पीछे कोलाबा पुलिस स्टेशन दिख रहा था। फोनकर्ता ने अपना परिचय सब इंस्पेक्टर अजय भास्कर के रूप के दिया। बताया कि आपका नाम नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में आया है। जिसमें आपके एक बैंक खाते का इस्तेमाल हुआ है। उस खाते में वूमेन एंड चाइल्ड ट्रैफिकिंग में प्रयोग रुपये की लेनदेन हुई है। यह सुनकर वह घबरा गई। जालसाज ने बोला कि आपका केनरा बैंक में खाता है। इसपर शोभा रानी ने कहा कि वह कभी मुंबई नहीं गई और न ही उनका केनरा बैंक में खाता है। उन्हें बताया गया कि आपके खिलाफ एफआईआर दर्ज है। आपके व्हाट्सएप पर एक नंबर भेजा है। बात कर लीजिए। सादे कपड़ों में पुलिस आपके पीछे लगी है, आप सर्विलांस पर हैं। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट की गोपनीयता बताते हुए छह पन्नों का एक पत्र भेजा। जालसाज ने कहा कि आपके नाम अरेस्ट वारंट है। लिहाजा आपको अरेस्ट कर पूछताछ की जाएगी। साथ ही अगर गिरफ्तारी से बचना है तो जांच के सहयोग करना होगा। आपके खाते में जमा रुपयों की जांच करनी पड़ेगी। इस दौरान आप लगातार वीडियो कॉल पर बनी रहेंगी। अगर किसी को कुछ बताया तो आपको और परिवार को जेल भेजना पड़ेगा। शोभा रानी ने बताया कि लगातार 24 घंटे तक उन्हें डराया धमकाया गया। फिर 9 अप्रैल की सुबह बैंक जाकर रुपये ट्रांसफर करने को कहा। ठगों की मंशा से अंजान पीड़िता ने बैंक ऑफ बड़ौदा की तीन एफडी तोड़कर दिए गए खाते में 8 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद फोन कट गया। दोबारा संपर्क न होने पर पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने शुक्रवार को साइबर क्राइम थाने में धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

■ **एफडी तोड़ पीड़िता ने आरटीजीएस की रकम**

■ **साइबर क्राइम सेल केस दर्ज कर जांच में जुटी**

# मानसिक रोगी ने कॉल 112 पर रेप के बाद हत्या की सूचना दे मचाई खलबली

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,** लखनऊ। राजधानी के गाजीपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे डॉयल-112 पर रेप और हत्या की सूचना दी। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी तत्काल बताए गए घटना स्थल पर पहुंचे। जहां कुछ भी ऐसे नहीं मिला। मोबाइल नंबर की मदद से सूचना देने वाले के पास पहुंचे। तब महिला के मानसिक रोगी होने की बात पता चली। पुलिस ने बताया कि डी-ब्लॉक इंदिरा नगर की रहने वाली आकांक्षा द्विवेदी ने शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे पुलिस को कॉल की। कॉल पर इलाके के एक अन्य मकान का नंबर बताकर बोला कि नौकरानी की रेप के बाद हत्या हो गई। सूचना पर पुलिस टीम बताए गए पते पर पहुंची, जहां पूछताछ की तो घटना की कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद आकांक्षा ने फोन रिसीव करना बंद कर दिया। इलाके में करीब एक घंटे तक घूमकर घटना की जानकारी करते रहे। लेकिन कुछ पता नहीं चला। घंटो हलकान रहने के बाद नंबर की लोकेशन से पहुंची पुलिस काफी परेशान होने के बाद पुलिस टीम मोबाइल लोकेशन की मदद से सूचना देने वाली महिला के पास पहुंची। जहां उसके मानसिक रोगी होने की जानकारी मिली। जांच के दौरान पता चला कि रोजाना पुलिस को 8-10 कॉल करके परेशान करती है। डॉयल 112 पर अलग-अलग शिकायत करके महीने भर में करीब 150 से ज्यादा कॉल कर चुकी है। महिला मकान की दूसरी मंजिल पर मौजूद थी। वहीं ख? होकर पुलिस को उल्टा सीधा बोलने लगी। इस पर पुलिस ने बातचीत के लिए नीचे आने के लिए कहा तो कहने लगी अब सीएम या पीएम ही आएंगे महिला की मदद करने। तुम लोगों से कुछ नहीं होगा। एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि महिला मानसिक रूप से कमजोर है। घर में परिवार के अन्य लोग भी हैं, लेकिन सब लगभग उसी स्थिति में हैं। ऐसे में कार्रवाई करना उचित नहीं है। गलत सूचना से पुलिस का समय खराब होता है।

■ **फर्जी सूचना से घंटो पुलिस रही हलकाल**

# दवा सप्लाई के टेंडर के नाम पर ठगी करने वाला गैंगस्टर साथी संग गिरफ्तार

## आरोपियों ने पीड़ित को लगाया था 26 लाख का चूना

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गोमतीनगर पुलिस ने दवा सप्लाई का टेण्डर दिलाने का झांसा देकर करीब 26 लाख की धोखाधड़ी करने वाले गैंगस्टर को उसके साथी संग गिरफ्तार किया। आरोपितों के खिलाफ गोमतीनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। वहीं, वजीरगंज पुलिस ने मोबाइल लूट की वारदात में शामिल गैंगस्टर को पकड़ा है।

इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि इन्दिरानगर निवासी पुष्पेश जालान और हजरतगंज निवाी नरेंद्र तुल्सियान को पकड़ा गया। 18 जून 2023 को आरोपितों के खिलाफ राजेश खन्ना ने मुकदमा दर्ज कराया था। सरगना पुष्पेश ने दवा सप्लाई का टेण्डर दिलाने का झांसा देते हुए पीड़ित से करीब 26 लाख रुपये लिए थे। इंस्पेक्टर राजेश ने बताया कि धोखाधड़ी में पुष्पेश के साथ उसकी मां सरोज देवी, पत्नी शिखा, भाई ऋतुराज और परिचित कृष्ण कुमार भी शामिल हैं। जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। उधर, वजीरगंज इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र की टीम ने कैसरबाग खंदारी बाजार निवासी मो. अनस को गिरफ्तार किया। आरोपी ने गिरोह के सरगना फैजान अली के साथ मिल कर मोबाइल छीनने की कई वारदातों को अंजाम दिया है।



# डी फार्मा छात्र ने फंदे से लटक कर दी जान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** थाना मड़ियांव क्षेत्र के फैजुल्लागंज में गाजीपुर बलराम के रहने वाले छात्र (18) आईआईएम रोड स्थित एक प्राइवेट इंस्टिट्यूट में डी फार्मा प्रथम वर्ष का छात्र था शुक्रवार की रात किचेन में छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया ।परिजन जब सुबह उठे तो छात्र को कुंडे से लटका पाया तुरंत नीचे उतार कर ट्रामा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया मौके पर कोई सुसाइड नोट नही मिला। मृतक के पिता संजय ने बताया कि उनका बेटा शुक्रवार रात खाना खाने के बाद कमरे में चला गया था उसके बाद उनके चाचा कृष्णा जब तड़के सो कर उठे तो घर में बने किचन में जाकर देखा तो उनके भतीजे को दुपट्टे एवं कुंडे के सहारे लटकता देख उनके तो होश उड़ गए। वह घर के सदस्यों को बुलाकर लटक रहे सुशील को फंदे से उतारकर फौरन इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक शुशील के पिता संजय फैब्रिकेटिंग का काम करते हैं। परिवार में मां सविता बड़ा भाई सुधीर है।

### 12वीं के छात्र ने लगाई फांसी

गुड़ंबा थाना क्षेत्र में 12वीं की छात्रा (17 )ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। पुलिस को मौके से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, रुद्रिका शर्मा (17)पुत्री मंगेश शर्मा निवासी कल्यापुर 12 वी की छात्रा था। शुक्रवार की देर रात को घर की दूसरी मंजिल पर फंखे में दुप्पटे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची गुडम्बा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ट्रामा सेंटर भेज दिया।गुडम्बा थाना प्रभारी प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर कोई सुसाइड नोट नही मिला है। इसलिये सुसाइड का कारण पता नही चल पाया है।

# आउटर रिंग रोड पर दो बाइक टकराई, छात्र की मौत

**स्वतंत्र भारत काकोरी, संवाददाता।** काकोरी आउटर रिंग रोड के पास शनिवार दोपहर दो बाइक टकरा गई। हादसे में मदरसे से पढ़ कर लौट रहे छात्र की मौत हुई। वहीं, तीन युवक घायल हुए। जिन्हें केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। दोनों गांव निवासी किसान फुरकान का बेटा अब्दुल रहमान (20) मदरसे से आलिम की पढ़ाई कर रहा है। दोपहर में अब्दुल बाइक से घर लौट रहा था। आउटर रिंग रोड सैदपुर के सर्विस लेन से रॉग साइड आ रहे बाइक ने अब्दुल की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अब्दुल और उसका दोस्त गम्भीर रूप से घायल हुए। दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों को भी चोट लगी। केजीएमयू ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान देर शाम अब्दुल की मौत हुई।

### बाग जाते वक्त पिता को घायल मिला बेटा

फुरकान की ससुराल सैदपुर में है। शनिवार को फुरकान आम की बाग जा रहे थे। सर्विस लेन के पास पहुंचने पर काफी भीड़ लगी थी। फुरकान भी रूक गए। इस बीच उनकी नजर बेटे अब्दुल पर पड़ी। जो खून से लथपथ था। बेटे की हालत देख फुरकान चीख पड़े।

# स्कूल से लौट रही आया से बदमाशों ने लूटी बाली

**स्वतंत्र भारत काकोरी।** दुबग्गा आम्रपाली कॉलोनी में शनिवार शाम स्कूटी सवार बदमाश एक महिला से बाली लूट कर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। मधवापुर निवासी अनीता देवी (40) आम्रपाली कॉलोनी स्थित पब्लिक स्कूल में आया का काम करती है। शनिवार शाम करीब छह बजे अनीता स्कूल से घर लौट रही थी। उसके साथ सहेली रंजना भी थी। दोनों लोग स्कूल से चंद कदम दूर पहुंची थी। तभी स्कूटी सवार बदमाश आ धमके और झपट्टा मार कर अनीता की बाली नोंच कर भाग गए।

# नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से एक लाख की ठगी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** अलीगंज कोतवाली में युवक ने नौकरी का झांसा देकर एक लाख की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपितों ने लक्जमबर्ग में नौकरी लगवाने का दावा किया था। सेक्टर-एच निवासी अविनाश चंद्र ने फेसबुक पर एक पोस्ट देखी थी। जिसमें लक्जमबर्ग में नौकरी करने का ऑफर था। अविनाश ने यह बात दोस्त सौरभ सिंह को बताई। जिसके बाद दोनों की बात मोमिता सिन्हा और ध्रुव शर्मा से हुई। आरोपितों ने बताया कि यूरोप के देशों में लक्जमबर्ग सबसे अधिक प्रसिद्ध है। यहां पर नौकरी लगने पर प्रतिमाह भारतीय करेंसी में चार लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। यह बात सुन कर अविनाश और सौरभ झांसे में फंस गए। विदेश जाने के लिए वीजा और अन्य मदों को पूरा करने के नाम पर दोनों से 50-50 हजार रुपये लिए गए। इसके बाद व्हाटसएप पर ही वर्क परमिट भेजा गया। पीड़ितों ने एम्बेसी से वर्क परमिट चेक कराया तो फर्जीवाडा किए जाने की बात सामने आई। इंस्पेक्टर अलीगंज विनोद तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।।

# कार की टक्कर से मां-बेटे 10 फुट उछलकर डिवाइडर पर गिरे, मौत

**स्वतंत्र भारत लखनऊ ठाकुरगंज।** ठाकुरगंज में अटल प्रेरणा स्थल के पास शुक्रवार रात शादी समारोह में जा रहे फर्जीचर कारीगर की स्कूटी में कार सवार ने टक्कर मार दी। इससे स्कूटी पर सवार पत्नी और बेटा उछलकर 10 फुट दूर डिवाइडर से टकरा गए। सिर में गभीर चोट के कारण पत्नी की मौके पर मौत हो गई। बेटे को केजीएमयू ट्रामा सेंटर ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डिवाइडर पर गिरने से फटे मां-बेटे के सिर बंसतकुंज सेक्टर आई निवासी फर्नीचर कारीगर मतीनुद्दीन को शुक्रवार रात शादी समारोह में जाना था। रात करीब आठ बजे स्कूटी से मतीनुद्दीन पत्नी सीमा वारसी (35) और बेटे ईशान (10) के साथ स्कूटी से निकले। अटल प्रेरणा स्थल होते हुए बादशाहनगर की तरफ जा रहे थे। प्रेरणा स्थल चौराहे के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिससे सीमा और बेटा ईशान स्कूटी से हवा में करीब दस फीट उछले और डिवाइडर पर जा गिरे। मां-बेटे के सिर फट चुके थे। बेतहाशा खून बह रहा था। वहीं, स्कूटी समेत गिरने से मतीनुद्दीन का कंधा टूट गया।

### फुटेज की मदद से आरोपी ड्राईवर की तलाश

इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि घटना स्थल के पास लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जिसकी मदद से आरोपी ड्राइवर को जल्द पकड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टंटबाजों के खिलाफ लगातार अभियान चलता है। जिसमें तेजी लाई जाएगी।

# राष्ट्र की आत्मा होती है संस्कृति



- हृदयनारायण दीक्षित

संस्कृति मनुष्यता के सत्कर्मों का शिव और सौंदर्य है। यह राष्ट्र की आत्मा होती है। राष्ट्र किसी सुनिश्चित भूमि पर लोगों के रहने के आधार पर ही नहीं बनते। भूमि, जन और राजव्यवस्था से राज्य बनते हैं। लेकिन राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण घटक संस्कृति है। संस्कृति का मूल आधार दर्शन होता है। राष्ट्र का दार्शनिक चिंतन ही राष्ट्रजीवन का बीज है। यही संस्कृति को विकसित होने की प्रेरणा देता है। कुछ विद्वान दर्शन को बौद्धिक कार्रवाई कहते हैं। प्रत्यक्ष, प्रमाण, अनुमान, तर्क, संशय, संदेह और सकारात्मक चिंतन के मूल उपकरण हैं। भारतीय दर्शन की प्रतिष्ठा समूचे विश्व में है। दार्शनिक विकास भी 100-50 वर्ष का काम नहीं है। भारत में हजारों वर्ष पीछे से सांस्कृतिक निरंतरता का प्रवाह है। इस सांस्कृतिक विकास को दर्शन और विज्ञान की धाराओं ने लगातार मजबूत किया है। दुनिया के अधिकांश देशों में सांस्कृतिक विकास के पहले दर्शन नहीं था। समाज ने उन्नति की। पंथ और संप्रदाय ने समाज जीवन को नियंत्रित किया। शुभ और अशुभ की विभाजक रेखाएं विकसित हुईं। पंथिक विकासके क्रम में विश्वास का वातावरण बना। इस विकास में तर्क और संशय नहीं थे। पंथ और विश्वास बढ़ते गए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण को स्वीकारने का साहस नहीं हुआ। विचार अंधविश्वास हो गए।

भारत में ऐसा नहीं हुआ। भारत में दर्शन का जन्म जिज्ञासा से हुआ है। आदिम समाज में धरती, आकाश, सूर्य, और चन्द्र के प्रति जिज्ञासा थी। इस जिज्ञासा ने सोच, विचार और अध्ययन के नए रास्ते खोल दिए। तर्क चले। कुतर्क भी चले। लेकिन दर्शनाभिलाषी सतर्क रहे। तर्क ही यहाँ मार्गदर्शक रहा है। मूर्ति देव प्रतीक होती हैं। यह साधारण पत्थर या मिटटी नहीं है। इसलिए मंदिर में जाने को दर्शन करना कहा जाता है। सतत् विवेचन से दर्शन की प्रतिष्ठा बढ़ी। विज्ञान और दर्शन में अंधविश्वास को जगह नहीं है। संकीर्णता के लिए भी कोई स्थान नहीं है। पूर्वजों ने समूचे अस्तित्व को एक इकाई जाना था। वैदिक काल में दार्शनिक चिंतन की सुस्पष्ट धारा दिखाई पड़ती है। ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहा है। इस सूक्त के प्रत्येक शब्द में जिज्ञासा का अमृतघट उफनाता दिखाई पड़ता है। सूक्त के रचयिता ऋषि परमेष्ठिन हैं। कहते हैं, 'तब न सत् था, न असत्।' न दिवस था न रात्रि। कौन जानता है कि पहले क्या था? सृष्टि का अध्यक्ष भी नहीं जानता होगा कि सबसे पहले क्या था? यह सूक्त सृष्टि रहस्यों की जिज्ञासा से जुड़ा है। तब से लेकर प्राचीन भारतीय दर्शन में तर्क, बहस और शास्त्रार्थ जीवंत परंपरा है। गीता और उपनिषदों में यही परंपरा आज तक जारी है। यह धारा बेशक किसी न किसी कालखण्ड में मध्यम भी रही है।




गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया है कि, 'यह ज्ञान मैंने सूर्य को, सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को बताया था। समय के अंतराल में यह ज्ञान लुप्त हुआ। अब मैं तुमको वही ज्ञान दे रहा हूं।' ज्ञान सदा रहता है। सनातन है ज्ञान का तत्व। भारत की धरती पर मूल ज्ञान को युग अनुसार बनाए रखने वाले महानुभावों की लम्बी परंपरा है। यह ज्ञान सबसे पहले ऋग्वेद में, फिर उपनिषदों में, दार्शनिक चिंतन में, गीता और ब्रह्मसूत्र में दिखाई पड़ता है। रामायण में इसी ज्ञान के प्रतिरूप मर्यादा पुरुषोत्तम राम हैं। गीता में श्रीकृष्ण हैं। बुद्ध, महावीर भी इसी धारा के शीर्ष व्यक्तित्व हैं। सांख्य दर्शन के ऋषि कपिल हैं। योग दर्शन के पतंजलि हैं। इसी परंपरा में विवेकानंद, दयानंद जैसे महान व्यक्तित्व हैं। इन सब के बीच अद्वैत दर्शन के प्रचारक शंकराचार्य हैं। शंकराचार्य ने अपने शोध, बोध व आचरण से वैदिक दर्शन को भारतीय स्वाभिमान का सनातन तत्व पाया है। उन्होंने अल्प आयु में ही गीता, ब्रह्मसूत्र और तमाम उपनिषदों का भाष्य किया है। पूरे देश की यात्राएं कीं। वेदांत दर्शन पर तमाम तर्क हुए। विद्वानों ने तमाम प्रश्न पूछे। शंकराचार्य ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। ईश्वर और मोक्ष जैसे गूढ़ और जटिल विषयों पर उनकी व्याख्या अद्भुत है।

शंकराचार्य की दार्शनिक अनुभूति का प्रभाव तत्कालीन समाज पर पड़ा ही था। उन्होंने लम्बी दूरी की यात्राएं कीं। व्यापक जनसम्पर्क किया। उन्होंने शास्त्रार्थ में बौद्ध विद्वानों को भी प्रभावित किया। शंकराचार्य के समय बौद्ध पंथ का प्रभाव फैल रहा था। राज्याश्रयी होने के कारण बुद्ध विचार के प्रचार का काम भी सरल था। वेदांत का तत्व विवेचन आसान नहीं पर आचार्य शंकर ने शब्द गर्भ में पैठकर सार और असार का अनावरण किया है। दर्शन का अर्थ है- सत्यानुभूति, लेकिन सत्य की अनुभूति आसान नहीं। यह प्रवचन से असंभव है। मेधा शक्ति भी आत्म तत्व तक नहीं पहुँचती है। तर्क से भी बात नहीं बनती। सामान्यतया भक्ति, सन्यास और योग कर्म ईश्वर की प्राप्ति के उपकरण माने जाते हैं, लेकिन शंकराचार्य इनमें से किसी उपकरण को ब्रह्म अनुभूति का साधन नहीं मानते।

शंकराचार्य के वास्तविक समय के सम्बंध में मतभेद है। वैसे अधिकांश विद्वानों के अनुसार उनका समय 788 ई. से 820 ई. तक माना जाता है। इसका मुख्य ग्रंथ ब्रह्मसूत्र है। उनके दर्शन से भारतीय ज्ञान साधना ने आकाश जैसी ऊंचाई पाई। वेदांत दर्शन भारतीय राष्ट्रभाव का प्रतिनिधि दर्शन है। ब्रह्मसूत्र ब्रह्म जिज्ञासा से प्रारंभ होता है। दार्शनिक परंपरा में ब्रह्म को लेकर काफी तर्क चले हैं। शंकराचार्य ने ब्रह्म को सत्य बताया है और संसार को मिथ्या। वेदांत दर्शन के जानकारों के लिए यह कोई नई बात नहीं है लेकिन विराट को प्रकट करने के लिए शब्द अर्थ ही पर्याप्त नहीं होते।

शंकराचार्य का ब्रह्म समूचे अस्तित्व में कण कण में व्याप्त है। इसका न जन्म होता है और न मृत्यु। यह अजन्मा है। सदा से है। सदा रहता है। शंकर ने इसे नित्य कहा है। नित्य का अर्थ है कि इस पर काल का प्रभाव नहीं पड़ता है। ब्रह्म काल के भीतर भी है और बाहर भी है। काल अबाधित है। इसका बोध भक्ति से नहीं होता। इसके विपरीत संसार के प्रत्येक पदार्थ कालाधीन हैं। काल प्रभाव में है। नदियां अपने संगीत में बहती हैं। नदी का जन्म शिखर ऊंचाई पर पत्थर की खोह से निकले जल से होता है। जल अपनी प्रकृति में रसपूर्ण और प्रवाहमान है। सदा ऊपर से नीचे की ओर बहता है। नदी नाद आनंददायी है। लेकिन नदियां नित्य नहीं अनित्य हैं। काल के अधीन हैं। वैदिक ऋषियों की दृष्टि में नदीतमा रही सरस्वती भयावह जल प्रलय के समय खण्डों में टूट गई। संसार की प्रत्येक वस्तु काल के अधीन है। जीवन की भी अवधि होती है। इसलिए सारी वस्तुएं पदार्थ और प्राणी अनित्य हैं। वे ब्रह्म की तरह नित्य नहीं हैं। ब्रह्म नित्य है, जगत् अनित्य है। जगत् को शंकर ने मिथ्या कहा है। मिथ्या का अर्थ अस्तित्वविहीन होना नहीं है। जो क्षणभंगुर है, वही शंकराचार्य की दृष्टि में मिथ्या है और जिस पर भूत, भविष्य, वर्तमान का कोई प्रभाव नहीं पड़ता, जो सभी कालों, दशाओं और दिशाओं में उपस्थित रहता है, वह ब्रह्म है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### कजाकी

मालूम नहीं अब वह आदत क्यों बदल गयी। अब भी वही हालत होती तो शायद इतना फाकेमस्त न रहता। बाबूजी मुझे प्यार तो कभी न करते थे; पर पैसे खूब देते थे, शायट अपने काम में व्यस्त रहने के कारण, मुझसे पिंड छुड़ाने के लिए इसी नुस्खे को सबसे आसान समझते थे। इन्कार करने में मेरे रोने और मचलने का भय था। इस बाधा को वह दूर ही से टाल देते थे। अम्मां जी का स्वभाव इसके ठीक प्रतिकूल था। उन्हें मेरे रोने और मचलने से किसी काम में बाधा पड़ने का भय न था। आदमी लेटे-लेटे दिन भर रोना सुन सकता है; हिसाब लगाते हुए जोर की आवाज से ध्यान बंट जाता है। अम्मां मुझे प्यार तो बहुत करती थीं, पर पैसे का नाम सुनते ही उनकी त्योरियां बदल जाती थीं। मेरे पास किताबें न थीं। हां, एक वस्ता था, जिसमें डाकखाने के दो-चार फार्म तह करके पुस्तक रूप में रखे हुए थे। मैंने सोचा-दाल, नमक और घी के लिए क्या उतने पैसे काफी न होंगे ? मेरी तो मुट्ठी में नहीं आते। यह निश्चय करके मैंने कहा-अच्छा, मुझे उतार दो, तो मैं दाल और नमक ला दूं, मगर रोज आया करोगे न ? कजाकी-भैया, खाने को दोगे, तो क्यों न आऊंगा।

मैंने कहा-मैं रोज खाने को दूंगा।

कजाकी बोला-तो मैं रोज आऊंगा।

मैं नीचे उतरा और दौड़ कर सारी पूंजी उठा लाया। कजाकी को रोज बुलाने के लिए उस वक्त मेरे पास कोहनूर हीरा भी होता तो उसको भेंट करने में मुझे पसोपेश न होता।

कजाकी ने विस्मित हो कर पूछा- ये पैसे कहां पाये, भैया ?

मैंने गर्व से कहा-मेरे ही तो हैं।

कजाकी-तुम्हारी अम्मां जी तुमको मारेंगी, कहेंगी- कजाकी ने फुसला कर मंगवा लिये होंगे। भैया, इन पैसों की मिठाई ले लेना और आटा मटके में रख देना। मैं भूखों नहीं मरता। मेरे दो हाथ हैं। मैं भला भूखों मर सकता हूं?

मैंने बहुत कहा कि पैसे मेरे हैं, लेकिन कजाकी ने न लिए। उसने बड़ी देर तक इधर-उधर की सैर करायी, गीत सुनाये और मुझे घर पहुंचा कर चला गया। मेरे द्वार पर आटे की टोकरी भी रख दी। क्रमशः...

# राष्ट्रीय पुनरुत्थान की प्रेरणा का पर्व- वैशाखी

भारतवर्ष मेलों और त्यौहारों का देश है। इनमें से कुछ का सम्बन्ध धर्म के साथ है तो कुछ का इतिहास के साथ और कुछ का सम्बन्ध मौसम के साथ है। पंजाब में उमंग और उत्साह के साथ



- सुभाष आनन्द

मनाया जाने वाला जोशीला पर्व वैशाखी मूलतः एक मौसमी पर्व है। किसानों द्वारा अपने खून पसीने से तैयार की गई फसल के घर आने की खुशी से उत्साह और उमंग से यह पर्व मनाया जाता है। यह त्यौहार वीर और स्वाभिमानी पंजाबियों की भावना का भी प्रतीक है। सिखों के दसवें गुरू गोविन्द सिंह जी ने इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी जिसके कारण इस त्यौहार की महानता और गरिमा और बढ़ जाती है। यह त्यौहार भारत के स्वतत्रता संग्राम से भी जुड़ा हुआ है। इसी दिन 1919 में जालियांवाला बाग में आजादी के दीवानों पर अंग्रेजी



सरकार ने प्रहार किया था।गुरु गोविन्द सिंह जी के समय में देश की सामाजिक और राजनीतिक दशा इतनी भयानक थी कि लोगों का मनोबल पूर्ण रूप से गिर चुका था। वह विदेशी लुटेरों से अपनी बहू-बेटियों की इज्जत की रक्षा करने तक में समर्थ नहीं थे। हिन्दू बालाएं और बहू-बेटियां टके-टके के भाव से मण्डी में बेची-खरीदी जाती थी।

हिन्दू बहू, बेटियों की इज्जत सरेआम लूटी जाती थी। गुरु जी से यह दशा देखी न गई और उन्होंने निश्चय किया कि समाज में परिवर्तन लाया जाए। अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए गुरुजी ने वैशाखी के दिन देश-विदेश में बसे अपने अनुयाइयों को आनन्दपुर साहिब पहुंचने का आदेश दिया। इतिहासकारों के अनुसार वहां 80 हजार से भी ज्यादा लोग पहुंचे। कीर्तन शुरू हुआ। कीर्तन के समाप्त होने पर गुरु जी ने नंगी तलवार लिए पूरे जोश से लोगों को सम्बोधित किया। प्यारी साध-संगत इस समय मानवता को बचाने के लिए सभी शांतिपूर्ण रास्ते बंद हो चुके है। मानवता को बचाने के लिए मुझे कुछ कुर्बानियों की जरुरत है। जिससे मनुष्यता की रक्षा हो सके और मानव जीवन सुरक्षित रह सके। ज्यों ही गुरु जी ने शीश मांगे, त्यों ही लाहौर निवासी भाई दयाराम, जो जाति के क्षत्रिय थे, मंच पर शीश देने आए। गुरु जी उसे एक तंबू में ले गए कुछ समय पश्चात रक्त रंजित तलवार लेकर मंच पर लौट आए। एक अन्य शीश की मांग की, इस बार उनकी मांग पर दिल्ली के भाई धरमदास जाट आए। गुरु जी की मांग पर तीन अन्य उड़ीसा के हिम्मतराय, द्वारिका के भाई मोहकम चन्द्र और विदर के भाई साहिबचन्द्र को गुरूजी तंबू में ले गए।

थोड़ी देर बाद गुरु जी इन पांचों को लेकर मंच पर पधारे। पंडाल में बैठे लोग इन लोगों को जिंदा देखकर हैरान हो गए। वे पांचों एक समान पोशाक धारण किए हुए थे। गुरुजी ने बांटे (लोहपात्र) में बताशों से अमृत तैयार करके पांचों को पिलाया। जाति भेद मिटाकर उनको पांच प्यारों की संज्ञा दी। साथ ही उनको पांच ककार- केश-कंघा-कड़ा-कच्छा-कृपाण धारण करने का आदेश दिया।

## ।। चाणक्य नीति ।।

+++

**देहाभिमाने गलिते ज्ञानेन परमात्मनि।**
**यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र समाधयः।।**

परमात्म का ज्ञान प्राप्त कर लेने पर जब मनुष्य का देहाभिमान छूट जाता है, तो वह अपने को शरीर न मानकर उससे भिन्न मानने लगता। है। तब उसका मन जहां भी जाता है, उसे वहीं समाधि की अनुभूति होने लगती है, अर्थात् वह जागृतावस्था में ही समाधि की स्थिति में पहुंच जाता है।

+++

**ईप्सितं मनसः सर्च कस्य सम्पद्यते सुखम्।**
**दैवायत्तं यतः सर्वं तस्मात् सन्तोषमाश्रयेत्।।**

संसार में किसी को भी मनचाहा सुख नहीं मिलता। सुख- दुःख की प्राप्ति ईश्वर के अधीन है। अतः मनुष्य को जितना भी सुख मिलता है, उसे उतने से ही सन्तोष कर लेना चाहिए, अधिक प्राप्ति की चाह में अपने को दुखी नहीं करना चाहिए।

+++

**यश धेनुसहस्त्रेषु वत्सो गच्छति मातरम्।**
**तथावद्धि कृतं कर्म कर्तारमनुगच्छति।।**

जिस प्रकार गाय का बछाड़ा हजारों गायों की बीच खड़ी अपनी माता के पास जा पहुंचता है, उसी प्रकार मनुष्य का कर्म भी कर्त्ता को खोज निकालता है, अर्थात् मनुष्य अपने किये कर्म का फल भोगने से बच नहीं सकता।

+++

## ।। अमृत कलश।।

### अपना कार्य स्वयं करें

ट्रेन बंगाल के छोटे-से स्टेशन पर रुकी। प्रथम श्रेणी के डिब्बे से एक नवयुवक बाहर निकला, उसके पास मात्र एक छोटी-सी संदूकची थी। वह कुली को पुकारने लगा लेकिन उस छोटे-से स्टेशन पर कुली कहां मिलता। तभी ग्रामीण वेशभूषा में एक अधेड़ व्यक्ति उस युवक के पास गया। युवक ने उसे कुली समझकर कहा, तुम लोग बड़े लापरवाह हो, उठाओ इसे और चलो।

अधेड़ ने संदूकची उठाई और युवक के पीछे चलने लगा। घर पहुंचकर युवक जब उसे पारिश्रमिक देने लगा तो उसने लेने से इनकार कर दिया।

युवक उससे इसका कारण पूछ रहा था तभी युवक का भाई बाहर निकल आया और अधेड़ को नमस्कार किया। इससे युवक को पता चल गया कि जिस व्यक्ति से वह संदूकची उठवाकर लाया है वह कुली नहीं बल्कि सुप्रतिष्ठित विद्वान ईश्वरचंद्र विद्यासागर हैं तो वह उनके चरणों में गिर पड़ा।

ईश्वरचंद्र बोले, जिस दिन मेरे देश के युवक निरर्थक गर्व का परित्याग कर यह जान लेंगे कि अपना काम स्वयं करना गौरव की बात है तभी वह स्वावलंबी बन पाएंगे। यही मेरे लिए सबसे बड़ा पारिश्रमिक है।



## काँव-काँव



+++

**भारतीय हुनर की पूरी दुनिया में पहचान-मोदी**
हमारे नेताओं के हुनर सबसे ज्यादा चर्चा में!

**मौलिक अधिकारों पर सोचे प्रवर्तन विभाग-कोर्ट**
अभी सिर्फ नौकरी की सोच बची है माईबाप!

**कर्नाटक में जातीय जनगणना को मिली मंजूरी**
राजनीतिक नाटकों के लिये कर्नाटक सही है!

**दिल्ली में नयी आबकारी नीति लायेगी भाजपा**
यूपी में शराबियों का रामराज्य चालू हो चुका है!

**बिहार चुनावों के लिये राणा का प्रत्यर्पण-राऊत**
युद्ध, प्रेम और चुनावों में सब कुछ जायज़ है!

**पूर्व न्यायाधीश को नहीं मिल रहा अच्छा मकान**
पीएम आवास योजना के मकान भी अच्छे हैं!

**अन्य शहरों में भी हमले की साजिश रच रहा था राणा**
खून जो मुंह लग गया था!

**पुख्ता साक्ष्य होने पर ही सीबीआई जांच-कोर्ट**
तब 'आकाओं' के काम कैसे आएगी एजेंसी?

+++

# नक्सलियों की समझ में आने लगी है विकास की बात

वर्ष 1972 में जब चम्बल के दस्युओं से आम जनता ही नहीं, केंद्र और राज्य सरकारें भी परेशान थीं, तब लोकनायक जयप्रकाश नारायण और आचार्य विनोबा भावे की महज एक अपील पर चम्बल घाटी के सैकड़ों दस्युओं ने हथियार डाल अपने गुनाहों के लिए माफी मांगते हुए देश की मुख्य धारा में शामिल होने की कसम खाई थी। फिर सरकार ने चम्बल को धीरे धीरे दस्युओं



- निशिकांत ठाकुर

से मुक्त करके उसका विकास करना शुरू किया और आज चम्बल घाटी न केवल शांत है, बल्कि देश की मुख्य धारा में शामिल होकर विकास के पथ पर अग्रसर है। कहा जाता है और वैज्ञानिकों ने इसे प्रमाणित कर दिया है कि मुख्य धारा से हटने पर जिस तरह नदियां सूख जाती हैं, उसी तरह जाने अनजाने राष्ट विरोधी ताकतों का भी सर्वनाश हो जाता है। नदी यदि बाढ़ में बांध तोड़कर अलग राह पर चल पड़ती है, तो कुछ दूर बाद जब बाढ़ का पानी घट जाता है तो वह छोटी नदी सूख जाती है। वही हाल आज नक्सलियों का हो रहा है। वह बहकावे में आकर देश की मुख्य धारा से कट चुके हैं, चोरी–छिपे जीवन जीते और जगह जगह हत्या–दर–हत्या करते हुए अपनी अगली पीढ़ी के लिए गड्ढे खोद रहे हैं। मैंने पहले भी कई बार उल्लेख किया है कि सरकार से यदि कोई लड़ने की बात कर रहा है, तो उसका विनाश निश्चित है। आप पानी में रहकर मगरमच्छ से दुश्मनी मोल नहीं ले सकते हैं। यदि आप अगली पीढ़ी के लिए कुछ करना चाहते हैं, सरकार के समक्ष बिना शर्त अपना हथियार डाल दें, यही बेहतर विकल्प है।

मुख्य धारा से अलग रह रहे हिंसक नक्सलियों के लिए देश के गृहमंत्री अमित शाह अपील करते हैं कि जब नक्सली मारा जाता है, तो कोई भी खुश नहीं होता। अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में कहा कि मैं आग्रह करता हूं कि वे हथियार डालकर मुख्य धारा में शामिल हों। आप हमारे अपने हैं, इसलिए जब कोई नक्सली मारा जाता है, तो कोई भी खुश नहीं होता। आप हथियार उठाकर भी अपने आदिवासी भाइयों और बहनों के विकास को नहीं रोक सकते। गृहमंत्री ने बिल्कुल सच कहा। आज संभवतः देश का वह सबसे पिछड़ा इलाका है, जहां विकास की किरण नहीं पहुंच पाई। देश आजादी के बाद से आज तक कहां से कहां पहुंच गया, लेकिन हमारे देश का ही एक अभिन्न अंग अब तक महज इसलिए विकसित नहीं हो पाया है, क्योंकि वहां के निवासियों के मन में जहर भरते हुए विकास को ही सबसे बड़ा विनाश, यानी खतरा बताया गया है। हमने अपने पिछले कई लेखों में कहा है कि जो वहां के मूल निवासी हैं, वे तो भोले–भाले हैं, लेकिन जो उनके विकास को अवरुद्ध करना चाहते हैं, वह देश के सबसे बड़े गद्दार हैं। हमें हर हाल में ऐसे गद्दारों को ढूंढना पड़ेगा, जिन्होंने इन भोली–भाली जनता को गुमराह करके मृत्यु के मुंह में धकेल दिया है। गृहमंत्री अमित शाह की अपील का ही असर है कि तेलंगाना में छत्तीसगढ़ के 86



नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। नक्सलियों का इतनी बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण करना सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे यह होगा कि भोले–भाले लोगों के कान भरने वाले अपनी आदत से बाज आने लगेंगे और अपने बिल में छुप जाएंगे। इस तरह की अपील वैसे तो सरकार द्वारा पहले भी कई बार की जा चुकी है, लेकिन इस अपील का इतना बड़ा असर होगा, इसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। देश के प्रत्येक नागरिक के मन में यह विचार बार–बार उठता है कि आखिर देश का विरोध करने के लिए और सरकार को खुलेआम चुनौती देने वाले लोग अपने आप को क्या समझते हैं और किस प्रकार जान की बाजी लगाकर सरकार से बगावत करने लग जाते हैं। निश्चित रूप से सरकार ऐसी बहकी हुई भोली–भाली जनता को देश के प्रति विश्वास दिलाएगी कि यह उनकी अपने देश की सरकार है, जो आपका विकास आपकी अगली पीढ़ी के लिए करना चाहती है। हो सकता है, तब शेष बचे ऐसे लोग भी देश की मुख्य धारा से जुड़ने की कोशिश करेंगे।दरअसल, कानू सान्याल और चारू मजूमदार पश्चिम बंगाल नक्सलबाड़ी गांव के रहने वाले थे जो चीनी मार्क्सवाद के समर्थक माने जाते थे और उनके सिद्धांत को अपनाना चाहते थे। ये लोग कार्ल मार्क्स और लेनिन के सिद्धांतों पर काम करने लगे, क्योंकि वे उन्हीं से प्रभावित थे। साल 1969 में पहली बार चारू मजूमदार, कानू सान्याल व जंगल सान्याल ने भूमि अधिग्रहण को लेकर पूरे देश में सत्ता के खिलाफ व्यापक लड़ाई शुरू की। भूमि अधिग्रहण को लेकर देश में सबसे पहले आवाज नक्सलबाड़ी से ही उठी थी। नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव के नाम पर हुई है, जहां 1967 में किसान विद्रोह हुआ था। इसी आंदोलन को ही नक्सलवाद और इसमें शामिल लोगों को नक्सल या नक्सली कहा जाता है। वर्ष 1967 के बाद राज्य और देश में कई सरकारें आईं, नक्सलवाद को खत्म करने के लिए तरह–तरह के उपाय अपनाए गए, लेकिन इस समय तक इसकी आग देश के कोने–कोने में भड़क उठी थी तथा जो भी इस भभकती आग को बुझाने के लिए आगे आए, उन्हें इस संगठन ने अपने चक्रव्यूह में घेरकर जान से मार डाला। देश के कई राजनेता, बड़े–बड़े अफसर, सुरक्षा बलों को शहीद कर दिया। ये नक्सली बड़े ही निर्मम होते थे और वारदात को अंजाम देने के बाद न जाने किस बिल में घुस जाते थे कि किसी को पता तक नहीं चलता था। उनकी दुश्मनी खासकर सुरक्षा बलों से थी, जो इन्हें समझाने के मकसद से उनके आसपास होते थे। लेकिन, किसी किसी को सच समझने में बहुत वक्त लग जाता है और कुछ तो अपने आगे किसी की भी समझदारी को दूर से ही उड़ा दिया करते हैं। इनकी वारदात ऐसी जगहों से होती रही है, जहां साधारण लोगों का पहुंचना लगभग असंभव है। वे अपना विकास स्वयं नहीं चाहते थे। उन्हें यह समझाया गया है कि यदि विकास के लिए सड़क, रेल, मोबाइल, शिक्षण केंद्र खोले जाएंगे, तो उनकी आजादी खत्म हो जाएगी। ऐसी स्थिति में कोई क्या कर सकता है! फिर कोई कैसे देश के आमलोगों के साथ कदम से कदम मिलकर चल सकता है। अब धीरे–धीरे विकास की बातें इनकी समझ में आने लगी है। इसलिए अपने आप को देश की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अपने ?हथियारों का त्याग करके समर्पण करना शुरू कर दिया है। भला हो गृहमंत्री अमित शाह का, जिनकी अपील के असर से भारी संख्या में नक्सलियों का समर्पण हुआ और उन्होंने अपने भाग्य को देश के विश्वास के साथ जोड़ लिया। अब देखना यह है कि गृहमंत्री अमित शाह, जिन्होंने ऐसे नक्सलियों को वर्ष 2026 तक समूल समाप्त करने का बीड़ा उठाया है, उसमें वे कहां तक सफल हो पाते हैं।

## रेसिपी

# 'शाम के नाश्ते में बिना खमीर के ऐसे बनाएं ढोकला'



**ढोकला बनाने का सामान**

बेसन- 1 कप
दही- 1/2 कप
नमक - स्वाद अनुसार
चीनी -1 चम्मच
नींबू का रस- 1 चम्मच
इनो - खमीर उठाने के लिए

हर रोज शाम के समय बच्चों से लेकर बड़ों तक को भूख लग जाती है। ऐसे में आप रोज-रोज बाहर का खाना नहीं खा सकते। ज्यादा बाहर का खाना खाने से सेहत पर काफी गलत प्रभाव पड़ता है। इसी के चलते हम आपको एक ऐसी डिश के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको बनाना भी काफी आसान है, और इसके सेवन से आपका मन भी खुश हो जाएगा।

यहां हम बात कर रहे ढोकला की, इसे बनाने के लिए बैटर में खमीर उठाना पड़ता है, जिसमें कम से कम 7-8 घंटे का समय लगता है। इसी के चलते हम आपको यहां बिना खमीर के ही ढोकला बनाने की रेसिपी बताने जा रहे हैं। ताकि यदि आप झटपट ढोकला बनाना चाहें तो आपको अपना मन न मारना पड़े।

**ढोकला बनाने की विधि**


बिना खमीर के ढोकला बनाने के लिए बनाने के लिए सबसे पहले बेसन को छान लें। इसके बाद एक कटोरे में बेसन, दही, नमक और थोड़ा पानी डालकर स्मूद बैटर बनाएं। ध्यान रखें कि ढोकले का ये बैटर ज्यादा गाढ़ा नहीं होना चाहिए।


इसे ढककर 2 घंटे के लिए ऐसे ही रख दें। जब ढोकला तैयार करना हो तो अब बैटर में नींबू का रस और इनो डालें। जैसे ही झाग उठे, तुरंत अच्छे से मिक्स करें। अच्छी तरह से इसे मिक्स करें और स्टीमर में डालने की तैयारी करें। इसके लिए स्टीमर के मोल्ड में थोड़ा सा तेल लगाएं और फिर उसमें बैटर डाल दें। अब इसे पकने दें।

आधे घंटे के बाद इसमें चाकू लगाकर देखें, यदि चाकू बैटर में से साफ तरीके से बाहर निकल आया है तो मतलब कि ढोकला पक गया है। ढोकले को निकालकर बराबर पीस में काटकर एक प्लेट में रख लें।

# 2030 तक ये 7 तकनीकें बदल देंगी दुनिया का चेहरा







आज जो तकनीकें हमें चौंकाती हैं, वे आने वाले कुछ सालों में आम हो जाएंगी। टेक्नोलॉजी इतनी तेजी से आगे बढ़ रही है कि आने वाले समय में इंसान और मशीन के बीच की लाइन धुंधली पड़ सकती है। 2030 तक कुछ ऐसी क्रांतिकारी तकनीकें हमारे जीवन का हिस्सा बनेंगी जो काम करने, सोचने और जुड़ने के हमारे तरीके को पूरी तरह बदल देंगी।

**रोबोट अब खुद लेंगे फैसले**

भविष्य के रोबोट केवल इंसानी आदेश मानने तक सीमित नहीं रहेंगे। वे अपने आसपास की स्थितियों को समझकर तुरंत निर्णय भी ले सकेंगे। फैक्ट्री, अस्पताल, और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में ऐसे स्मार्ट रोबोट तेजी से तैयार हो रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2030 तक रोबोटिक्स का ग्लोबल मार्केट 250 अरब डॉलर से ऊपर जा सकता है।

**स्पेशियल कंप्यूटिंग**

स्पेशियल कंप्यूटिंग के जरिए वर्चुअल और रियल वर्ल्ड का फर्क मिट जाएगा। सेंसर और एडवांस प्रोसेसर की मदद से डिजिटल चीजें असल दुनिया का हिस्सा बन जाएंगी। गेमिंग, वर्चुअल मीटिंग और वर्क फ्रॉम होम में यह जबरदस्त बदलाव लाएगी।

**AI सिस्टम आपस में करेंगे बात**

अब तक हम AI से बात करते थे, लेकिन भविष्य में AI खुद AI से बात करेगा। डिलीवरी ड्रोन, स्मार्ट कारें और मशीनें आपस में रीयल टाइम डेटा शेयर करेंगी, वह भी बिना इंसान की दखल के।

**AI TRiSM**

AITRiSM तकनीक यह सुनिश्चित करेगी किAI सिस्टम सुरक्षित, निष्पक्ष और प्राइवेसी फ्रेंडली हों। कंपनियों के लिए यह बेहद जरूरी हो जाएगा, खासकर जबAIका इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा हो।

**क्वांटम कंप्यूटिंग**

AI और क्वांटम कंप्यूटिंग का जोड़ आने वाले समय में फाइनेंस, हेल्थ और साइबर सिक्योरिटी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। क्वांटम तकनीक डेटा को सेकंडों में प्रोसेस करने की क्षमता रखती है।

**एज कंप्यूटिंग**

एज कंप्यूटिंग का मतलब है कि डेटा वहीं प्रोसेस हो जहां से वह आया है। जब ये 5ল या 6ল से जुड़ेंगे, तो रीयल टाइम प्रोसेसिंग और बेहतर अनुभव मिलेगा और वो भी बिना इंटरनेट के।

**बायोटेक्नोलॉजी और जेनेटिक इंजीनियरिंग**

CRISPR जैसी तकनीक से DNA एडिटिंग अब संभव हो गई है। इससे लाइलाज बीमारियों का इलाज आसान होगा और फसलों की क्वालिटी बेहतर होगी। हेल्थ और फूड सेक्टर यह तकनीक बड़ा बदलाव ला सकती है।

# खुशियों और समृद्धि का पर्व बैसाखी जानें सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व




बैसाखी का पर्व हर साल अप्रैल महीने में मनाया जाता है और यह खासतौर पर उत्तर भारत में अत्यधिक धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से कृषि से जुड़ा हुआ है और नई फसल की कटाई की खुशी में मनाया जाता है। साथ ही, बैसाखी का पर्व सिख समुदाय के लिए धार्मिक महत्व भी रखता है, क्योंकि इस दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। बैसाखी, जिसे मेष संक्रांति भी कहा जाता है, भारतीय समाज की संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह दिन न केवल कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि सिखों के लिए एक ऐतिहासिक और धार्मिक दिन भी है। इस दिन का उत्सव कृषि, समाज, और धर्म के संगम का प्रतीक है, जहां लोग खुशी और समृद्धि की कामना करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। बैसाखी का पर्व भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर है। आइए जानते हैं कब मनाई जाएगी बैसाखी और क्या है इसका सामाजिक और धार्मिक महत्व।

**बैसाखी का सांस्कृतिक महत्व**

बैसाखी का पर्व भारतीय समाज में एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से कृषि प्रधान समाज के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि बैसाखी के दिन नई फसल की कटाई होती है। किसानों के लिए यह दिन खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक होता है, क्योंकि उन्हें अपनी मेहनत का फल मिल रहा होता है। खासकर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में यह पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन को किसान अपनी नई फसल की खुशहाली के रूप में मनाते हैं, और पारंपरिक तरीके से खेतों में काम करते हुए ढेर सारी खुशियां मनाते हैं।

### बैसाखी की तिथि

बैसाखी हर साल मेष संक्रांति के दिन मनाई जाती है, जो आमतौर पर 13 या 14 अप्रैल को होती है। इस साल यह पर्व 13 अप्रैल, 2025 को मनाया जाएगा। इस दिन की महत्ता कृषि क्षेत्र में काम करने वाले किसानों के लिए बहुत अधिक है, क्योंकि यह नई फसल की बुवाई और कटाई का समय होता है। यह दिन खुशहाली और समृद्धि की ओर इशारा करता है।

### कैसे मनाते हैं बैसाखी

बैसाखी के दिन लोग अपने घरों को सजाते हैं, विशेष पूजा करते हैं और गुरुद्वारों में अरदास की जाती है। सिख समुदाय में इस दिन को खास धार्मिक महत्व मिलता है, क्योंकि इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष प्रार्थनाएं होती हैं, नगर कीर्तन निकाले जाते हैं और समाज में भाईचारे का संदेश दिया जाता है। इसके अलावा, लोग इस दिन नई फसल के आगमन की खुशी में एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं और पारंपरिक गीत गाते हैं। बैसाखी को उत्तर भारत में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है, खासकर पंजाब में, जहां इस दिन विशेष मेलों का आयोजन होता है।

## गर्मी में ऐसे रखें अपने पौधे का ध्यान

गर्मी के मौसम में तपती धूप के कारण कई पेड़-पौधे मुरझाने या सूखने लगते हैं। अगर आपका घर पर प्लांट लगे है तो गर्मियों में कुछ खास बातों का ध्यान रखें। इससे आपके प्लांट गर्मी में भी हरा-भरा और खूबसूरत बना रहें सकता है।

**सीधी धूप से बचाएं**

गर्मी के मौसम में तेज धूप प्लांट की पत्तियों को जला सकती है। इसलिए इसे ऐसी जगह रखें जहां पर सीधी धूप न हो लेकिन फिल्टर करते हुए धूप लगे, जैसे बालकनी में छांव या खिड़की के पास।

**पानी जरूरी पर ज्यादा नहीं**

गर्मी में पौधों को ज्यादा पानी की जरूरत होती है, लेकिन ज्यादा पानी देने से जड़ें सड़ सकती हैं। आपको ये जानना चाहिए कि पौधे को पानी की कब और कितनी जरूरत है। गमले में जब मिट्टी ऊपर से सूखी दिखे तभी पानी दें। पानी देने से पहले मिट्टी की नमी जांच लें।

**पत्तियों पर करें स्प्रे**

गमले की मिट्टी में नमी दिख रही है लेकिन पौधे की पत्तियां धूप में सूख रही हो तो पत्तियों को पानी की जरूरत है। पत्तियों को तरोताजा रखने के लिए सप्ताह में 2-3 बार साफ पानी का हल्का स्प्रे करें।

# किस दिन है मेष संक्रांति? जानें सही तिथि, मुहूर्त और पूजा विधि



मेष संक्रांति हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखती है, जो सौर नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक मानी जाती है। यह पर्व आध्यात्मिक उत्थान, फसल के नए मौसम की शुरुआत और प्रकृति में बदलाव के संकेत के रूप में देखा जाता है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह दिन बेहद खास होता है क्योंकि इस दिन सूर्य देवता मेष राशि में प्रवेश करते हैं, जिसे सौर वर्ष का पहला दिन माना जाता है। चूंकि मेष राशि बारह राशियों में प्रथम है, इसलिए इसे ज्योतिष में नव चक्र की शुरुआत के रूप में देखा जाता है। इसलिए, कई क्षेत्रों में इसे नववर्ष के रूप में मनाने की परंपरा है। मेष संक्रांति को आत्मिक विकास और भीतरी परिवर्तन के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दौरान सूर्य की ऊर्जा प्रबल होती है, जिससे ध्यान, पूजा, स्नान और दान-पुण्य जैसे कर्मों को करने का विशेष महत्व बताया गया है।

**मेष संक्रांति 2025 की तिथि**

दृक पंचांग के अनुसार इस वर्ष सूर्य 14 अप्रैल, सोमवार को प्रातः 3ः30 बजे मेष राशि में प्रवेश करेगा। उदया तिथि के अनुसार, इसी दिन मेष संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा।

**पूजा विधि**

इस दिन गंगा, यमुना या गोदावरी जैसी पवित्र नदियों में स्नान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। अगर आपके लिए नदी में स्नान करना संभव न हो, तो घर पर स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करें। ऐसा करने से शरीर और मन की शुद्धि मानी जाती है। इसके बाद स्वच्छ वस्त्र धारण कर एक तांबे के पात्र में जल, लाल पुष्प, गुड़, रोली और अक्षत लेकर सूर्य को अर्घ्य दें। इसके बाद ? सूर्याय नमः जैसे मंत्रों का उच्चारण करें। साथ ही सूर्य चालीसा या आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ भी किया जा सकता है। पूजा के स्थान को दीप, धूप और पुष्पों से सजाएं और सूर्य देव को भोग लगाकर प्रसाद सभी में बांटें।भारत के विभिन्न हिस्सों में मेष संक्रांति को विविध नामों से जाना जाता है।

तमिलनाडु में पुथांडु, केरल में विशु, पंजाब में बैसाखी और ओडिशा में पाना संक्रांति। ये सभी त्योहार नए वर्ष और सूर्य के संक्रमण की खुशी में मनाए जाते हैं।यही वह समय होता है जब सूर्य उत्तरायण से दक्षिणायन की ओर अग्रसर होता है और गर्मी के मौसम की शुरुआत मानी जाती है। यह दिन पुण्य लाभ और दान धर्म की दृष्टि से भी अत्यंत शुभ माना जाता है।

# राफ्टिंग पर जाने का है मन तो ये हैं भारत की 5 बेस्ट जगहें




अप्रैल का महीना शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों ने गर्मी से राहत पाने के लिए ऐसी जगहों पर जाने का प्लान बनाना भी शुरू कर दिया है, जहां ठंडक होती है। इसी मौसम में लोगों को राफ्टिंग करने का भी खुमार चढ़ता है। लेकिन अक्सर ये समझ नहीं आता कि राफ्टिंग करने कहां जाना है। यदि आप भी राफ्टिंग पर जाना चाहते हैं, लेकिन ये समझ नहीं आ रहा कि कहां जाएं तो यहां हम आपको राफ्टिंग के लिए पांच सबसे खास जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। इन सभी जगहों पर जाने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**ऋषिकेश, उत्तराखंड**

यदि आप राफ्टिंग करने का विचार कर रहे हैं तो ऋषिकेश, उत्तराखंड से बेहतर जगह कोई अन्य हो नहीं सकती। दरअसल, एक तो ऋषिकेश दिल्ली से बेहद पास है और यहां जाने के लिए आपको लखनऊ और दिल्ली से सीधी ट्रेन और बस भी मिल जाती है। यहां राफ्टिंग के अलावा आप शिवपुरी और रिवरसाइड कैम्पिंग का भी मजा ले सकते हैं। यहां राफ्टिंग का दाम काफी कम रहता है।

**लाहौल स्पीति, हिमाचल प्रदेश**

हिमाचल के आस-पास रहते हैं तो आपके लिए इस खूबसूरत जगह पर जाकर राफ्टिंग करना काफी सुविधाजनक हो सकता है। लाहौल और स्पीति घाटी में रिवर राफ्टिंग के लिए कोकसर से तांडी तक का 90 किलोमीटर का क्षेत्र, जहां चंद्रा और भागा नदियां मिलकर चंद्रभागा (चिनाब) बनाती हैं। इसमें कई जगहों पर राफ्टिंग की जाती है।

**लद्दाख, जम्मू और कश्मीर**

यदि आपके पास छुट्टियां बिताने के लिए काफी समय है तो लद्दाख निकल पड़िए। लद्दाख में बहने वाली जंस्कार नदी पर राफ्टिंग कराई जाती है। यहां राफ्टिंग के दौरान आपको एक से बढ़कर एक खूबसूरत नजारे देखने को मिलेंगे। ऐसे में आप राफ्टिंग के साथ-साथ खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठा सकते हैं।

**कोलाड, महाराष्ट्र**

यदि आप महाराष्ट्र में रहते हैं तो कोलाड जाकर राफ्टिंग का मजा ले सकते हैं। मुंबई और पुणे के पास बसा शहर कोलाड महाराष्ट्र की टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन में से एक है। कोलाड कुंडलिका नदी में राफ्टिंग कराई जाती है।

**तीस्ता रिवर, सिक्किम एवं दार्जिलिंग**

सिक्किम की सबसे प्रसिद्ध नदी तीस्ता सिक्किम, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग पहाड़ी क्षेत्र से होकर बहती है। इसे भारत के बेहतरीन रिवर राफ्टिंग स्थलों में शामिल किया गया है। यहां आप पैडल राफ्टिंग में भी हाथ आजमा सकते हैं।



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 13 अप्रैल, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ चैत्र मासोमते शुक्ल पक्षे पूर्णिमा तिथौ रवि वासरे 05/53/ चित्रा नक्षत्रे 21/11/ हर्षण योग 21/39/ बव करणे 05/53/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**दैनिक पंचांग लखनऊ-** स्नानदान की चित्रा नक्षत्रयुता चैत्री पूर्णिमा।संक्रांति का विशेष पुष्य काल अगले दिन तक। वैशाखी पंजाब, उडीसा। 15 तिथी वृद्धि।

**मेष :** काम में अरुचि होगी। साथियों पर विश्वास करके अपना काम उन पर ना छोड़ें। गृहस्थ जीवन में प्रसन्नता होगी। कानूनी मामलों में सफल सफलता मिलेगी।

**वृष :** परिवार में क्लेश और तनाव से बचने की चेष्टा करेंगे तो अच्छा रहेगा। कुछ संयम और संतुलन रखना उचित होगा अन्यथा तनाव पैदा हो सकता है।

**मिथुन :** स्थाई एवं अस्थाई उद्यम लाभ देते रहेंगे। परिश्रम पूर्ण चेष्टाओं का शुभ लाभ निकलेगा और हार्दिक प्रसन्नता भी बढ़ेगी। संघर्ष के उपरांत विजय भी होगी।

**कर्क :** विपरीत स्थितियों व्यथित कर सकती हैं। घरेलू सुखों में कमी की स्थिति बनेगी । बढ़ते व्यय के कारण बचत कोष रिक्त होगा। किसी से टकराव अच्छा नहीं।

**सिंह :** शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। साधनों की कमी अनुभव। कार्य व्यवहार की अनियमितता बनाए रखना कठिन होगा। महत्वपूर्ण कार्य कोशिश के बाद बनेंगे।

**कन्या :** यात्रा करेंगे। मनोरंजन का अवसर मिलेगा। राजकीय क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ेगा। प्रतिष्ठा वृद्धि के साथ धन लाभ भी होगा। उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले होंगे।

**तुला :** संचित धन कोष में वृद्धि से व्यय संबंधी समस्या सुलझेगी। नए अनुबंधों में तुरंत निर्णय ठीक नहीं होगा। कुछ संयम और संतुलन रखना उचित होगा।

**वृश्चिक :** तनाव पैदा हो सकता है। सहयोगी की उपेक्षा ठीक नहीं होगी। व्यापार व्यवसाय यात्रा और लेखन के मामलों में साहस ठीक नहीं।

**धनु :** परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है। समस्याओं के समाधान के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे।

**मकर :** अस्वस्थता रहेगी। कार्य की सफलता में रुकावट आएगी। परिवार में अव्यवस्था और विवाद की चिंता बढ़ेगी। लोभ व लालच में नैतिकता ना छोड़े।

**कुंभ :** अच्छे सहयोगी की तलाश रहेगी। पारिवारिक संबंधों में मतभेद होंगे मानसिक तनाव रहेगा। पूंजी निवेश से धन प्राप्ति होगी। बढ़ते व्यय की पूर्ति होगी।

**मीन :** घरेलू निर्णय के विषय में किसी सूचना से विचलित होंगे। विरोधी कमजोर होंगे किसी की करने का परिणाम तुम्हें भोगना पड़ेगा।

## खबर एक नजर

### राजमार्ग पर हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रायबरेली।** शुक्रवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम से वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की हादसे में मौत हो गई। राजमार्ग पर रांग साइड से आते समय यह हादसा ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के सबीसपुर गांव के पास हुआ है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के जसौली गांव निवासी दो युवक गोविंद कुमार और विकास कुमार शुक्रवार की रात पड़ोस के प्रतापगढ़ जनपद में स्थित गांव में आर्केस्ट्रा देखने गए थे। दोनो युवक रात करीब साढ़े ग्यारह बजे बाइक से वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि राजमार्ग में बने डिवाइडर के कारण दोनों युवक रांग साइड से आ रहे थे। सबीसपुर गांव से प्रतापगढ़ सीमा की ओर करीब सौ मीटर पहले सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद बोलेरो तेजी के साथ भाग गई। हादसे के आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस के माध्यम से दोनों युवकों को प्रतापगढ़ जनपद के कालाकांकर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। ऊंचाहार कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### प्रेमिका के घर में घुसा प्रेमी मां ने पकड़ा

**रायबरेली।** जगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाला एक प्रेमी बीती रात अपने प्रेमिका के घर में घुस गया उसकी मां ने प्रेमी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। बीती रात जगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के घर उसका प्रेमी घर में घुस गया और वही थोड़ी देर बाद युवतू की मां को कुछ आशंका हुई और जाकर अपनी बेटी के कमरे में देखा तो उसका प्रेमी उसके अश्लील हरकतें कर रहा था। पीडिता की मां ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को थाने ले आई। जहां पर आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है । पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर युवक को नाम जद किया कार्यवाहक थानेदार मृत्युंजय बहादुर सिंह ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है।

### कर्मचारियों की मनमानी दो माह से नहीं बन रहा आधार कार्ड

**रायबरेली।** जगतपुर उप डाकघर में कर्मचारियों की मनमानी के चलते आधार कार्ड दो माह से नहीं बना रहे हैं। जिसका खामियाजा छात्र से लेकर आम जनता को उठाना पड़ रहा है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जगतपुर ब्लॉक में आधार कार्ड बनाने का कार्य जगतपुर उप डाकघर में किया जाता है। लेकिन कर्मचारियों की मनमानी इस कदर है कि 2 माह से आधार कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। जिसको लेकर लोग इधर.उधर के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कर्मचारी प्रिंटर व आईडी का बहाना बनाकर बता दे रहे हैं। कि खराब चल रही है। जिससे लगभग दो सौ लोगों को बैरन वापस लौटना पड़ता है। क्षेत्र के राधेश्याम साहू शारदा प्रसाद जितेंद्र कुमार एसएन शुक्ला राजकुमार वैभव आदित्य लोगों ने बताया कि लगभग 2 माह से आधार कार्ड नहीं बन रहे जब भी डाकघर जाते हैं तो कर्मचारी यही कहकर वापस कर देते हैं ।कि यहां का प्रिंटर खराब है। अभी आधार कार्ड नहीं बन पाएंगे। जिसको लेकर लोगों में नाराजगी है। उधर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। लेकिन अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में नहीं लिया है। जिसकी वजह से आम जनमानस को परेशानी हो रही है। जब इस बाबत सोनेलाल उप डाक निरीक्षण दक्षिणी रायबरेली से बात की गई तो बताया कि कर्मचारियों की मनमानी के वजह से आधार कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। सिर्फ बहाना बनाया जा रहा है। कर्मचारी फर्जी परेशान कर रहे हैं। मंगलवार से आधार कार्ड बनाये जाएंगे।

### बीमारी से तंग युवती ने फांसी लगाकर जान दी

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के लोदीपुर उतरावा गांव में शनिवार की सुबह एक युवती बीमारी से तंग आकर फांसी लगाकर जान दे दी। युवती की मौत से परिवार में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के आग्रह पर जरूरी लिखा पढ़ी के बाद शव को उन्हें सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी दिलबहार सिंह की बेटी महिमा (19) काफी दिनों से बीमार चल रही थी। उसका एम्स में इलाज चल रहा था। शनिवार की सुबह वह घर के कमरे में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे फंद्रा काटकर नीचे उतारा। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों के आग्रह पर पंचायतनामा कराकर शव उन्हें सौंप दिया गया।

### होगा बैसवारा कालेज का कायाकल्प

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बैसवारा इण्टर कालेज का प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत कायाकल्प होगा। इसके लिए शासन की ओर से 01.44 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। यह जानकारी प्रधानाचार्य डा0 नरेन्द्र बहादुर सिंह ने देते हुए बताया कि राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के 75 वर्ष पुराने माध्यमिक कालेजों का कायाकल्प करने के लिए चलायी जा रही प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत चयन किया गया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि स्वीकृत धनराशि से नए कमरे बनाने, विज्ञान प्रयोगशालाओं सुसज्जित लाइब्रेरी के निर्माण में किया जाएगा। साथ ही इससे विद्यालय में छात्रों को बैठने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त कमरे मिलेंगे और पठन-पाठन भी उत्कृष्ट होगा। प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन की इस पहल से समाज के गरीब तबके के छात्रों को भी आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। शिक्षक विनोद कुमार सिंह, सुनील कुमार त्रिपाठी, उदय विक्रम सिंह, सोमेश सिंह, रामजीलाल श्रीवास्तव, जितेंद्र मौर्य आदि ने सरकार के प्रयासों की सराहना की।

### दुकान में जबरन ताला बन्द करने का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** दुकान में आधा दर्जन से अधिक लोगो द्वारा जबरन ताला बंद किये जाने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। कस्बे के चिकमंडी निवासी मो0 रियाज ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि उसकी गांधी चौराहे में 751/2 नम्बर की दुकान आवंटित है। जिसमें चिकमंडी के ही मो0 शब्बीर, रहीस, अफजल, आजम, असलम, फरीद व नफीस आदि ने मिलकर जबरन ताला लगा दिया है। विरोध करने पर आरोपी उसे जानमाल की धमकी दे रहे है। पीडित ने मामले में पुलिस से आरोपियों के खिलाफसख्त कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने मामले में जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

**रायबरेली।** किसी बात से नाराज युवती कमरे के अंदर फांसी का फंद्वा बनाकर पंखे से लटक गई थी। परंतु परिजनों को जानकारी होते ही उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। विदित हो कि बछरावा थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत दक्षिण चमरहिया मे शुक्रवार देर रात्रि 11. 00 बजे के आसपास किसी बात को लेकर नाराज युवती मकान के नीचे वाले कमरे में अचानक चली गई और जब काफी देर तक वापस नहीं निकली तथा किसी प्रकार की कमरे से आवाज नहीं सुनाई पड़ी। परिजनों को कुछ अनहोनी की आशंका जाहिर हो गई। परिजनों ने नीचे वाले कमरे में जाकर जब देखा। तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। नाराज युवती आत्महत्या करने के प्रयास में रस्सी के सहारे पंखे से लटक रही थी। यह दृश्य देखकर परिजन कमरे के अंदर पहुंचे और युवती को किसी तरह नीचे उतारा। और आनन फानन परिजन उसे बछरावां सीएचसी लेकर पहुंचे।

# मारपीट में जख्मी सर्वेश की मौत

**आरोपी सौतेला भाई और उसकी पत्नी पुलिस हिरासत में, शिवगढ़ थाना क्षेत्र के दुन्ना खेड़ा मजरे हसवा की घटना, सम्पत्ति के लिए अपने ही बन गये खून के प्यासे।**




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के दुन्ना खेड़ा मजरे हसवा में एक दिल दहला देने वाली दर्दनाक घटना सामने आई है। शनिवार सुबह करीब 9 बजे कोठरी में भूसा रखने को लेकर सौतेले भाई के बीच विवाद हो गया। जानकारी के मुताबिक विवाद उस समय हो गया जब सर्वेश कुमार पुत्र नरेश लाल पासी कोठरी में भूसा रख रहा था तभी उसके सौतेले भाई सोहनलाल नरेश लाल पासी से जमीनी विवाद को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों के मध्य झगड़ा होने लगा झगड़े में दोनों की पत्नियां भी शामिल हो गई। सोहनलाल और उनकी पत्नी तारावती ने सर्वेश की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि मारपीट में सर्वेश जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़ा। जिसके पश्चात सर्वेश की पत्नी पिंकी उसे निजी वाहन से उसे आनन-फानन में बछरावां स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टरों ने इलाज से मना कर दिया। जिसके बाद वह सर्वेश को वापस घर ले आई। घर पहुंचकर डायल 112 को सूचना दी और एंबुलेंस से सर्वेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया जहां प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी पिंकी ने हत्या का आरोप लगाते कहा कि सोहनलाल और उनकी पत्नी तारावती की पिटाई के कारण उनके पति की मौत हुई है। मृतक की पत्नी ने न्याय की मांग की है। शिवगढ़ थाना प्रभारी विंध्य विनय ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के भाई सोहनलाल और उसकी पत्नी तारावती पुलिस हिरासत में है। सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। शांति एवं कानून व्यवस्था सम्बन्धी कोई समस्या नहीं है। थाना प्रभारी का कहना है कि मृतक के शरीर पर कहीं चोट के निशान नही हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा।

**तीन बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया**

सर्वेश की मौत के से पत्नी पिंकी का रो-रोकर बुरा हाल है सर्वेश के तीन बच्चे हैं। सर्वेश की मौत उसकी 12 वर्षीय बेटी निधि, बेटे चुन्नू 8 वर्ष, छोटे बेटे वैदिक 4 वर्ष के सिर से पिता का साया उठ गया है। पिता की मौत से तीनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## स्वच्छता अपनाने से सैकड़ों बीमारियों से जा सकता है बचा-एसएस पाण्डेय

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** प्रदेश सरकार द्वारा संचारी रोगों से बचने के लिए चलाये जा रहे अभियान को जनपद के सभी विद्यालयों मे शिवेंद्र प्रताप सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश पर मीना मंच द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। ग्रामीण जनों को स्वच्छता के बारे में सजग एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से सदर क्षेत्र के राही विकासखंड मे संचालित पूर्व माध्यमिक विद्यालय सराय मुगला में मीना मंच के माध्यम से प्रधानाध्यापिका निरुपमा बाजपेई द्वारा बच्चों के बीच रैली एवं पेंटिंग तथा स्पीच प्रतियोगिता स्वच्छता एवं संचारी रोग पर आयोजित कराई गई।

जनपद से शामिल हुए बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन प्रभारी मीना मंच एसएस पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छता अपनाने से सैकड़ो बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संचारी रोग से बचने के लिए विद्यालय, घर एवं आसपास की साफ-सफाई, फुल आस्तीन के कपड़े, मच्छरदानी में सोना और जल का इकट्ठा न होना मच्छरों से बचाव का सशक्त माध्यम है। उनके द्वारा कुछ स्लोगन स्वच्छता अपनाओए बीमारी भगाओ तथा कूड़ा कूड़ेदानी में, सो, मच्छरदानी मे बच्चों के बीच जागरूकता हेतु दिए गए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निरुपमा वाजपेई ने कहा कि सभी बच्चे यह संदेश अपने घर, परिवार एवं समुदाय के लोगों को भी दें और सभी को संचारी रोगों से बचाने में मदद करें। इस अवसर पर विद्यालय की सहायक शिक्षिका नजमा एवं मीना मंच सुगमकर्ता बीना मिश्रा तथा पंकज अनुदेशक सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## छात्रा से की गई हैवानियत के विरोध मे चारों तरफ स्कूल प्रबंधन के खिलाफ विरोध

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, महराजगंज रायबरेली।** क्षेत्र के एक निजी स्कूल में बस चालक द्वारा तीसरी कक्षा की छात्रा से की गई हैवानियत के मामले में जहां चारों तरफ अभिभावकों व अधिवक्ताओं ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोशित है। वहीं प्रशासन भी सख्ती से स्कूल के खिलाफ जांच कर रहा है। शनिवार को एआरटी ओ मनोज कुमार ने विद्यालय पहुंचकर स्कूल बस की जांच के अलावा नए वाहन चालक श्याम का भी वेरीफिकेशन की कार्रवाई की है। इसके अलावा फायर स्टेशन महराजगंज के कर्मचारियों ने स्कूल पहुंचकर सुरक्षा उपकरणों की जांच की। आरके तिवारी ने बताया कि मानक के हिसाब से चार अग्नि शमन यंत्र होने चाहिए। मौके पर तीन ही मिले जिसमें से एक निष्प्रयोज्य है। मासूम से दरिंदगी घटना से क्षेत्र के अभिभावकों सहित आम नागरिकों में भी रोष है। ऐसे में शासन स्तर पर ठोस कदम उठाए जाने व निजी स्कूलों में मानकों की सघन जांच की आवश्यकता है। मासूम छात्रा से दुष्कर्म के मामले में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी ने कहा कि मासूम छात्रा के साथ स्कूल बस के ड्राइवर द्वारा दरिंदगी जघन्य अपराध है। जिले भर में संचालित निजी स्कूलों की व्यवस्थाओं व मानकों की जांच समय समय पर होनी चाहिए। जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर निजी स्कूलों की सुविधाओं की जांच कराने की मांग की जाएगी।

जिला पंचायत सदस्य आरती गौतम ने कहा कि छात्रा के साथ स्कूल बस ड्राइवर द्वारा की गई हैवानियत अक्षम्य है। निजी स्कूलों द्वारा छात्रों को लाने ले जाने वाले वाहनों में सीसीटीवी कैमरे व चालक परिचालक के साथ एक महिला स्टाफ भी होना चाहिये। माता पिता के बाद छोटे छोटे मासूमों को स्कूलों में ही सुरक्षा मिलती है। स्कूल प्रबंधन भी वाहन चालकों के आचरण की जांच कराने के बाद ही उन्हें स्कूल वाहन चलाने की अनुमति दे। यदि यह व्यवस्थाएं लागू नहीं हुई तो प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत की जाएगी। अभिभावक अखिलेश वर्मा का कहना है कि। निजी स्कूल प्रतिवर्ष फीस में बढ़ोत्तरी करते हैं। हम सभी अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा व सुविधा दिलाने के लिए मोटी रकम फीस के रूप में खर्च कर देते हैं। ऐसे हैवानियत की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए स्कूल प्रबंधन को ठोस कदम उठाने चाहिए। सुरसरि साहू ने बताया कि हर अभिभावक अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ साथ स्कूल वाहनों के ड्राइवर व अन्य स्टाफ की गतिविधियों की जानकारी रखें। प्रशासन व स्कूल प्रबंधन समय-समय पर वाहन चालकों की विश्वसनीयता के लिए बैठक भी करे।

## श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के जयकारों के साथ लगाई आस्था की डुबकी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, डलमऊ रायबरेली।** चैत मास की पूर्णिमा के अवसर पर डलमऊ के विभिन्न घाटों पर आए हुए श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगाई एवं शिवालयों व मंदिरों में पूजा अर्चना की। शनिवार को चैत्र मास की पूर्णिमा के उपलक्ष्य में रायबरेली जनपद व दूर दराज से आए लगभग लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डलमऊ के सड़क घाट, वीआईपी घाट, रानी शिवाला घाट सहित दर्जनों घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगाई पूर्णिमा को लेकर स्नान घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए थे एक दिन पूर्व से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ और सुबह भोर से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान प्रारंभ किया। हनुमान जयंती को लेकर घाटों के किनारे स्थित हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद गिरि के द्वारा संकट मोचन घाट स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया इसके साथ ही कस्बा व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हनुमान मंदिरों में जयंती का आयोजन हुआ जहां पर भक्तों ने प्रसाद का आनंद लिया। प्रत्येक पूर्णिमा के बाद इस बार भी श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से जूझना पड़ा मुराई बाग मुख्य चौराहे पर आने वाले श्रद्धालु घंटों जाम की समस्या से जूझते रहे ट्रेन गुजरने के पश्चात घंटे जाम की स्थिति बनी रही। **चैत मास पूर्णिमा पर हनुमान जन्मोत्सव की धूम, गंगा तट पर उमड़ी आस्था**-शनिवार को चैत मास पूर्णिमा पर हर ओर महाबली हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। गंगा तट पर स्नानार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी तो हर हनुमान मंदिर में बजरंगबली की पूजा होती रही। चैत मास पूर्णिमा को भगवान शिव के 11 वें रुद्र अवतार हनुमान जी का जन्मदिन माना जाता है। ऊंचाहार क्षेत्र के बीकरगढ़ चौराहा पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उधर गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिन भर बनी रही। शुक्रवार शाम को क्षेत्र के गोकना गंगा तट पर मां गोकर्ण गंगा समिति के सचिव जितेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में गंगा महाआरती का आयोजन किया गया।

## आंगनबाड़ी कर्मचारी जन कल्याण समिति की नई जिला कार्यकारिणी गठित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जनपद के विकास भवन में आंगनबाड़ी कर्मचारी जन कल्याण समिति की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले की नई जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। यह बैठक बहनों की सक्रिय भागीदारी और संगठन को मजबूत करने की भावना के साथ संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति की पूर्व जिलाध्यक्ष बीना सिंह ने की। जिन्होंने संगठन की पूर्व उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें अपने अधिकारों और सम्मान के लिए संगठित होकर निरंतर संघर्ष करना होगा। उनकी बातों ने सभी उपस्थित बहनों में नई ऊर्जा और आत्मबल का संचार किया। बैठक में उपस्थित सभी बहनों ने एकमत होकर नई कार्यकारिणी के गठन का समर्थन किया और यह विश्वास जताया कि नवगठित टीम संगठन के उद्देश्यों को मजबूती से आगे ले जाएगी। नई जिला कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बीना सिंह को पुनः जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। स्नेहा सिंह को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। विक्रम सिंह को जिला संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई। प्रियंका सिंह को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया। बीना श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। संगीता सिंह को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। मंजू पांडेय को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अनीता सिंह को जिला संगठन मंत्री की दोहरी जिम्मेदारी दी गई। प्रमिला को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। श्रीमती देवी को जिला संयुक्त मंत्री के रूप में चुना गया। नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही सभी पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और कहा कि वे जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान और उनके हक के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि निकट भविष्य में ब्लॉक और ग्राम स्तर पर भी कार्यकारिणियों का विस्तार किया

## सरेनी सीएचसी को मिलीं दो नई एंबुलेंस, मरीज को मिलेगी त्वरित स्वास्थ्य सेवा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सरेनी, रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरेनी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश गौतम ने कहा है कि उन्होंने चार्ज सँभालने के बाद सीएचसी का कायाकल्प करने का संकल्प लिया था जो धीरे-धीरे पूरा होता जा रहा है। एक्सरे मशीन की सुविधा के बाद अब 102 व 108 एम्बुलेंस की दो नई गाड़ियों की भी व्यवस्था हो गयी है।ये गाड़ियां पहले से बड़ी हैं और इनमें ऑक्सीजन सहित कई अन्य सुविधाएं भी हैं। इसके पूर्व बतौर मुख्यातिथि देवपुर के प्रधान विष्णुप्रताप सिंह व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रभात सिंह त्रिलोकचंदी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इन गाड़ियों की चाभियाँ स्वास्थ्य कर्मियों को सौंपते हुए हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। विष्णु प्रताप सिंह ने कहा कि इस उपलब्धि से क्षेत्रवासियों को आपात स्थिति में व अन्य गंभीर हालत में भी समय से इलाज की सुविधा मिल जायेगी। उन्होंने इसके लिये सरकार व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद भी दिया। वहीं प्रभात सिंह त्रिलोकचंदी ने कहा कि क्षेत्र के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। दो नई एंबुलेंस मिलने से क्षेत्र के गरीब लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। अधीक्षक डॉ राजेश गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को एंबुलेंस उपलब्ध करा रहे हैं। शासन स्तर से स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी दो नई एंबुलेंस दी गई हैं। इससे आम जनता को त्वरित चिकित्सा सेवा का लाभ मिलेगा। नई एंबुलेंस मिलने से मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना अब और आसान हो जाएगा। इन एंबुलेंस के आने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार होने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और आकस्मिक मरीजों को अविलंब अस्पताल तक पहुंचाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरेनी को दो नई एंबुलेंस मिलने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। विकास खंड सरेनी के वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख शैलेंद्र अग्निहोत्री, भाजपा मंड़ल उपाध्यक्ष सुबोध कुमार बाजपेयी, समाजसेवी शीलू सिंह, देशदीपक सोनी प्रधान, समाजसेवी महेंद्र पांड़ेय, अजय प्रताप सिंह उर्फ रोहित, महिकर सिंह प्रधान प्रतिनिधि, पिंटू पटेल प्रधान, शशिकांत तिवारी, अजय तिवारी, गिरिधारी लाल, राजेन्द्र विश्वकर्मा, नीरज श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह आदि ने बताया सीएचसी सरेनी में एंबुलेंस आने से मरीजों को स्वास्थ्य सेवा मिलने में आसानी होगी। इस मौके पर दर्जनों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## डा. अंबेडकर ने शिक्षा को सर्वोपरि माना-इं वीरेन्द्र यादव



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर देश के संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर लगातार सप्ताह भर के पाँचवें दिन स्वाभिमान-स्वमान समारोह के रूप में समाजवादी पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय सहित समस्त विधानसभा क्षेत्रों में डा अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक याद किया गया इस अवसर पर विचारगोष्ठियों का आयोजन किया गया। जिला कार्यालय पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं वीरेन्द्र यादव ने कहा कि बाबा साहब डा अंबेडकर शिक्षा को समाज सुधार का सबसे बड़ा साधन मानते रहे उनका कहना था शिक्षित बनो, संगठित रहो एवं संघर्ष करो। बाबा साहब ने सदैव समानता, स्वतंत्रता व बंधुत्व के लोकतांत्रिक मूल्यों की वकालत किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि बाबासाहब का अनुसरण कर पिछड़ों, दलितों, शोषितों एवं वंचितों को एकजुट होकर अपने हक़ एवं अधिकार के लिए संघर्ष करना है। विधायक श्याम सुन्दर भारती ने बछरावा के महाराजगंज में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि डा अंबेडकर सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे उन्होंने दलितों, ग़रीबों एवं महिलाओं के लिए लगातार आवाज उठाई। वरिष्ठ नेता डीपी पाल ने उपस्थित लोगों से कहा कि बाबासाहब एक कुशल अर्थशास्त्री एवं समाज सुधारक थे जाति व्यवस्था एवं सामाजिक भेदभाव के ख़िलाफ़ आवाज उठायी। स्वाभिमान-स्वमान समारोह को ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष यादव, समाजवादी अल्पसंख्यक अध्यक्ष डा आई जावेद, महिला सभा अध्यक्ष शिवदुलारी यादव, मो अरशद ख़ान, रमेश मौर्या, डा नरेंद्र यादव, हसीन अहमद, आफ़ताब आलम, रज्जू ख़ान, शिवनारायण सोनकर, जीपी यादव, अरुण प्रताप यादव, अरविंद चौधरी, जगदेव यादव, विश्वास दिवेदी, ब्रजेंद्र चौधरी, राकेश यादव आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त कर बाबासाहब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मो अनवर, इम्तियाज़ प्रधान, रामकुमार प्रधान, वीरेन्द्र कुमार, सूरज चौरसिया, इसरार सलमानी, दिलशाद, जलाल, महताब, अहमद हसन, फैजी ख़ान, विकास मौर्या, विनय यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 10 स्थानों पर रखे जाएंगे सीमेंट के हौदे

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे की सर्राफा मंडी में मां पार्वती सेवा समिति की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर के विभिन्न हिस्सों में गर्मी में जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। गर्मियों में निराश्रित पशुओं को पानी की कमी से जूझना न पड़े, इसके लिए समिति की ओर से एक सराहनीय कदम उठाया गया है। समिति के अध्यक्ष गोपाल जी गुप्ता ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए यह सेवा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर के 10 चिन्हित स्थानों पर सीमेंट से बने हौदे रखवा जाएंगे, जिनमें नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की जाएगी। इस कार्य के लिए समिति ने स्वयंसेवकों की टीम गठित की गई है। स्वयंसेवक प्रतिदिन हौदों में पानी भरने की जिम्मेदारी निभाएंगे। बैठक में समिति के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान संगठन विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने बताया कि समिति के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर नगर के कई युवा संस्था से जुड़ने की इच्छा जता रहे हैं। समिति ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे भी इस पुनीत कार्य में सहयोग करें और गर्मी में पशुओं के जीवन को बचाने में मदद करें। इस मौके पर समिति के संरक्षक महेश सोनी, अभिषेक सोनी, कृष्ण गुप्ता, राहुल गुप्ता, गोपाल सोनकर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## टीका करण से पांच माह की बच्ची की मौत का आरोप

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र में टीका करण से नवजात शिशु की मौत का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेजा। कोडर जहानपुर गांव में शुक्रवार को एएनम द्वारा गांव में टीका करण किया गया था। शनिवार की सुबह पांच माह की बच्ची की मौत हो गयी। परिजन बच्ची की मौत के लिए गलत टीकाकरण की बात कह रहे हैं। जबकि चिकित्सक परिजनों के इस आरोप को नकार रहे हैं। अमेठी जनपद के फुर्सतगंज थाना क्षेत्र के ब्रह्ममनी गाँव निवासी लाला पुत्र विश्ननाथ की पत्नी सरिता थाना क्षेत्र के कोड़रजहांनपुर गांव में रहती है शुक्रवार को वहां तैनात एन एनएम द्वारा टीकाकरण किया गया जिससे सरिता की पांच माह की बेटी की मौत हो गई है। एएसओ दयानद तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को बच्ची को टीका लगाने की बात परिजनों द्वारा बताई गई है। बच्ची की मौत शनिवार को हुई है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट से ही मौत का वास्तविक कारण पता चलेगा। सीएचसी अधीक्षक डाक्टर राकेश कुमार यादव का कहना है कि शुक्रवार को कोड़रज जहानपुर गांव में उसी ब्याल से पांच बच्चों का टीकाकरण किया गया था। शनिवार को एक बच्ची की मौत की बात सामने आ रही है जबकि अन्य बच्चे स्वस्थ्य हैं। टीकाकरण का प्रभाव घंटे डेढ घंटे में दिखाई देने लगता है। बच्ची की मौत की जांच स्वास्थ्य टीम करेगी।

## दो ट्रकों की भिड़ंत में चालक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल



**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** सुबेहा थाना क्षेत्र के गेरांवा बार्डर पर पूर्वांचल एक्सप्रेस - वे के प्वाइंट 58 के निकट पहले से खड़ी ट्रक में पीछे से आ रही दूसरी ट्रक द्वारा जोरदार टक्कर मार देने से जहाँ एक की मौके पर ही मौत हो गयी व दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये । बांदा से मौरंग लेकर जनपद अयोध्या जा रहे ट्रक चालक दिनेश कोरी पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी कुचेरा बाजार थाना मिल्कीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के प्वाइंट 58 के समीप अपनी साइड़ ट्रक खड़ी करके आराम कर रहा था, कि तभी पीछे से आ रहे दूसरे मौरंग भरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमे ट्रक चालक 45 वर्षीय राकेश कुमार यादव पुत्र राम अचल यादव निवासी पलिया लोहनिया थाना इनयातनगर जनपद अयोध्या की मौके पर ही मौत हो गयी। वही दिनेश कोरी व भीम सिहं पुत्र परशुराम निवासी नेटवरी चतुरपुर थाना तारून जनपद अयोध्या गम्भीर रूप से घायल हो गये ।मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सुबेहा कृष्णकांत सिहं व उपनिरीक्षक संजय सिहं ने घायलो को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्ल बाजार जनपद अमेठी में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा हैं।

## खबर एक नजर

### युवक के साथ हुई मारपीट,शिकायत दर्ज

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** लोनीकटरा थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मकनपुर के मोधू का पुरवा गांव निवासी गोकुल ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज कराई गई शिकायत में गोकुल ने पुलिस को बताया कि वह 10 अप्रैल की शाम इलियासपुर गांव में एक शादी समारोह से लौट रहा था। इस दौरान जब वह गाँव में नहर की पुलिया पर पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद गाँव निवासी आरोपी संदीप पुत्र बृजलाल ने उसे रोक लिया।आरोप है कि शराब की नशे में धुत्त आरोपी ने बिना किसी कारण के उसे चप्पलों से मारना शुरू कर दिया। जब गोकुल ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दे दी।पीड़ति गोकुल ने आरोपी के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। चौकी प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही हैं। जांचोपरांत पुलिस आवश्यक कार्रवाई करेगी।

### थाना समाधान दिवस सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** पुलिस द्वारा जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मौके पर कुल 98 प्रार्थना पत्र निस्तारित किए गए।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा आज थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कुर्सी व बड्डूपुर में जनता की समस्याएं सुनी गई व उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। *थाना कुर्सी में जनसुनवाई के दौरान 15 शिकायत प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर ही 08 प्रार्थना पत्रों* व *थाना बड्डूपुर पर 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया।* शेष प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मामले के निस्तारण हेतु मौके पर रवाना किया गया। इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में प्राप्त कुल 192 प्रार्थना पत्रों में से कुल 98 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया।

### बिना परमिट चलती मिली बस, सीज

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** मानको को दर-किनार कर सड़को पर संचालन करने वाले अनाधिकृत डग्गामार के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा धरपकड़की जा रही है। विभाग की लगातार कार्यवाही से डग्गामार वाहन संचालको मे भय का माहौल दिखने लगा है। प्रवर्तन टीमो द्वारा अवैध डग्गामार बसो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज 1 बिना परमिट के डग्गामार बस को सीज किया गया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज शनिवार यात्री/मालकर अधिकारी श्री रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने बाराबंकी-लखनऊ के सफेदाबाद स्थित चेकिंग के दौरान बिना परमिट के अयोध्या से लखनऊ की ओर सवारी भरकर जा रही 1 डग्गामार बस यू0पी 45 टी 2452 की जांच करते हुये थाना मोहम्मदपुर चैकी मे सीज किया। तथा पीटीओ द्वारा यात्रियो को दूसरे वाहन से गतव्य की ओर रवाना करवाया गया।

### जनसुविधा केंद्र प्रभारी को लगाया चूना

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** एक अनजान व्यक्ति ने जनसुविधा केंद्र प्रभारी को चुना लगाकर 16 हजार की ठगी कर फरार हो गया पीि?त ने मसौली पुलिस को तहरीर दी है।मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम ब?गांव निवासी शिवशंकर गुप्ता पुत्र मैकूलाल जो अपने ही घर पर जनसुविधा केंद्र का संचालन करता है गत 10 अप्रैल की शाम करीब सा? 6 बजे एक अनजान व्यक्ति आया और कहा कि हम विशाल मेगा मार्ट के पास रहते है ब?गांव क्रासिंग पर फाइनेंस कम्पनी वालो ने मेरी सकार्पियों गा?ी को पक? लिया है 16 हजार की किस्त देना है देदो और हमारा मोबाईल जमानत के रूप मे रख लो व्यक्ति पैसा लेकर चला गया जो अभी तक वापस नही आया। ठगी का शिकार हुए शिवशंकर गुप्ता ने थाना मसौली मे तहरीर दी है।

### बिना ड्राइविंग लाइसेंस व फिटनेस मिलने पर 8 ई-रिक्शा सीज

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** बिना फिटनेस व ड्राइविंग लाइसेन्स के अपंजीकृत ई-रिक्शा व आटो के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज शनिवार को यात्री/मालकर अधिकारी श्री रवि चन्द त्यागी की टीम ने लखनऊ-बाराबंकी-फतेहपुर- कुर्सी मार्ग पर बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना रजिस्ट्रेशन के 8 ई-रिक्शा को थाना कुर्सी में बंद किया। अभियान की जानकारी देते हुए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द त्यागी की टीम ने ड्राइविंग लाइसेंस, बिना फिटनेस के 8 ई रिक्शा को थाना कुर्सी में निरुद्ध किया7 तथा 5 चालान किए गए7 इसके साथ ही 2 ओवरलोड एवं 1 अपंजीकृत ट्रेक्टर- ट्राली को सीज किया गया।

### जनशिकायतों के निस्तारण के लिए टीमें गठित

**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी।** उपजिलाधिकारी रामनगर पवन कुमार वर्मा की मौजूदगी मे आज थाना मसौली मे आयोजित थाना समाधान दिवस मे 5 शिकायतों ने अपनी फरियाद रखी जिसके निस्तारण के लिए राजस्व मे पुलिस की टीमों का गठन किया गया है। थाना समाधान दिवस मे बड़ागांव निवासी कमलेश यादव, राकेश यादव व छंगालाल ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरे खेत ग्राम बड़ागांव व ग्राम धरौली की सीमा पर मौजूद है ग्राम पंचायत धरौली के मजरे बंजारनपूरवा निवासी पुदीना बंजारा की पुत्रियों दबँगाई के बल पर मेरे खेत मे निर्माण कर रहे है मना करने पर महिलाए फंसा देने की धमकी देती है उपजिलाधिकारी पवन वर्मा ने लेखपाल बड़ागांव एव धरौली को शिकायत के निस्तारण के आदेश दिये है। कस्बा मसौली निवासी प्रमोद कुमार ने अमित कुमार, हरिनाम पर अवैध कब्जे की शिकायत की, मसौली के ही विजय शंकर पुत्र शंकर प्रसाद ने राजकुमार पर सार्वजनिक खड़ंजे पर अतिक्रमण की शिकायत की। पहलीपार मजरे सुरसंडा निवासी देशराज गौतम ने राजेश कुमार से मकान के विवाद की तहरीर दी वही डढियामऊ निवासी सूर्यकान्त मिश्रा ने मंदिर पर लगे आम के पेड़ पर सुमिरन पर कब्जा करने की शिकायत की।

## जागरूकता अभियानों का परिणाम दूरगामी होता है : अनूप कुमार




**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जागरूकता अभियानों का परिणाम दूरगामी होता है, समाज में प्रभाव धीरे धीरे पड़ता है, नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रमों के कारण नशामुक्ति के कार्य में जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान मिल चुका है और जिलाधिकारी को केंद्र में गृहमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया है। यह बातें नारकोटिक्स सेल के प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला ने नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ शोसल डिफेंस (एनआईएसडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित व बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा जानकी प्रसाद वर्मा मेमोरियल महिला महाविद्यालय कोटवासडक में आयोजित '' एक युद्ध, नशे के विरूद्ध÷ नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम विषयक जागरूकता व शपथ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही। श्री शुक्ला ने बताया कि बाराबंकी ड्रग्स के कारोबार का हब बन चुका था, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन में वर्ष 2022-23 में एक सौ ग्यारह करो का और वर्ष 2023-24 में 175 करो का ड्रग्स पुलिस व नारकोटिक्स विभाग ने विधिक कार्यवाई करके नष्ट किया है। जिला प्रशासन बाराबंकी को नशामुक्त करने के लिए संकल्पित है, और अभियान चलाया जा रहा है। छात्र छात्राओं से अपील है कि वह नशे से दूर रहें और समाज को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।महाविद्यालय के चेयरमैन राधेलाल वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि छात्र छात्राएं जागरूक हों और परिवार व समाज को नशे से दूर रहने के लिए संकल्प लें। हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल श्रीवास्तव ÷लल्लू÷ ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि बेटियां परिवार की आन बान शान होती हैं, वे परिवार की खुशहाली के लिए नशामुक्ति अभियान में जुड़ें। गीतकार साहब नारायण शर्मा ने कई मार्मिक गीतों से छात्राओं को प्रेरित किया। आयोजक संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग इस स्तर तक हो रहा है कि जो दवाएं इलाज के लिए इजाद हुई आज नशे के रूप में दुरुपयोग हो रही हैं, इसे रोकना होगा। इस अवसर पर अतिथियों सहित महाविद्यालय की प्रवक्ता संगीता यादव, डॉ रंजना पांडेय, कल्पना वर्मा, डॉ मनोरमा यादव, अनिता वर्मा, पद्मा, पूनम रत्नाकर, राम कैलाश एवं कालेज की 150 छात्राओं सहित 190 लोगों ने बाराबंकी को नशामुक्त करने की शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राएं रूबी, प्रतिभा, रिया मिश्रा, अंजली, ज्योति, अनामिका, मानसी, सुहासिनी बहुत प्रेरक नुक्कड़ नाटक एवं नशामुक्ति का गीत नशा न करना मान लो मेरे, भाई बहना, होगी बड़ी खराबी...प्रस्तुत करके नशे के लती परिवार की दुर्दशा का चित्रण किया।

## प्राथमिक विद्यालय में किशोर सम्मेलन आयोजित



**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी ।** वात्सल्य संस्था के तत्वाधान मे आज विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत जकरिया के प्राथमिक विद्यालय प्रागण में किशोर सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कुल 165 किशोरो ने प्रतिभा किया किशोर सम्मेलन का शुभारंभ ग्राम प्रधान अनिल वर्मा ने दीप प्रजवल्लित कर किया।कार्यक्रम मे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शशि वर्मा रेखा वर्मा माया ग्राम आशा अनीता वर्मा के माध्यम से किशोरो में मिस्टर स्मार्ट प्रतियोगिता की गई जिसमें कुल 10 किशोरो को शिवा, अनिकेत, हिमांशु राज ,अंकुश, सौरभ ,आदित्य,शिवम ,गौरव, हिमांशु वर्मा, हिमांशु रावत ,अथर्व ,शुभम को प्रतियोगिता में सफल होने पर पुरस्कृत किया गया वात्सल्य संस्था मसौली ब्लाक के ब्लॉक समन्वयक महेंद्र कश्यप के द्वारा किशोर को बाल विवाह, शिक्षा ,स्वास्थ्य एवं रोजगार के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को उनके जीवन के प्रति संवेदित किया गया।इसी क्रम में वात्सल्य संस्था के सामुदायिक कार्यकर्ता शोभिका मिश्रा, सीमा वर्मा, कमलेश कुमार, अनूप मौर्य की उपस्थिति में किशोरो को जीवन कौशल से संबंधित मुद्दों पर संवेदित किया गया।

## कमरे में फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी ।** थाना क्षेत्र के कोपवा गाँव मे घर अंदर कमरे मे संदिग्ध परिस्थितियों मे फांसी के फंदे से महिला का शव लटकता मिला । मौके पर पहुंची जैदपुर ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज जाँच मे जुट गयी है।बताते चले की जैदपुर थाना क्षेत्र के कोपवा गाँव मे करीब 24वर्षीय महिला ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा औऱ मामले की जाँच मे जुटी हुई है वहीं मौके पर पहुँचे मृतका के भाई ने ससुराली जनो पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के ईश्वरीगंज गाँव निवासी मृतका के भाई रामनकुल पुत्र भीखालाल ने जैदपुर थाने मे लिखित शिकायत करते हुए बताया की उन्होंने 3 मई 2023को कोपवा निवासी ब्रज किशोर पुत्र राकेश कुमार के साथ हुई थी कुछ दिन सब ठीक ठाक चला उसके बाद से मृतका का पति दहेज औऱ बुलेट गाड़ी के लिए आये दिन मरता पीटता था, लेकिन मृतका का भाई हमेशा अपनी बहन को ही समझा बुझा कर भेज देता था मृतका के भाई के अनुसार उसकी बहन को सोनाली जल लगातार परेशान कर रहे थे औऱ 10 अप्रैल को उनकी बहन ने अपनी भाभी को फोन पर अपनी आपबीती बताते हुए बुलालेने की बात कही औऱ कहा नही तो किसी दिन मेरी जान ले लेंगे, तब भाई बहन को लेने उसके ससुराल पहुंचा लेकिन ससुरालीजनों ने गलती होने की बात कहते हुए आगे से शिकायत न मिलने की बात कही जिससे नकुल वापस चला गया औऱ जब देर रात इस घटना की जानकारी मिली तो सभी सन्न रह गए आनन फानन मे सभी कोपवा गाँव पहुँचे तो देखा कि उनकी बहन कमरे मे साड़ी के फंदे से झूल रही है फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विचार संगोष्ठी आयोजित

**स्वतंत्रभारत ब्यूरो, बाराबंकी।** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज के तत्वाधान में महाविद्यालय के सभागार में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक विचार संगोष्ठी और छात्र-छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) सीताराम सिंह तथा समस्त प्राध्यापकों द्वारा डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया गया ।कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक प्रोफेसर (डॉ0) सीताराम सिंह ने छात्र-छात्राओं को डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन की दिशा तय करने का आह्वान किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने जहां एक ओर डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन के सकारात्मक और




प्रेरणादायक पहलुओं की चर्चा की वहीं दूसरी ओर उन समस्त पहलुओं को अपने जीवन में कार्य रूप में परिणत करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।प्राचार्य ने उपस्थित जन समुदाय को न केवल इस बात के लिए उत्साहित किया कि वह सार्थक विचारों का पोषण करें, बल्कि उन्हें जीवन के निर्माण में उपकरण के रूप में प्रयोग करने के लिए भी उनका पथ प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रोफेसर (डॉ.) अनिता सिंह ने अपने वक्तव्य में डॉ. अंबेडकर के महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में किए गए क्रांतिकारी प्रयासों के लिए उनका श्रद्धाभाव से स्मरण किया। अपने वक्तव्य में आगे कहा कि ÷पत्थर से डॉ. अंबेडकर के संघर्ष और संघर्ष के प्रति उनकी विजय भावना की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर (डॉ0) संतोष कुमार गौड़ ने डॉ. आंबेडकर के जीवन काल के समस्त संघर्षों का स्मरण करते हुए छात्र छात्राओं से उनके प्रत्येक संघर्ष से उपजी प्रेरणा को जीवन परिवर्तित करने के लिए एक हथियार के रूप में प्रयोग करने का आह्वान किया।

डॉ. गौड़ ने दलितों के लिए राजनीतिक अधिकारों तथा सामाजिक स्वतंत्रता के लिए डॉ. अंबेडकर के संघर्ष का स्मरण करते हुए इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि डॉ. अंबेडकर सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध ऐसे आंदोलन का नेतृत्व करते रहे जिन्होंने कालांतर में भारत की दशा और दिशा दोनों को परिवर्तित कर दिया।समस्त वक्ताओं ,उपस्थित अभ्यागतों तथा छात्र-छात्राओं के प्रति हिंदी विभाग के प्रोफेसर (डॉ.)कृष्णकांत चंद्रा ने आभार और धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर (डॉ.) मनीष पाण्डेय ने किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्र-छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें बी.ए . द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सौम्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की ही छात्रा प्रतिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय सेमेस्टर के ही छात्र प्रेम नारायण गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । द्वितीय सेमेस्टर के एक अन्य छात्र देवानंद यादव को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस पार्टी का जन्म संघर्ष की कोख से हुआ है : पीएल पुनिया

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** कांग्रेस पार्टी का जन्म संघर्ष की कोख से हुआ है। जब-जब इस देश में किसी जालिम ने गरीब मजलूम को दबाने का काम किया है, कांग्रेसजनों ने जमकर संघर्ष करके आवाम को न्याय दिलाने का काम किया है। आज जब भाजपा की सरकार खुले आम देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले कर रही है, तब प्रत्येक कांग्रेसजन का नैतिक दायित्व है कि, वो पीि?त जनता की आवाज बने, और उसके हित में संघर्ष करके उसे न्याय दिलाये, और गांव-गांव जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आवाम तक पहुंचाये। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा के पुनः अध्यक्ष के मनोनयन पर प्रान्तीय एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार।उक्त उद्गार पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक पर पुनः नवमनोनीत जिला एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष का कांग्रेस परिवार द्वारा स्वागत समारोह में व्यक्त किये।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन तथा संचालन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राम हरख रावत ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद तनुज पुनिया विशेष रूप से मौजूद थे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मासिक बैठक एवं स्वागत समारोह के शुरू होते ही, जनपद के कोने-कोने से आये कांग्रेसजनों ने पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया, सांसद तनुज पुनिया कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, एवं नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला को गगनभेदी नारों की बीच 11 किलो की ब?ी माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।स्वागत से अभिभूत सांसद तनुज पुनिया ने कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर मोहम्मद मोहसिन एवं राजेन्द्र वर्मा के पुनः मनोनयन पर पार्टी के प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय नेतृत्व को बधाई देते हुये कहा कि, हमारे जनपद का कांग्रेस संगठन, ऊर्जावान कांग्रेसजनों का एक ऐसा समूह है जो कोई भी कठिन से कठिन ल?ाई जीतने में समर्थ है। आज हमारी पार्टी बूथ स्तर तक मजबूत है लेकिन उसे और मजबूत बनाने की जरूरत है। युवाओं महिलाओं पिछ? वर्गों और अल्पसंख्यकों को संगठन में प्रतिनिधित्व देना हमारी प्राथमिकता है। नवमनोनीत अध्यक्ष संगठन सृजन प्रक्रिया के तहत इस बात का जरूर ध्यान दें हमारा कोई भी ऊर्जावान कार्यकर्ता छूटना नही चाहिए, क्योंकि संगठन का कार्यकर्ता ही हमारी ताकत है। नवमनोनीत कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन एवं नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने अपने पुनः मनोनयन पर पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया, सांसद तनुज पुनिया तथा पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि, कांग्रेस पार्टी अब जमीनी स्तर पर सशक्त निर्माण की ओर अग्रसर है। नवमनोनीत जिला एवं नगर अध्यक्षों को हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राजधानी दिल्ली में एक संवाद आयोजित कर सभी को संगठनात्मक अनुसाशन और पारदर्शिता जनसम्पर्क के बारे में विस्तृत जानकारी देकर कहा है कि, भारत जोड़ों यात्रा से जो सकारात्मक ऊर्जा मिली है उसे संगठन में रूपान्तरित करना आवश्यक है।मासिक बैठक और स्वागत समारोह में मुख्य रूप से पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया, सांसद तनुज पुनिया, कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाल, सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, केसी श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, फरहान किद्वई, शिव बहादुर वर्मा, सिकन्दर अब्बास रिज्वी, शबनम वारिस, अजय रावत, रामचन्दर वर्मा, कमल भल्ला, मोहम्मद इजहार सिद्दीकी, सुरेश चन्द्र बैसवार, राजेन्द्र गोस्वामी, संजीव मिश्रा, मो0 आरिफ, रमेश कश्यप, रिंकू सोनी, धनन्जय सिंह, सौरभ पाण्डेय, सद्दाम हुसैन, शरीफ अहमद, सन्तशरण वर्मा, महेन्द्रपाल वर्मा, सियाराम यादव, सुशील वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, मोहम्मद सिद्दीक, आमिर अय्यूब किद्वई, जलालुद्दीन गुड्डू, इन्द्रेश वर्मा, पवन यादव, राबिया बेगम, सोनम वैश्य व सना शेख सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दे दी जान

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में विवाहिता ने दुपट्टे के सहारे कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ससुर की सूचना पर पहुंचे विवाहिता के मायके के लोग दरवाजा तोड़ कर देखा तो शव दुपट्टा के सहारे लटक रहा था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा बड्डूपुर कोतवाली की चौकी भगौंली क्षेत्र के ग्राम थनैत पुर गांव निवासी स्तुति वर्मा उम्र करीब 26 वर्ष पत्नी अभिनव वर्मा शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद विवाहित स्तुति वर्मा कमरे में सोने चली गई सुबह जब देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों द्वारा दरवाजा खटखटाया फोन मिलाया लेकिन ना तो फोन उठा न दरवाजा खुला विवाहिता के ससुर ने विवाहिता की मायके में सूचना दी सूचना पर पहुंचे मायके के लोग दरवाजा तोड़कर देखा तो विवाहिता का शव लटक रहा था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा ।

## हनुमान जन्मोत्सव पर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** हनुमान जन्मोत्सव बजरंग दल बलोपासना दिवस के मौके पर आज जिले के विभिन्न स्थानों पर विश्व हिंदू परिषद के युवा इकाई बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रखंड देवा के ग्रामीण स्टेडियम ग्राम बैसुआ टेराकला के मैदान में श्री हनुमान जन्मोत्सव,बजरंग दल बलोपसना दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के युवा इकाई बजरंग दल के तत्वाधान में कबड्डी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य जिला मंत्री राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसमें कई टीमों ने भाग लिया फाइनल मुकाबला कुशुम्भा और इनायतपुर के मध्य हुआ जिसमें विजेता कुशुम्भा व उपविजेता इनायतपुर की टीम रही। विजेता व उपविजेता टीम के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल व ट्रॉफी आयोजन मंडल की तरफ से भेंट की गई। इस अवसर पर जिला सह मंत्री वीरेंद्र, बजरंग दल जिला संयोजक राहुल विक्रम, जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख तुलसीराम चौहान, जिला बलोपसना प्रमुख जयपाल व प्रखंड संरक्षक सिद्धनाथ शास्त्री सुरजीत सिंह चौहान, शिवा गौतम आदि मौजूद थे। वही रामनगर प्रखंड के यूनियन इंटर कॉलेज के मैदान में भी बजरंग दल उपासना दिवस पर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें विभिन्न खंड के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बरियारपुर एवं रामनगर की टीम के मध्य जोरदार टक्कर हुई। ग्राम बरियारपुर की टीम विजई हुई। जिले के अन्य विभिन्न प्रखंड में भी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

## सेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित है भाजपा : भूपेंद्र सिंह


**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** मोदी - योगी सरकार का लेखा जोखा बताने एवं अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति से संवाद स्थापित करने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी आज जिले के ख़सपरिया गांव पहुंचे। गांव स्थित मत्थेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करके आशीर्वाद लिया। स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल हुए।बूथ संख्या 212 एवं 213 की कमेटी के साथ विभिन्न अभियानों पर चर्चा की।योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया।मंदिर परिसर में आयोजित चौपाल के दौरान ग्रामीणों से मुखातिब हुए।कहा कि भाजपा अपने 46 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गांव चलो अभियान के तहत मोदी - योगी सरकार का लेखा जोखा लेकर गांव - गांव संपर्क कर रही है। कहा कि 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति के मायने बदल दिए हैं। राष्ट सर्वोपरि का भाव लिए भाजपा सरकार सेवा,सुशासन और जन कल्याण को




समर्पित है।कहा मोदी योगी सरकारों ने भारतीय संस्कृति एवं विरासत का गौरव बढ़ाया है।अब कांवड़ यात्रा पर पुष्प वर्षा होती है। उन्होंने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर,अयोध्या में भव्य राम मंदिर व विंध्याचल कॉरिडोर के निर्माण को सनातन संस्कृति के पुनरोत्थान का अहम पड़ाव बताया।उन्होंने विरोधी पार्टियों पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि वामपंथ एवं कांग्रेस सबके मूल में विदेशी विचार धारा है जो देश को बांटने की हिमायत करती हैं।जबकि सपा हमेशा दंगाइयों और आतंकवादियों के साथ खड़ी दिखती है।उन्होंने प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान 1978 में सम्भल में हुए भीषण दंगे सहित प्रदेश के तमाम दंगों एवं आतंकवादी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सपा ने आतंकवादियों के केस वापस लेने का काम किया जबकि मोदी योगी सरकार में आतंकवादियों, दंगाइयों एवं माफियाओं के हौसले पस्त हैं।उन्होंने राणा सांगा को राष्टनायक कहते हुए सपा सांसद द्वारा उनके विरुद्ध की गई टिप्पणी की कड़ी शब्दों निंदा की।उन्होंने सपा के पीडीए को छलावा कहते हुए सपा को परिवारवादी पार्टी कहा।उन्होंने कहा भाजपा सामाजिक समरसता और सद्भाव की हिमायती है।उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर काम करते हुए सरकार ने बिजली, सड़क, सुरक्षा सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व काम किया है जिसके चलते 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला जा सका है। बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचा रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्रवाद की अलख जगाने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। 26 /11 आतंकवादी घटना के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की अमेरिका से प्रत्यपर्ण की घटना को उन्होंने मोदी के नेतृत्व में भारत की दुनिया में बढ़ती साख बताया।




# लखनऊ ने रोका गुजरात का विजय रथ




## पूरन-मारक्रम का तूफान, एलएसजी ने जीटी को 6 विकेट से हराया

**लखनऊ।** गुजरात टाइटंस की टीम जिन्होंने आईपीएल 2025 में अपने शुरुआत 5 में से चार मुकाबलों में लगातार जीत दर्ज की थी, उनको छठे मैच में 6 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ इस मुकाबले में गुजरात टाइटंस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर 180 रनों का स्कोर बनाया था, जिसका पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 19.3 ओवर्स में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में एलएसजी की टीम के लिए बल्ले से एडन मारक्रम और निकोलस पूरन ने अहम भूमिका निभाई जिसमें दोनों अर्धशतकीय पारी खेलने में कामयाब रहे।

लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम जब इस मुकाबले में टारगेट का पीछा करने उतरी तो उनकी तरफ से ओपनिंग में एडन मारक्रम के साथ ऋषभ पंत की जोड़ी इस मैच में उतरी जिसमें दोनों ने पहले 6 ओवर्स में टीम का स्कोर 61 रनों तक पहुंचा दिया। लखनऊ की टीम को पहला झटका 65 के स्कोर पर कप्तान ऋषभ पंत के रूप में लगा जो 21 रनों की पारी खेलने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर आउट हो गए। वहीं इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे निकोलस पूरन ने मारक्रम का बखूबी साथ दिया जिसमें दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 29 गेंदों में 58 रनों की साझेदारी देखने को मिली, जिससे लखनऊ की इस मैच में जीत पूरी तरह से पक्की हो गई। एडन मारक्रम इस मैच में 31 गेंदों में 58 रनों की पारी खेलने में कामयाब हुए तो वहीं निकोलस पूरन के बल्ले से 34 गेंदों में एक चौके और 7 छक्कों की मदद से 61 रनों की पारी देखने को मिली। लखनऊ की टीम इस जीत के साथ अब टॉप-4 में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो गई है, जिसमें उनके 6 मैचों में चार जीत के साथ 8 अंक हैं। इस मैच में गुजरात टाइटंस की टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो उसमें शुभमन गिल और साई सुदर्शन के बल्ले से तो बेहतरीन अर्धशतकीय पारी देखने को मिली जिसमें दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी देखने को मिली। वहीं गिल के 60 और सुदर्शन के 56 रन बनाकर पवेलियन लौटने के साथ गुजरात की पारी में तेजी के साथ विकेट गिरने का सिलसिला देखने को मिला जिसमें वह 180 के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब हो सके। लखनऊ के लिए गेंदबाजी में शार्दुल ठाकुर और रवि बिश्नोई ने 2-2 विकेट हासिल किए तो वहीं दिग्वेश राठी और आवेश खान ने भी एक-एक विकेट लिया।

**विकेट हो गया था धीमा**

गुजरात टाइटन्स के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने कहा कि मैच आगे बढ़ने के साथ ही इकाना स्टेडियम की पिच काफी धीमी हो गई थी, लेकिन उन्होंने शनिवार को आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बल्लेबाज निकोलस पूरन की एक और शानदार पारी की तारीफ की। पटेल ने कहा, कोई भी खराब शॉट खेलकर आउट नहीं हुआ। बस इतना हुआ कि गेंद पुरानी होने के बाद पिच धीमी होने लगी। जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, बल्लेबाजी करना आसान नहीं रहा, यह मुश्किल होता जा रहा था। एलएसजी को भी यही समस्या थी। पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था।





# शर्मा ने किया हैदराबाद का जीत से 'अभिषेक'

## जीत की पटरी पर लौटी एसआरएच, पंजाब को आठ विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की तूफानी साझेदारी के दमपर सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हरा दिया। शनिवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 245 रन बनाए। जवाब में पिछले सत्र की उप विजेता टीम ने 18.3 ओवर में दो विकेट खोकर 247 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी के साथ हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले पंजाब किंग्स ने पिछले सत्र में कोलकाता के खिलाफ 262/2 रन बनाकर सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया था।

**अभिषेक ने खेली तूफानी पारी**

पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईपीएल में अपना शतक जड़ दिया है। दरअसल, अभिषेक ने इस दौरान 41 गेंदों में 11 चौके और 6 छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। अभिषेक ने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी की। इस मैच में अभिषेक को दो जीवनदान मिले। जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। वहीं अभिषेक शर्मा को 3.4 ओर में जीवनदान मिला जब यश ठाकुर की गेंद पर वह कैच आउट हो गए लेकिन थर्ड अंपायर ने नो-बॉल करार दिया। क्योंकि यश ठाकुर का पैर क्रीज से बाहर था। इसके बाद युजवेंद्र चहल ने कैच छोड़ दिया। इसके बाद तो अभिषेक का बल्ला नहीं रुका और उन्होंने महज 19 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। इसके बाद अभिषेक और बेखौफ अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हैदराबाद में चौके और छक्कों की बाढ़ सी ला दी और 40 गेंद पर 11 चौके और छक्कों की मदद से अपना पहला आईपीएल शतक जड़ा। ये हैदराबाद की तरफ से दूसरा सबसे तेज शतक रहा। ट्रेविस हेड ने हैदराबाद के लिए सबसे तेज शतक लगाया। हेड ने 39 गेंद में ये कमाल किया है।



# जीत की राह पर लौटने को बेताब राजस्थान-आरसीबी

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स रविवार, 13 अप्रैल को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 28वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मेजबानी करेगी। रॉयल्स ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की। हालांकि, उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ लगातार जीत के साथ वापसी की। अपने सबसे हालिया मुकाबले में, उद्घाटन चैंपियन को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स से 58 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा। संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम रविवार को जीत की राह पर लौटना चाहेगी।

इस बीच, आरसीबी पांच मैचों में तीन जीत और दो हार दर्ज करके अंक तालिका में चौथे नंबर पर है। वे इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर छह विकेट से हार के बाद आ रहे हैं, जहां उनके पूर्व खिलाड़ी केएल राहुल ने मैच जिताऊ पारी खेलकर दर्शकों को 164 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल करने में मदद की थी।

संजू सैमसन ये सीजन अच्छा रहा

संजू सैमसन का इस साल आईपीएल सीजन बहुत अच्छा जा रहा है और उन्होंने पांच मैचों में 36 की औसत और 151 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। हालांकि भुवनेश्वर कुमार के पास उनका तोड़ है और वह सैमसन को 18 में से चार टी20 पारियों में आउट कर चुके हैं। हालांकि सैमसन उन पर 30 की औसत और 128 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

# केडी सिंह बाबू स्टेडियम में बने स्वीमिंग पूल का शुभारंभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की इकाई -21 ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम को अंतर्राष्टीय स्तरीय स्वीमिंग पूल बनाकर सौंप दिया है। देर शाम इस स्वीमिंग पूल का उद्घाटन खेल निदेशालय के विशेष सचिव (वित्त ) और क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अवनीश सक्सेना की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर स्वीमिंग पूल में तैराकी करने वाले प्रशिक्षुओं ने तैराकी कर इस नवनिर्मित स्वीमिंग पूल का आनंद लिया। इसके चलते राजधानी लखनऊ में अब राज्य स्तरीय तैराकी और न ही राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तैराकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सकेगा। इस स्वीमिंग पूल का निर्माण कार्य अभी दो दिन पूर्व ही पूरा कराया गया है। निगम की यूनिट-21 के परियोजना प्रभारी पीके जैन और उनकी टीम के अवर अभियंताओं की रात दिन की मेहनत के बाद इस पूल को चार महीने के कठिन परिश्रम के बाद सौंपा जा सका है।

# एमआई के सामने दिल्ली कैपिटल्स की मजबूत चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम आईपीएल 2025 का 29वां मुकाबला खेला जायेगा। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। सभी की नजरें खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा पर होंगी। मुंबई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वापसी कर चुके हैं और अपना दूसरा मुकाबला खेलने के लिए तैयार हैं। आगामी मैच में वह केएल राहुल के लिए चुनौती बन सकते हैं। दिल्ली की टीम ने टूर्नामेंट के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन किया है और इसलिए वह इस मैच में जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। दिल्ली की टीम की निगाह लगातार पांचवीं जीत हासिल करने पर होगी जबकि हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली मुंबई की टीम छह मैच में पांचवीं हार से बचने की कोशिश करेगी। आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में एक हार से लय गड़बड़ा सकती है और मुंबई इंडियंस तो पिछले साल से चले आ रहे खराब प्रदर्शन में सुधार नहीं कर पाई है। पिछले साल उसकी टीम अंतिम स्थान पर रही थी। मुंबई के लिए रोहित की फॉर्म चिंता का विषय है जो अभी तक चार मैच में केवल 38 रन बना पाए हैं। दिल्ली के खिलाफ उन्हें अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे मंझे हुए स्पिनरों के अलावा अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले विपराज निगम से कड़ी चुनौती मिलना सुनिश्चित है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कुलदीप को अभी तक टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर करार दिया है।

# शेयर बाजार में उछाल, उतार-चढ़ाव से ऐतिहासिक रहा वॉल स्ट्रीट का सप्ताह




नई दिल्ली। टैरिफ युद्ध की आशंकाओं के बीच शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजार में उछाल आया। हालांकि अमेरिकी डॉलर के गिरते मूल्य और वित्तीय बाजार के उतार-चढ़ाव ने संकेत दिया है कि अमेरिका और चीन के बीच संभावित टैरिफ वार से बाजार में डर का माहौल है। एसएंडपी 500 में 1.8 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। वहीं डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 340 अंकों की गिरावट से शुरू होकर 810 अंकों की बढ़त तक पहुंचा और फिर 619 अंकों या 1.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर बंद हुआ। वहीं नैस्डैक कंपोजिट में 2.1 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। कुल मिलाकर शुक्रवार को एसएंडपी 500, 95.31 अंक बढ़कर 5,363.36 पर पहुंच गया। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 619.05 चढ़कर 40,212.71 पर पहुंच गया, और नैस्डैक कंपोजिट 337.14 चढ़कर 16,724.46 पर पहुंच गया। माना जा रहा है कि शेयरों में उछाल की वजह अमेरिकी बॉन्ड बाजार से थोड़ा दबाव कम होना है। 10 साल के ट्रेजरी पर प्रतिफल सुबह 4.58 प्रतिशत से ऊपर चला गया, जो एक सप्ताह पहले 4.01 प्रतिशत था। हालांकि दोपहर तक यह 4.48 प्रतिशत पर वापस आ गया। इस तरह के उछाल से अमेरिका में घरों और व्यवसायों को दिए जाने वाले मॉर्गेज और अन्य कर्जों की दरें बढ़ सकती हैं। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी होगी।

**आईकू:** आईकू ने एक बार फिर इंडस्ट्री में नए मानदंड स्थापित करते हुए भारत में अपनी लेटेस्ट ज़ेड10 सीरीज आईकू ज़ेड10 और आईकू ज़ेड 10× लॉन्च की है। अत्याधुनिक परफॉर्मेंस और शानदार इनोवेशन के साथ पेश की गई यह सीरीज़ खासतौर पर कॉलेज छात्रों के लिए तैयार की गई है, जो पावरफुल कनेक्टिविटी, इमर्सिव एंटरटेनमेंट और पूरे दिन भर भरोसेमंद परफॉर्मेंस की तलाश में हैं। आईकू ज़ेड10 सीरीज यूज़र्स को मेगाटास्किंग की शक्ति देती है, उन्हें उनके डाइनैमिक लाइफस्टाइल को आसानी से मैनेज करने और पूरे दिन कनेक्टेड रहने में सक्षम बनाती है। आईकू के सीईओ निपुण मार्या के साथ अमेज़न इंडिया के स्मार्टफोन और एक्सेसरीज़, कैटेगरी लीडर तनय शाहने कहा, आईकूके साथ हमारी लंबे समय से चली आ रही पार्टनरशिप ने देशभर के ग्राहकों के लिए इनोवेटिव और फीचर्स से भरपूर 5जी स्मार्टफोन उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई है।

# भारतीय बाजार में सोने के दाम में रोज उतार-चढ़ाव



नई दिल्ली। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव और टैरिफ चिंताओं में कुछ समय पहले सोने की कीमतों में कमी देखने को मिली थी, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3200 डॉलर तक पहुंच गई है जिसका असर भारत में देखने को मिल रहा है। भारतीय बाजार में सोने के दाम में रोज उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। 24 कैरेट सोने की कीमत 96, 600 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गई जबकि 22 कैरेट सोना का भाव 87,460 रुपये प्रति दस ग्राम रहा है। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि सोने के भाव शुक्रवार की तुलना में 2000 रुपये तक बढ़ गए हैं। सोने की कीमत अपना नया रिकॉर्ड भाव यानी 1,00,000 रुपये के स्तर पर जाने के लिए केवल 4,500 रुपये की दूर है। बाम्बे बुलियन एसोसिएशन के सदस्य और ज्वेलर संजय कोठारी ने बताया कि सोने की कीमत उच्च रिकॉर्ड स्तर पर हैं, जिसकी वजह से आभूषण की खरीदारी फिलहाल नहीं हो रही है। शादी ब्याह का मौसम होने की वजह से 80 प्रतिशत ग्राहक रिसायकलिंग गोल्ड यानी पुराने आभूषणों नया करवा रहे हैं, जिसमें उन्हें केवल बनाई ही देनी पड़ रही है नहीं तो पुराने सोने को बेचकर उसकी जगह नए आभूषण ले रहे हैं।

**रिमेडियम लाइफकेर:** रिमेडियम लाइफकेर लिमिटेड को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से अपने प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए मंजूरी मिल गई है।इस मंजूरी के बाद तेजी से बढ़ रही ये कंपनी अब अपने मौजूदा शेयरधारकों से पूंजी जुटा सकेगी, जिससे उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और वह अपने मैन्युफैक्चरिंग, नए प्रोडक्ट्स का विकास और वैश्विक बाज़ार में विस्तार–को आगे बढ़ा सकेगी। कंपनी के होलटाइम डिरेक्टर आदर्श मुन्जाल ने कहा बी एस ई की यह मंज़ूरी हमारे सफर में एक महत्व का कदम है। राइट्स इश्यू की मुख्य बातें रिकॉर्ड डेट मंगलवार, 15 अप्रैल 2025,इश्यू साइज 4,919.04 लाख (यदि पूरी तरह सब्सक्राइब किया जाए),प्रति शेयर मूल्य 1.00 प्रति शेयर। कुल शेयर 49,19,04,000 पूरी तरह से चुकता किए गए इक्विटी शेयर (1 मूल्य के) राइट्स रेशियो रिकॉर्ड डेट तक आपके पास जितने भी पूरी तरह चुकता किए गए 50 शेयर हैं, उनके बदले में आपको 61 राइट्स शेयर मिलेंगे।

**बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस:** बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने महिलाओं के लिए विशेष रूप से बनाया गया एक समग्र सुरक्षा समाधान लॉन्च किया। बच्चे के भविष्य के लिए मासिक आय। 60 गंभीर बीमारियों का कवरेज, जिसमें कैंसर भी शामिल है। महिलाओं के लिए 36,500 प्रति वर्ष तक की मुफ्त हेल्थ मैनेजमेंट सेवाएं। तरुण चुघ, एमडी एवं सीईओ, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, आज की महिलाएं अपने स्वास्थ्य, बच्चों की भलाई और वित्तीय स्वतंत्रता को प्राथमिकता दे रही हैं।

# सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में बदलाव का दौर

नई दिल्ली। अमेरिका की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री एसोसिएशन (एसआईए) के अध्यक्ष और सीईओ जॉन नेफर ने सेमीकंडक्टर की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर बदलाव की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव आ रहा है और इसका सबसे बड़ा फायदा भारत को मिल सकता है। जॉन नेफर नई दिल्ली में आयोजित कार्नेगी ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में बोल रहे थे, जिस दौरान उन्होंने इन बातों पर प्रकाश डाला। बचा दें कि एसआईए दुनिया की बड़ी कंपनियों जैसे एएमडी, एनवीडिया और ञ्सस्ष्ट का प्रतिनिधित्व करता है।

सप्लाई चेन को मजबूत बनाने पर जोर नेफर ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद दुनिया ने सेमीकंडक्टर आपूर्ति में कई कमजोरियां देखीं, इसलिए अब ज़रूरी है कि सप्लाई चेन को और विविध और मजबूत बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत के पास खासकर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) के क्षेत्र में बेहतरीन क्षमता है, जो सेमीकंडक्टर बनाने की प्रक्रिया में एक अहम हिस्सा होता है। सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में भारत की तेजी भारत ने हाल ही में सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में तेज़ी से कदम बढ़ाए हैं। टाटा, अडानी और एलएंडटी जैसे बड़े भारतीय समूह इस सेक्टर में निवेश कर रहे हैं। वैश्विक निवेश बैंक जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सरकार की मददगार नीतियों, सस्ती उत्पादन लागत और पश्चिमी देशों से मजबूत संबंधों की वजह से भारत एक वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बन सकता है। अभी दुनिया में सेमीकंडक्टर की मांग बहुत तेज़ी से बढ़ रही है और अगर भारत इस मौके का सही फायदा उठाए, तो वह इस अहम टेक्नोलॉजी सेक्टर में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बन सकता है। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका मिलकर सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम टेक्नोलॉजी, जैव प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग बढ़ा रहे हैं। इसके लिए इसी साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मिलकर यूएस इंडिया ट्रस्ट नाम की एक नई पहल शुरू की गई थी।

# विदेशी बाजारों में दाम मजबूत होने से अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** खाद्यतेलों, खासकर सोयाबीन और सूरजमुखी तेल जैसे सॉफ्ट (नरम) खाद्यतेलों के कम आयात और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ बिनौला तेल कीमतों में सुधार देखने को मिला। दूसरी तरफ विदेशों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट रही। सामान्य कारोबार के बीच सरसों, मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें पूर्व-स्तर पर बंद हुई। बाजार सूत्रों ने कहा कि खपत बढ़ने पर पिछले साल की तरह खाद्यतेलों का आयात भी बढ़ना चाहिए था। नवंबर-दिसंबर, 2022 के दौरान 31,11,669 टन (खाद्य एवं अखाद्य) तेलों का आयात हुआ था जो नवंबर-दिसंबर, 2023 में 21 प्रतिशत घटकर 24,72,276 टन रह गया। पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने की भी आशंका है और देश के बंदरगाहों पर सोयाबीन तेल आने में 40-45 दिन लगते हैं। ऐसी परिस्थिति में विदेशों में खाद्यतेलों के दाम मंदा होने के बावजूद देश के बाजारों पर कोई असर नहीं पड़ा। यह दर्शाता है कि आयात कम होने की वजह से देश में खाद्यतेलों का स्टॉक कम है। सूरजमुखी, सोयाबीन जैसे खाद्यतेलों की आपूर्ति कम है। आगे जाड़े के साथ शादी-विवाह के मौसम की मांग भी बढ़ने वाली है। ऐसे में खाद्यतेलों की आपूर्ति की दिक्कत बढ़ सकती है। इस तरफ ध्यान दिए जाने की जरूरत है। यह स्थिति देशी तेल तिलहन का उत्पादन बढ़ाने की भी जरुरत को रेखांकित करता है। देश की एक प्रमुख तेल कंपनी पामोलीन तेल के 770 ग्राम का पाउच (थैली) 85 रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेच रही है। इसके हिसाब से पामोलीन तेल का भाव 120 रुपये प्रति किलो बैठता है। जबकि पामोलीन का आयात भाव 85 रुपये प्रति किलो ही है। पामोलीन तेल गरीब लोग ज्यादा उपयोग करते हैं और वे इस बढ़ी लागत का बोझ उठाने को मजबूर हो रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि तेल संगठनों को इस पहलू पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ सरकार को भी सिर्फ थोक दाम कम होने पर ध्यान देने के बजाय खुदरा बिक्री मूल्य की भी सुध लेनी होगी। शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन - 5,415-5,465 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,665-6,740 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,350-2,625 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,025 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,710 -1,805 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,710 -1,810 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 10,075 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 9,825 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 8,325 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 7,900 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 8,525रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 9,100 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 8,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,005-5,035 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 4,815-4,855 रुपये प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का)- 4,050 रुपये प्रति क्विंटल।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14.4 फीसदी घटकर 11 महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** टैरिफ वार के बीच शेयर बाजारों में उथल-पुथल के कारण इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मासिक आधार पर 14.4 फीसदी घटकर मार्च, 2025 में 11 महीने के निचले स्तर 25,082.01 करोड़ रुपये पर आ गया। इससे पहले मार्च, 2024 में सबसे कम 22,633 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। गिरावट के बावजूद मार्च लगातार 49वां महीना है, जब इस श्रेणी में निवेश जारी है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, यह लगातार तीसरा महीना है, जब इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में गिरावट आई है। दिसंबर, 2024 में निवेशकों ने इस श्रेणी में 41,156 करोड़ का निवेश किया था, जो जनवरी में घटकर 39,687 करोड़ और फरवरी में 29,303 करोड़ रुपये रह गया।

एसआईपी- चार माह में सबसे कम सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मामूली घटकर मार्च, 2025 में 25,926 करोड़ रह गया। यह नवंबर, 2024 के बाद चार महीने का निचला स्तर है। उस समय एसआईपी में 25,320 करोड़ निवेश आया था। फरवरी, 2025 में यह आंकड़ा 25,999 करोड़ रुपये रहा था।

15 लाख खाते बंद मार्च में एसआईपी खातों की कुल संख्या फरवरी के 8.26 करोड़ से घटकर 8.11 करोड़ रह गई। इसका मतलब है कि बीते महीने करीब 15 लाख एसआईपी खाते बंद हुए।?इस दौरान 40.18 लाख से अधिक नए एसआईपी खाते पंजीकृत भी हुए?हैं।

**फ्लेक्सी कैप फंड में आए सर्वाधिक 5,615 करोड़**

इक्विटी श्रेणियों में फ्लेक्सी कैप फंड में सर्वाधिक 5,615 करोड़ का निवेश आया। स्मॉलकैप फंड में 4,092 करोड़, मिडकैप में 3,439 करोड़ और मल्टीकैप में 2,753 करोड़ का निवेश। लार्ज-मिडकैप में 2,718 करोड़ का निवेश आया। फरवरी में सबसे ज्यादा 5,712 करोड़ का निवेश पाने वाले सेक्टोरल फंड में लोगों ने मार्च में सिर्फ 170 करोड़ रुपये लगाए।

# बंगाल में ममता सरकार के संरक्षण में हो रही हिन्दू विरोधी हिंसा!

**भाजपा ने ममता पर लगाया वक्फ कानून के नाम पर पश्चिम बंगाल को तुष्टिकरण की प्रयोगशाला बनाने का आरोप**

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** संशोधित वक्फ कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल के कई इलाकों से आई हिंसा की खबरों के बीच भाजपा ने प्रदेश की ममता बनर्जी की सरकार पर सूबे में हिन्दू विरोधी हिंसा को प्रोत्साहन एवं संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी ने दलील दी है कि संसद में पारित वक्फसंशोधन विधेयक को देशभर में स्वीकार्यता मिल रही है और जहां कहीं विरोध हो रहा है वह भी शांतिपूर्ण है। लेकिन केवल पश्चिम बंगाल में यह विधेयक सांप्रदायिक राजनीति का हथियार बन गया है जहां धर्म के नाम पर हिंसा को भड़काया जा रहा है। सूबे में वक्फकानून के विरोध में हो रहे प्रदर्शन के पीछे ममता सरकार की मंशा




पर सवाल उठाते हुए भाजपा ने कहा है कि ममता बनर्जी तुष्टिकरण की राजनीति को चरम पर ले जा रही हैं और उन्होंने प्रदेश को तुष्टिकरण की प्रयोगशाला बनाते हुए ऐसा सूबा बना दिया है जहां सरस्वती पूजा, रामनवमी की शोभायात्रा और दुर्गा पूजा जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन में शासन-प्रशासन द्वारा लगातार बाधाएं खड़ी की जाती हैं और हिन्दुओं को अपना पर्व-त्योहार मनाने की इजाजत के लिए अदालत की शरण में जाना पड़ता है। भाजपा की मानें तो जब ममता ने बीते पांच अप्रैल को वक्फविधेयक के खिलाफबयान दिया उसके बाद से ही राज्य में हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ है। ऐसे में पार्टी ने ममता सरकार से स्पष्ट शब्दों में मांग की कि वे हिंसा को तुरंत रोकें, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें और राज्य में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करें।

राजधानी दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय से ममता सरकार के खिलाफ तीखा हमला करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में वक्फसंशोधन विधेयक को लेकर हो रही हिंसा न सिर्फ सुनियोजित है बल्कि ममता बनर्जी सरकार द्वारा प्रायोजित भी है। भंडारी ने इस आरोप का प्रमाण देते हुए उल्लेख किया कि ममता सरकार के मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी खुले मंच से स्वीकार कर चुके हैं कि उनको ममता बनर्जी का फोन आया और वे इस हिंसा से खुश हैं। उन्होंने कहा कि सिद्दीकुल्ला जैसे नेता ममता के निर्देशन, प्रोत्साहन और संरक्षण में भीड़ को उकसा रहे हैं जिससे यह साफहो जाता है कि हिंसा राज्य प्रायोजित है। भंडारी ने बताया कि कोलकाता में जहां स्वामी विवेकानंद का पैतृक घर स्थित है, वहीं भगवा ध्वज को उखाड़ा जाता है और प्रशासन चुप रहता है।

# थाना दिवस पर नौ मामलों का नहीं हुआ निस्तारण

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल नौ मामले राजस्व से संबंधित पड़े। मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका है।



तहसीलदार ने मामलो के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया है। तहसीलदार ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलो को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें और मामले के निस्तारण की आख्या ससमय उपलब्ध कराये मामलो के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक अशोक दूबे, शिव कुमार चौबे, उपनिरीक्षक श्याम लाल, महेंद्र प्रताप यादव लेखपाल मौजूद रहे।

# सेमर का पेड़ काटने पर चार पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** रेंजर ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बंजारी जंगल में सेमर का पेड़ काटने वाले चार लोगों के विरुद्ध शुक्रवार शाम को मुकदमा दर्ज कराया है।दी गई तहरीर में रेंजर वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि शुक्रवार भोर में वाचर द्वारा फोन से सूचना दी गई कि बंजारी वनक्षेत्र के कंपार्टमेंट नंबर तीन में ट्रैक्टर ट्राली लेकर पहुंचे चार लोग सेमर के पेड़ की कटर मशीन से कटाई कर रहे हैं। सूचना पाकर वाचर दिनेश तिवारी के साथ बंजारी जंगल में पहुंचा तो सेमर के पेड़ का कटान करने वाले लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली पर लदवा रहे थे। पेड़ कटाई कर रहे लोगों ने मुझे व वाचर को देखकर जंगल से चले जाने की धमकी देने लगे। मेरे कड़ा रुख अपनाते ही पेड़ कटाई में शामिल बंजारी कलां गांव निवासी विकास सिंह उर्फ छोटू,हर्ष सिंह,शैलेश कहार और ट्रैक्टर चालक परमेश्वर कोल काटे गए पेड़ की लकड़ी को जंगल में छोड़कर ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौके से भाग निकले। रेंजर ने काटी गई लकड़ी को कब्जे में लेकर वनरेंज कार्यालय पर रखवा दिया है। रेंजर की तहरीर पर पुलिस ने चारों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 221,352 व भारतीय वन अधिनियम की धारा 5ध्25 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया वनक्षेत्राधिकारी ड्रमंडगंज की तहरीर पर बंजारी जंगल में पेड़ का कटान करने वाले चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# वारंटी घर से गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढा गाँव से शुक्रवार को सुबह न्यायालय से वारंट जारी होने पर एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थाना क्षेत्र के सोनगढा गाँव निवासी रामसूरति का सिविल जज न्यायालय में पति पत्नी का विवाद चल रहा है। इस मामले में नोटिस के बाद भी उपस्थित नहीं होने पर न्यायालय ने वारंट जारी कर दिया था जिसको उपनिरीक्षक चरण सिंह व हेड कांस्टेबल परवेज ने घर से गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि न्यायालय में उपस्थित न होने पर गैर जमानती वारंट के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# आंधी तूफान से उड़ा आरआरसी सेंटर का टीन शेड, कई का उड़ा सीमेंट का चद्दर

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम आई आंधी तूफान से कई गांव में लोगो के घरों का टीन शेड, सीमेंट शेड उड़ गया खेतो में किसानों के गेहूं के बोझ भी उड़ गए है खेतो में मड़ाई के बाद रखे भूसा भी उड़ गया है। क्षेत्र में आई आंधी तूफान ने तबाही जमकर मचाया है। पीड़ितो ने क्षतिपूर्ति के लिए तहसील प्रशासन का ध्यान आकृष्ठ कराया है। आंधी तूफान से ग्राम पंचायत महोखर में कूड़ा निस्तारण के लिए बनाये गए कूड़ा संग्रहण केंद्र में लगाए गए टीन शेड आंधी में उड़ गया है। जिससे हजारों रूपये की क्षति बताई जा रही है। इसी तरह से परसिया खुर्द गांव मे किशोरी का सीमेंट का चादर उड़ गया। ग्राम प्रधान महोखर ज्ञान बहादुर के घर में लागए गए सीमेंट का चादर भी आंधी से उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गया है। आंधी तूफान से दर्जनों की संख्या में पेड़ भी धरासाई हो गए है। आम के फल भी आंधी से गिरकर बिखर गए है। आंधी तूफान जमकर तबाही मचाया है। पीड़ित ग्राम प्रधान सहित किसानों ने तहसील प्रशासन से आंधी से हुई तबाही का आकलन कराकर क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग किया है।

# कच्चे मकान में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के थोथा गांव में शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणो से कच्चे मकान में आग लग गई। आग लगने से घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने आगजनी से हुई क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए तहसील प्रशासन का ध्यान आकृस्ट कराया है। हलिया थाना क्षेत्र के थोथा गांव निवासी विधवा सीतबिया कच्चे मकान में खाना खाने के बाद चारपाई पर सो गई थी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कालेसर, वि.ख. पिपरौली, गोरखपुर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत **कालेसर** वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM) वि.ख. पिपरौली महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / पंचम राज्य वित्त आयोग / केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्रा.प. में अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट ईंट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग इंट, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सीमेंट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, बेन, पेंट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर शाइन बोर्ड, लोहा शाइन बोर्ड, पौबीसी पाइप, इंडिया मार्का हैंड पंप 2, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हाई मैक्स लाइट, सफाई किट, शौचालय सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17-04-2025 तक अपराह्न 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत **कालेसर** के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी धरोहर की धनराशि रु. 5000.00 (दस हजार रूपये) होगी।

**नियम एवं शर्तें:-** 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है 3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी/एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई बढ़ाई जा सकती है। 8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगा। 9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा 13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **कालेसर** के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **कालेसर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा। 16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत **कालेसर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17. ईंट व ईंट गिट्टी के लिए केवल भट्ठा स्वामी ही निविदा दे सकते हैं 18 बरातघर, अंत्योष्टि स्थल, स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन, इन्टरलाकिंग, सीमेन्ट सीसी खड़ंजा हाई मास्क लाइट आरो प्लांट, ओपन जिम, खेल मैदान, हाइड्रोलिक बैन इत्यादि में।

**ग्राम प्रधान- रेनू यादव**
**ग्राम पंचायत- कालेसर**
**वि.ख.- पिपरौली, गोरखपुर**

**सचिव- दीपशिखा राय**
**ग्राम पंचायत - कालेसर**
**वि.ख.- पिपरौली, गोरखपुर**

# सपा ने मनाया स्वाभिमान-संविधान समारोह





**मिर्जापुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व

## भाजपा कर रही संविधान को कमजोर, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर: देवी प्रसाद चौधरी

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देशानुसार सपा 'स्वाभिमान-संविधान समारोह' पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट भवन पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेता विरोधी दल विधान परिषद लाल बिहारी यादव ने भी बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

इस मौके पर बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनाकर दबे-कुचले और शोषित वर्ग को तरक्की का मौका दिया। नकारात्मक और प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई। इसी से बौखलाए भाजपा सरकार के लोग समय-समय पर बाबा साहेब का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। आज संविधान बचाने की जरूरत है। स्नातक विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने कहा कि संविधान और आरक्षण बचाने के लिए हमें मजबूत होना पड़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान ही संजीवनी है और संविधान ही ढाल है।पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल ने कहा कि संविधान की सुरक्षा से ही सभी का मान-सम्मान और अधिकार सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने स्वमान के महत्व पर प्रकाश डाला।

पूर्व सांसद रमेश चन्द बिन्द ने कहा कि एकता से ही दमनकारी और वर्चस्ववादी ताकतों का संवैधानिक तरीके से मुकाबला किया जा सकता है। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुये पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादवने कहा कि बाबा साहेब सदैव से ऐसे व्यक्तित्व रहें है जिन्होने संविधान बनाकर शोषणात्मक-नाकारात्मक प्रभुत्वावादी सोच पर पाबंदी लगाई थी। इसलिये यह प्रभुत्ववादी हमेशा से बाबा साहेब के खिलाफ रहें है। समारोह का संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया।

समारोह को पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, पूर्व सांसद रमेश बिन्द, पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, आशीष यादव, अशोक यादव,रामराज पटेल,दामोदर मौर्या, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, कीर्ति कोल, रविन्द्र बहादुर सिंह, गिरधारी पटेल, परवेज खान, रोहित शुक्ला 'लल्लू' निराला कोल, राणा प्रताप सिंह, सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, शैलेष पटेल, परवीन बानों, सतीश मिश्रा, रामजी मौर्या, संतोष गोयल,श्याम अचल यादव, वन्दना पटेल, कौशिक कनौजिया, विशाल यादव, संजय यादव, डा0 सुनील पटेल, सुरेश मौर्या, पंकज उपाध्याय, दीपक मौर्या, वन्दना पटेल, आशा गौतम, सुभाष पटेल, श्याम यादव, चन्दन पटेल, मंत्री यादव, दिनेश यादव, महिपाल सिंह, सूर्यकान्त सिंह, सौरभ सिंह, भोला नाथ यादव, जमाल अहमद, दिनेश पटेल, अनीष खान, अरशद अली, मेवालाल प्रजापति, बब्बू चमार, सियाराम जैसल, संगीता देवी, परवीन अंसारी आदि उपस्थित रहें।

# आपसी विवाद में पति-पत्नी ट्रेन के सामने कूदे, पत्नी की मौत, पति घायल

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** आपसी विवाद मेंपति-पत्नी शनिवार को खौफनाक कदम उठातेहुए मालगाड़ी के सामनेकूद गए।जिसमेंट्रेन के टक्कर से पत्नी की मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप सेघायल सीएचसी राजगढ़ मेंले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकत्सिक नेमिर्जापुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस महिला का शव अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया है।वाराणसी जनपद के कजाकपुरा निवासी 24 वर्षीय सानूपाल की शादी लगभग दो वर्षपहले 21 वर्षीय संगीता के साथ हुई। शादीके बाद सोनूअपनी पत्नी संगीता को साथ लेकर राजगढ़ थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर, नई बस्ती मेंपहलेसेघर बनाकर रह रहेअपनेभैया व भाभी के पास आ कर रहनेलगा। कुछ दिनों बाद सानूभी अपनी जमीन खरीद कर घर बना लिया और लगभग एक वर्षसेअपनी पत्नी संगीता के साथ रह रहा था। शनिवार को करीब 10 बजेकिसी बात को लेकर पति-पत्नी मेंविवाद हो गया। विवादइतना बढ़ गया, कि दोनों जान देनेपर अमादा हो गए। तभी उनके घर पीछे रेल लाइन सेगुजर रही मालगाड़ी के सामनेदोनो पतिपत्नी छलांग लगा दिया। मालगाड़ी की चपेट मेंआनेसेसंगीता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि सानूपाल गंभीर रूप सेघायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस, एंबुएंलेंस द्वारा दोनों घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ लेगई। जहांपर चिकित्सक नेपरीक्षण कर संगीता को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप सेजख्मी सानूपाल को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामासेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। पुलिस संगीता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध मेंथानाध्यक्ष महेंद्र पटेल ने बताया कि आपसी विवाद के बाद पत्नी नेट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दियागया है।सानूको बेहतर ईलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर घायल, 12 पशु बरामद

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज स्थानीय थाना क्षेत्र के जयकर खुर्द के जंगल में शनिवार भोर लगभग

## लालगंज सामुदायिक अस्पताल भर्ती कराया जहां दोनों की हालत सामान्य

4 बजे पुलिस व पशु तस्करों के बीच हुए मुठभेड़ में दो पशु तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घायल पशु तस्करों को हिरास में लेकर पुलिस लालगंज सामुदायिक अस्पताल भर्ती कराया जहां दोनों की हालत सामान्य है। पुलिस ने पशु तस्करों के पास सेदो तमंचा, खोखा और जिंदा कारतूस और 12 पशु बरामद किया है। इस कार्रवाई को लालगंज पुलिस, एसओजी, सर्विलांस संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहेअभियान मेंअपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओपी सिंह, क्षेत्राधिकारी लालगंज थानाध्यक्ष, एसओजी व सर्विलास की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। मुठभेड़ मेंआकाश गुप्ता पुत्र सुरेंद्र गुप्ता निवासी सत्तनपुर रईसी थाना जंसा वाराणसी, मनीष यादव उर्फ मगरू यादव पुत्र राकेश यादव निवासी गंज ख्वाजा जंसों की मड़इ अलीनगर चंदौली को गिरफ्तार किया गया। आकाश के बाएं व मनीष यादव के दाहिनेपैर में गोली लगीहै। अभियुक्तों के कब्जेसे12 गोवंश, दो अवैध तमंचा 315 बोर, दो खोखा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। लालगंज थाने में अभियोग पंजीकृत करपुलिस कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम मेंथाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक एसओजी राजीव कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मानवेंद्र सिंह प्रभारी सर्विलांस व पुलिस टीम में शामिल थे।

# जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर गैंगस्टर का मकान कुर्क

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मऊ थाना कोतवाली नगर से सम्बन्धित गैंगेस्टर एक्ट आदि से संबंधित अभियुक्त बदरुदीन खान पुत्र मंसूर अली निवासी मुंशीपुरा नई बस्ती भाई के ट्युबेल के बाद थाना कोतवाली नगर क्षेत्र मुंशीपुरा बेलाल मस्जिद के पीछे विधि की स्थापित प्रक्रिया के विपरीत अपराध से अर्जित अवैध धन से निर्माणाधीन मकान संख्या 39/4ए कीमत 15.70 लाख को थाना दक्षिण टोला द्वारा अन्तर्गत धारा 14 (1) गैंगेस्टर एक्ट में कुर्क किया गया।पुलिस अधीक्षक इलामारन जी जनपद मऊ द्वारा अपराधियों को



विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री तथा क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल निर्देशन में यह कार्यवाही की गई।पुलिस द्वारा बताया गया कि थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ द्वारा अपराध से अर्जित अवैध धन से मुहल्ला मुंशीपुरा बेलाल मस्जिद के पीछे खुद के हिस्से के मकान संख्या 39/4ए का पुर्ननिर्माण तथा एक मजिल निर्मित तथा दुसरी निर्माणाधीन मंजिल का निर्माण किया गया है। उक्त मकान को धारा 14 (1) गैंगेस्टर एक्ट के तहत कुर्क करने हेतु जिलाधिकारी मऊ वाद संख्या 589/2025 कम्प्यूटरीकृत बाद संख्या 02025155 10000589 में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्राप्त था जिसे क्षेत्राधिकारी नगर व नायब तहसीलदार सदर मय राजस्व टीम की मौजूदगी में प्रभारी निरीक्षक दक्षिण टोला धर्मेन्द्र कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार मुनादी कराते हुए कुर्क किया गया तथा उक कुर्क शुदा मकान के सामने आदेश का बोर्ड लगाया गया। पुलिस द्वारा बताया गया कि बदरुद्दीन खान पुत्र मंसूर अली निवासी मुंशीपुरा नई बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ एक आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है।

# जागरूकता रैली निकाली

**शाहगंज जौनपुर।** शनिवार को नगर के सुल्तानपुर बाईपास स्थित वेदान्ता हास्पिटल के बैनर तले डाक्टर हिमांशू चित्रवंशी के नेतृत्व में सूगर जागरूकता रैली निकाली गईरैली मेंवेदान्ता हास्पिटल के डॉक्टर्स और स्टाफ दो पहिया वाहन पर सवार होकर पूरे नगर का भर्मण करते हुए आसपास के गॉवों में भी गए जहां लोगों को सूगर से सम्बंधित बीमारियों से बचाव और सावधानियों के बारे में जागरूक किया।

**कार्यालय ग्रा0पं0 - सड़वा वि0ख0 - हैदरगढ़ जनपद- बाराबंकी**

पत्रांक- मेमो/ग्रा.पं.मनरेगा/राज्य वित्त/15 वां वित्त/2025-26 दिनांक 11.04.2025

**वार्षिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सड़वा, विकास खण्ड-हैदरगढ़ में मनरेगा/राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज-2 (एस. एल. डब्लू. एम) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्तकालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण, अमृत सरोवर सौंदर्यीकरण, सीमेंटेड बेंच, अन्नपूर्णा गोदाम निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यो हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईट प्रथम श्रेणी, सीधा खंजड़ ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, बायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्पूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2025-26 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 12.04.2025 से 17.04.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत-सड़वा में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र के साथ बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 18.04.2025 को कमेटी द्वारा अपराह्न 2 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**नियम/शर्ते**

1. आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
2. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी।
3. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
4. ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यों के अनुसार फर्मो द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा।
5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है।
6. निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
7. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा।
8. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
9. आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

**किस्मता**
**ग्राम प्रधान**

**चंद्र भानु पांडे**
**ग्राम पंचायत सचिव**

**ग्राम पंचायत सड़वा, विकास खंड-हैदरगढ़, जनपद- बाराबंकी**

# श्रमिक हाई टेंशन तार की चपेट में आने से झुलसा, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हर्रा गांव निवासी एक व्यक्ति पिकअप के डाला पर खड़ा होकर भूसा लादने जा रहा था। रास्ते में ग्यारह वोल्टेज का हाई टेंशन तार ढीला होने के कारण शरीर में छूने से श्रमिक झुलस गया। उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है। हर्रा गांव निवासी रामदेव का बेटा छोटू (16) एक पिकअप गाड़ी के डाले में खड़े होकर भूसा लादने के लिए जा रहा था। जैसे ही हर्रा गांव के धवनिया मौर्या बस्ती के पास पहुंचा कि उपर से गुजर रहा ग्यारह वोल्टेज का हाई टेंशन तार उसके दाहिने अंग में टच कर गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी होने पर उसी गाड़ी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक हर्षवर्धन ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। परिजन निजी साधन से मंडलीय चिकित्सालय लेकर चले गए।

# धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के पुराना थाना के सामने स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया मंदिर को फूल मालाओ से विधिवत सजाया गया था। हनुमान मंदिर पुजारी भीम दत्त त्रिपाठी के निर्देश पर मंदिर पर भक्तों द्वारा सुन्दर कांड पाठ, हनुमान चालीस पाठ भव्य दीपोत्सव एवं सामूहिक दिव्य महा आरती का आयोजन किया। मंदिर परिसर में डीजे गाजा बाजा रथ की व्यवस्था किया गया था। हनुमान गीत पर भक्त थरकते नजर आये। सुरक्षा व्यवस्था में हलिया पुलिस भारी फोर्स के साथ मौजूद रही। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिससे कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना होने पाए कार्यक्रम शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया है। इसी प्रकार सिकटा हनुमान मंदिर व महोखर हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# यूक्रेन पर ट्रंप-पुतिन की जल्द हो सकती है भेंट



**मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रूस के शहर सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर

### अमेरिकी दूत ने की रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात

पुतिन से मुलाकात की है। रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने बताया है कि मुलाकात में यूक्रेन की स्थिति पर विचार हुआ और वहां पर शांति स्थापित करने के तरीकों पर चर्चा हुई। इस दौरान ट्रंप और पुतिन की मुलाकात के कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। उधर, वाशिंगटन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यूक्रेन में युद्धविराम पर रूस तेजी से काम कर रहा है। पुतिन से मुलाकात से पहले विटकॉफ की पीटर्सबर्ग में पुतिन के निवेश मामलों के दूत किरिल दिमित्रिएव के साथ वार्ता हुई। इसके बाद विटकॉफ ने राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। विटकॉफ अमेरिका और रूस के संबंधों को पटरी पर लाने के सिलसिले में अहम व्यक्ति बनकर उभरे हैं। ट्रंप के विश्वासपात्र के रूप में वह रूस के साथ ही यूक्रेन के भी संपर्क में हैं। लेकिन उनकी रूस यात्रा से किसी बड़े परिणाम की उम्मीद नहीं की जा रही है। ट्रंप के दूत के रूप में विटकॉफ की पुतिन से यह तीसरी मुलाकात थी। यह मुलाकात सीरिया से रूस समर्थित असद सरकार के गिरने, रूस समर्थित ईरान के अमेरिका के साथ तनाव, अमेरिका-चीन के बीच जारी ट्रेड वार और यूक्रेन युद्ध के बीच हुई है।

जाहिर है इसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने हित के लिए बातें की होंगी लेकिन अभी वे बातें सार्वजनिक नहीं हुई हैं। विटकाफ शनिवार को ओमान जाएंगे। वहां पर वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उससे जुड़े खतरों पर चर्चा करेंगे।

## ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन और लैपटॉप को टैरिफ से दी छूट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ खास इलेक्ट्रॉनिक सामानों को परस्पर शुल्क से छूट दी जाएगी। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप और कुछ अन्य तकनीकी उपकरण शामिल हैं। इस फैसले से आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है, क्योंकि इन वस्तुओं की कीमतें बढ़ने की आशंका अब कम हो गई है।

किन चीजों को मिलेगी छूट?

अमेरिकी कस्टम और बॉर्डर प्रोटेक्शन विभाग के अनुसार, कई वस्तुओं को टैरिफ से छूट दी गई है। स्मार्टफोन, लैपटॉप, सेमीकंडक्टर बनाने वाली मशीनें, फ्लैट-पैनल मॉनिटर (जैसे एलईडी स्क्रीन)

# निर्वासन के खिलाफ अपील करेगा इजरायल विरोधी खलील

**वॉशिंगटन।** बीते साल कोलंबिया विश्वविद्यालय में इजरायल विरोधी और फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले महमूद

### कोलंबिया विश्वविद्यालय में विरोध का मामला

खलील को निर्वासित करने का आदेश दे दिया गया है। अब महमूद खलील के वकील ने कहा है कि वे इस आदेश को चुनौती देंगे। संघीय अप्रवासन एजेंट्स ने बीते महीने महमूद खलील को हिरासत में लिया था। उल्लेखनीय है कि महमूद खलील अमेरिका का नागरिक है और उसकी



पत्नी, जो गर्भवती है, वह भी अमेरिकी नागरिक है। हिरासत में लिए जाने के बाद महमूद खलील को कोलंबिया से हजारों मील दूर लुइसियाना के जेना में स्थित हिरासत केंद्र में रखा गया है। खलील कोलंबिया यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय मामलों का छात्र है। बीते साल जब कोलंबिया यूनिवर्सिटी में गाजा के समर्थन में विरोध प्रदर्शन हुए तो महमूद खलील ने ही इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रशासनिक ब्लॉक पर कब्जा कर लिया था। जिसके चलते खासा हंगामा हुआ था और पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी थी। प्रदर्शन के दौरान महमूद खलील ने अपना चेहरा नहीं छिपाया और मीडिया से भी बात की, जिससे वह ट्रंप प्रशासन के निशाने पर आ गया।

# ट्रंप ने टैरिफ वॉर से करीबियों को पहुंचाया फायदा?

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसे कई फैसले लिए हैं, जिनसे

### अमेरिका में उठी जांच की मांग

वैश्विक और अमेरिका के शेयर मार्केट का माहौल काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा है। ट्रंप के टैरिफ की घोषणा के बाद मार्केट में काफी गिरावट देखी गई थी लेकिन जैसे ही ट्रंप ने ट्रैरिफ पर रोक की घोषणा की उससे मार्केट ने ऐतिहासिक बढ़त हासिल की। इससे कई निवेशकों के पैसे डूबे हैं तो कई लोगों ने बिलियन्स डॉलर कमाए भी हैं। अब अमेरिका में कुछ सीनेटरों ने मिलकर मार्केट के इसी उतार-चढ़ाव को लेकर सवाल उठाया है कि क्या ट्रंप ने जानबूझकर ऐसा किया, जिससे उनके करीबी लोगों को फायदा हो सके। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी सीनेटरों ने मिलकर देश के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन से राष्ट्रपति के करीबी और व्हाइट हाउस के अंदरूनी लोगों के शेयर्स की जांच करने का आग्रह किया है। सीनेटरों ने इस पत्र में शेयरों की जांच के अलावा यह भी पता लगाने को कहा गया है कि क्या टैरिफ पर रोक की घोषणा से पहले राष्ट्रपति के परिवार या उनके किसी दोस्त को इसके बारे में जानकारी थी या नहीं... क्योंकि अगर ऐसा है तो उन्हें निश्चित तौर पर ही मार्केट में आने वाले उतार चढ़ाव का अंदाजा हो गया होगा।

## फ्लोरिडा में विमान हादसा, तीन मरे

**फ्लोरिडा।** न्यूयॉर्क में हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद आज फिर दक्षिण फ्लोरिडा के बोका रैटन में प्रमुख राजमार्ग के पास छोटा विमान सेसना 310 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बारे में बोका रैटन फायर रेस्क्यू के सहायक प्रमुख माइकल लासेल ने जानकारी देते हुए कहा कि विमान दुर्घटना में सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई। जब विमान जमीन पर गिरा तो उसमें आग का गोला निकला, जिससे पास की कार में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। यह विमान बोका रैटन हवाई अड्डे से तल्हासी के लिए रवाना होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# कनाडा के पीएम पर भड़के नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कनाडा के समकक्ष कार्नी को गाजा में इजरायली सेना के नरसंहार वाले एक बयान पर सहमति जताने के लिए जमकर

### गाजा में 'नरसंहार' वाले बयान पर जमकर सुनाया

खरी-खोटी सुनाई है। इजरायली प्रधानमंत्री का यह बयान कार्नी के उस वीडियो के जवाब में आया है, जिसमें एक कार्नी की एक चुनावी रैली के दौरान एक प्रदर्शनकारी चिल्लाते हुए कहता है कि वहां फिलिस्तीन में इजरायली सेना नरसंहार कर रही है। इस पर कार्नी पलटकर जवाब देते हुए कहते हैं कि धन्यवाद.. हां मुझे मालूम है कि वहां




क्या हो रहा है, इसलिए हमने हथियारों की बिक्री पर रोक लगाई है। कनाडाई प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद मीडिया में अटकलबाजी शुरू हो गई। रैली के बाद जब मीडिया ने कनाडाई पीएम कार्नी से इस बारे में सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि मैंने 'नरसंहार' शब्द नहीं सुना था। मैं बस इजरायल के संबंध में अपने हथियारों की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के बारे में ही बता रहा था। पीएम कार्नी ने भले ही इस पर सफाई दे दी लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

## एक नज़र

### पाकिस्तान में 5.8 तीव्रता का जोरदार भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में भी लोगों ने धरती में कंपन की शिकायत की। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई, जिसका केंद्र पाकिस्तान में 33.63 डिग्री उत्तर अक्षांश और 72.46 डिग्री पूर्व देशांतर पर 12 किलोमीटर की गहराई पर था। रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप के जोरदार झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से निकलकर बाहर की ओर भागने लगे। अभी तक जान के नुकसान या संपत्ति को क्षति की कोई खबर नहीं है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार, दोपहर करीब 12ः31 बजे देश में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में जमीन के 12 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप पंजाब के अटक, चकवाल, मियांवाली जिलों और आसपास के इलाकों में महसूस किया गया। भूकंप के झटके पेशावर, मर्दन, मोहमंद और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शबकदर में भी महसूस हुए। पाकिस्तान में अक्सर अलग-अलग तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं। सबसे घातक भूकंप 2005 में आया था, जिसमें 74000 से अधिक लोग मारे गए थे।

### गूगल ने अपनी टीमों से सैकड़ों लोगों को निकाला

**न्यूयॉर्क।** टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल ने अपने प्लेटफॉर्म व डिवाइस विभाग से सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। जिन विभागों से कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है उसमें एंड्रॉयड सॉफ्टवेयर, पिक्सल स्मार्टफोन और क्रोम ब्राउज़र के कर्मचारी शामिल है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब कंपनी ने हाल ही में अपने श्रमिकों को स्वैच्छिक खरीद की पेशकश की थी, जो संगठन में बड़े बदलावों की ओर इशारा करती है। यह बदलाव कंपनी की रणनीति और भविष्य की योजनाओं को दर्शाता है। द इन्फॉर्मेशन के अनुसार, गूगल के प्रवक्ता ने कहा है कि छंटनी कंपनी को अधिक कुशल और लचीला बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। यह बदलाव कंपनी को बेहतर ढंग से काम करने में मदद करने के लिए किया जा रहा है। यह बदलाव पिछले साल प्लेटफॉर्म और डिवाइस टीमों को मिलाने के बाद किया गया है, जिसका उद्देश्य काम को अधिक सुव्यवस्थित और कुशल बनाना है। रिपोर्ट की मानें तो इस प्रयास के जरिए पहले की गई स्वैच्छिक निकासी कार्यक्रम के अतिरिक्त कुछ नौकरियों में कटौती हुई है।

### रूस के प्रायद्वीप पर फटा ज्वालामुखी

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर स्थित बेज़ीमियानी ज्वालामुखी शनिवार को तड़के फट गया, जिससे 4,000 मीटर तक की ऊंचाई तक राख का गुबार आसमान में फैल गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूसी विज्ञान अकादमी की सुदूर पूर्वी शाखा के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान ने अपने टेलीग्राम चैनल के माध्यम से बताया कि राख का गुबार ज्वालामुखी के उत्तर-उत्तर-पूर्व में लगभग 90 किलोमीटर तक फैल गया, जिससे क्षेत्रीय हवाई यातायात के लिए संभावित खतरा पैदा हो गया। यह विस्फोट कई महीनों से बढ़ रही ज्वालामुखी गतिविधि के बाद हुआ है, जिसमें पिछले 24 घंटों में क्षेत्र में 180 से अधिक भूकंप दर्ज किए गए हैं। वैज्ञानिक स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे है। यह विस्फोट 11 अप्रैल, 2023 को हुए शक्तिशाली विस्फोट के लगभग दो साल बाद हुआ है, जिसने उस्त-कामचत्स्की जिले में जीवन को बुरी तरह से बाधित कर दिया था। विशेषज्ञ अब चेतावनी दे रहे हैं कि मौजूदा विस्फोट और भी तीव्र हो सकता है, जिससे राख का उत्सर्जन समुद्र तल से 15,000 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने की संभावना है।

### एमपी में वाहन पलटने से चार मरे

**झाबुआ।** मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में एक 'एमयूवी' वाहन के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना शुक्रवार रात 10 बजे जिला मुख्यालय से करीब 48 किलोमीटर दूर बोलासा गांव के पास हुई। उन्होंने कहा, एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हैं। उनमें दो की हालत गंभीर है। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## ट्रंप ने कराई वार्षिक शारीरिक जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्षिक शारीरिक जांच कराई और कहा कि उनका स्वास्थ्य अच्छा है। जनवरी में 78 वर्ष की आयु में अमेरिकी इतिहास के सबसे बुजुर्ग राष्ट्रपति बनने वाले ट्रंप जांच के लिए लगभग पांच घंटे तक वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में रहे। उन्होंने कहा, मैं काफी समय वहां था। मुझे लगता है कि मेरा स्वास्थ्य काफी अच्छा है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की शारीरिक व मानसिक क्षमता पर लंबे समय से सवाल उठाने के बावजूद, ट्रंप अपने स्वास्थ्य के बारे में बुनियादी तथ्यों को लंबे समय से गुप्त रखते आए हैं।

# तनातनी : यूक्रेन के साथ आए यूरोपीय देश

**ब्रुसेल्स।** अमेरिका की मध्यस्थता के बावजूद रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम समझौता नहीं हो पा रहा है। रूस की तरफ अमेरिका के बढ़ते झुकाव को देखते हुए यूरोपीय देश यूक्रेन के

### अरबों यूरो की देंगे सैन्य मदद

समर्थन में उतर आए हैं। यूरोपीय देशों ने रूस का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन को सैन्य सहायता देने की तैयारी की है।

ब्रुसेल्स में हुई बैठक में यूरोपीय देशों ने यूक्रेन की मदद के लिए 21 अरब यूरो की सैन्य सहायता देने का एलान किया। उधर, अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने युद्ध विराम को लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। यूरोपीय सरकारों ने पुतिन पर युद्ध विराम के अपने कदम



पीछे खींचने का आरोप लगाया है।

यूक्रेन समर्थित देशों की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद ब्रिटिश रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा कि कुल 21 बिलियन यूरो (.24 बिलियन) से अधिक हैं। यह यूक्रेन के लिए सैन्य निधि में एक रिकॉर्ड वृद्धि है। हम समर्थन को अग्रिम पंक्ति की लड़ाई में भी बढ़ा रहे हैं। हालांकि यूक्रेन ने कहा कि पहले भी कुछ देश ऐसे सम्मेलनों में पुराने प्रस्तावों को दोहरा चुके हैं, लेकिन वादे के अनुसार हथियार और गोला-बारूद नहीं देते।

नाटो महासचिव मार्क रूटे ने पिछले सप्ताह कहा था कि यूक्रेन के समर्थकों ने इस वर्ष के पहले तीन महीनों में अब तक लगभग 21 बिलियन डॉलर प्रदान किए हैं। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि 26 बिलियन डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई गई है। नाटो मुख्यालय में हुई बैठक में यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने कहा कि एक महत्वपूर्ण मुद्दा उनके देश की हवाई सुरक्षा को मजबूत करना है। उन्होंने बैठक को उत्पादक, प्रभावी और कुशल बताया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को अब तक की सबसे बड़ी सहायता मिल रही है। हम प्रत्येक राष्ट्र के आभारी हैं जिन्होंने यह सहायता प्रदान की है।

### ये देश करेंगे मदद

जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने कहा कि उनका देश यूक्रेन को चार ढ्ढ्रिह्व-ञ्ज शॉर्ट-टू-मीडियम-रेंज सिस्टम मिसाइलों के साथ, साथ ही पैट्रियट बैटरी पर उपयोग के लिए 30 मिसाइलें प्रदान करेगा। नीदरलैंड एक हॉकआई वायु रक्षा प्रणाली, एक हवाई प्रारंभिक चेतावनी विमान देगा। एस्टोनियाई रक्षा मंत्री हनो पेवकुर ने कहा कि उनका देश विश्व आयुध बाजार की निगरानी कर रहा है और यूक्रेन के समर्थकों के लिए अधिक हथियार और गोला-बारूद खरीदने पर जोर दे रहा है। पेवकुर ने कहा कि पुतिन नौ मई तक यूक्रेन के साथ किसी तरह के समझौते पर पहुंचने की कोशिश कर सकते हैं। अब कीव की स्थिति को मजबूत करना और भी महत्वपूर्ण है। इसलिए हमें जितनी जल्दी हो सके डिलीवरी में तेजी लाने की जरूरत है।

# जंग खत्म न हुई तो तीन हिस्सों में बंट जाएगा यूक्रेन

**कीव।** कीव में अमेरिका के राजदूत ने कहा है कि अगर यूक्रेन शांतिवार्ता के लिए नहीं तैयार होता है तो एक दिन आएगा जब यह देश तीन हिस्सों में बंट जाएगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन का एक हिस्सा ब्रिटेन के नियंत्रण में

### अमेरिका ने यूक्रेन को दिलाई दूसरे विश्वयुद्ध की याद

तो दूसरा फ्रांस के नियंत्रण में होगा। वहीं तीसरा पूर्वी हिस्सा रूस के कब्जे में होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका न तो अपनी कोई फौज यूक्रेन में उतारेगा और न ही कब्जा करेगा। दूसरे विश्वयुद्ध की याद दिलाते हुए जनरल केथ केलोग ने कहा कि जिस तरह से बर्लिन तीन



हिस्सों में बंट गया था। एक पर ब्रिटेन का, दूसरे हिस्से पर फ्रांस का और तीसरे हिस्से पर रूस का नियंत्रण हो गया था। वही हश्र यूक्रेन का भी हो सकता है।

बता दें कि इस बार यूक्रेनी राष्ट्रपति वालोदिमीर जेलेंस्की के अमेरिका दौरे के बाद से ही डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की के बीच तनातनी चल रही है। डोनाल्ड ट्रंप डरा-धमकाकर किसी भी तरह जेलेंस्की से मिनरल डील पर साइन करवाना चाहते थे। लेकिन जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप की भी एक न सुनी। ओवल हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दोनों नेताओं में तीखी नोकझोंक भी हो गई थी। उधर, अमेरिका के हाथ खींचने के बाद ब्रिटेन और नॉर्वे ने यूक्रेन को एंटी टैंक माइन, रडार और ड्रोन के लिए 450 मिलियन पाउंड देने का ऐलान किया है।

## ऑस्ट्रेलिया के भारतीय दूतावास में तोड़फोड़

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास में गुरुवार को तोड़फोड़ की गई, 344 सेंट किल्डा रोड पर स्थित वाणिज्य दूतावास भवन के सामने के प्रवेश द्वार पर भित्तिचित्र पाए गए। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने इस मुद्दे को उठाया और एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा मेलबर्न में भारत के महावाणिज्य दूतावास के परिसर में उपद्रवियों द्वारा की गई तोड़फोड़ की घटना को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। देश में भारतीय राजनयिक और वाणिज्य दूतावास परिसर और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# भारतीय मूल के अमेरिकी नेता पर जुआ और सट्टेबाजी गिरोह चलाने का आरोप

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के एक अमेरिकी नेता पर जुए और सट्टेबाजी का गिरोह चलाने का आरोप लगा है। इसके चलते भारतवंशी नेता समेत कुल 39 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि इन लोगों ने जुए और सट्टेबाजी से 30 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की कमाई की है। न्यूजर्सी के अटॉर्नी जनरल मैथ्यू प्लैटकिन ने बताया कि आनंद शाह (42 वर्षीय) प्रॉस्पेक्ट पार्क, न्यू जर्सी के पार्षद और व्यवसायी हैं। आरोप है कि आनंद शाह ने संगठित अपराध गिरोह के साथ मिलकर अवैध पोकर गेम और ऑनलाइन स्पोर्ट्सबुक का अवैध धंधा संचालित किया। शाह समेत 39 लोगों पर इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तरी जर्सी में 12 स्थानों पर रैकेट चलाने, जुआ अपराध, धन शोधन और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। आरोपियों में फ्लोरिडा के लॉन्गवुड के भारतीय मूल के समीर नादकर्णी (48 वर्षीय) भी शामिल हैं। पुलिस संगठित अपराध गिरोह चलाने वाले लुचेसी अपराध परिवार की जांच कर रही थी। इस जांच के दौरान ही पुलिस ने 9 अप्रैल को टोटोवा, गारफील्ड और वुडलैंड पार्क में चार पोकर क्लबों की तलाशी ली गई, जिसमें इस अपराध का खुलासा हुआ।

# 'बस इतना सा ख्वाब' शो अलविदा

अपनी दिल छू लेने वाली प्रेरणादायक कहानी के साथ दर्शकों का दिल जीतने के बाद पॉपुलर फिक्शन शो 'बस इतना सा ख्वाब', अब 13 अप्रैल को दर्शकों से विदा लेने जा रहा है। यह शो कानपुर की एक समर्पित गृहिणी, अवनी त्रिवेदी (राजश्री ठाकुर) के बेमिसाल सफर को दर्शाता है, जिसने समाज की सीमाओं को तोड़कर अपने परिवार के सपनों के लिए एक नई राह पर चलने की हिम्मत दिखाई। राजश्री ठाकुर, योगेन्द्र विक्रम सिंह, भूमिका गुरुंग, छवि पांडे और ईशा धीरवानी जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की अदाकारी से सजी इस कहानी ने दर्शकों को हर मोड़ पर बांधे रखा। शो अपनी लोकप्रियता के शिखर पर खत्म हो रहा है, जहां अवनी का परिवार सालों बाद एक हो जाता है और तमन्ना को उसके गुनाहों की सज़ा मिलती है। अवनी का किरदार निभाने वालीं राजश्री ठाकुर ने शो के इस भावुक सफर पर कहा, ''बस इतना सा ख्वाब का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद भावुक और



संतोषजनक अनुभव रहा। यह शो जिस ऊंचाई पर खत्म हो रहा है, हमने बिल्कुल वैसा ही सोचा था। इससे ज्यादा खूबसूरत विदाई नहीं हो सकती थी। अवनी का किरदार मेरे करियर के सबसे यादगार किरदारों में से एक रहा, जिसमें मैंने दिल और जान लगाई। दर्शकों का जो प्यार और समर्थन मिला, वो मेरे लिए सबसे बड़ा इनाम है। यह शो सिर्फएक कहानी नहीं थी, बल्कि संघर्ष, प्यार और खुद की तलाश का एक प्रेरणादायक सफर था।'' योगेन्द्र विक्रम सिंह, जिन्होंने शिखर का भावुक किरदार निभाया, ने भी दिल से आभार जताते हुए कहा, ''बस इतना सा ख्वाब, मेरे लिए एक रोलरकोस्टर जैसा रहा - हर पल खास, हर दृश्य यादगार। शिखर जैसे किरदार को निभाना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी, जिसमें मुझे जज़्बातों की गहराई भी मिली और सेट पर हंसी-खुशी का साथ भी। प्रोड्यूसर्स ने मुझ पर जो विश्वास जताया, उसके लिए मैं बेहद आभारी हूं। इस शो ने मुझे सिर्फएक किरदार नहीं दिया, बल्कि एक परिवार भी दिया।''

छोटा पर्दा

# पुराने साथियों के साथ मनाया जन्मदिन

मोस्ट पॉपुलर शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश की भूमिका निभा रहीं सपना सिकरवार ने हाल ही में अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने अपने प्रियजनों के साथ बड़े ही मजेदार तरीके से बर्थडे सेलिब्रेट कियाा। इस जश्न में उनके करीबी परिजन, प्यारे दोस्त, पुराने सहयोगी और मौजूदा साथी कलाकार भी मौजूद थे। उन सभी ने मिलकर इस मौके को यादगार बना दिया! इस बारे में सपना सिकरवार ऊर्फबिमलेश ने कहा, ''यह बर्थडे मेरे लिये वाकई जादुई था। मैं अपने परिवार के साथ सुकून से बैठकर डिनर करना चाहती थी, लेकिन मुझे पता नहीं था कि गुपचुप तरीके से एक धमाकेदार जश्न मेरा इंतजार कर रहा है। जब मैं वेन्यू पर पहुँची, तब देखकर दंग रह गई!



मेरे पति, बेटी मान्या और 'हप्पू की उलटन पलटन' की पूरी टीम पहले से वहाँ थी। उनके साथ किकू शारदा, कविता कौशिक, गोपी बल्ला जैसे इंडस्ट्री से जुड़े मेरे कुछ सबसे पुराने और प्यारे दोस्त भी थे, मेरे पिछले शोज में साथ काम कर चुके कई दूसरे लोग भी वहां थे। यह मिलन बड़ा ही खूबसूरत था और हम खूब हंसे, एक-दूसरे से गले मिले और हमने बहुत मस्ती की। उन्होंने आगे कहा, ''वह रात मेरे लिये यादगार बन गई। हमने जमकर डांस किया, गाने गाये और कई सारी तस्वीरें ली और वीडियो भी बनाए! सबको पता है कि मुझे रील्स बनाना कितना पसंद है और हमने फेटो कॉर्नर्स और मजेदार प्रॉप्स का लुत्फ लिया। मेरी बेटी मान्या तो पार्टी की जान बन गई। वह पूरे जोश के साथ इधर-उधर दौड़ रही थी। मुझे सबसे अच्छा लगा उसके और अपने पति के साथ केक काटना। इससे बढ़िया कुछ हो ही नहीं सकता था।''


## बाजार दर्पण

